www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु




बिलासपुर, मंगलवार, 7 नवम्बर 2023 । वर्ष – 33 । अंक – 189 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु

मप्र में प्रियंका गांधी ने आदिवासियों को साधा पृष्ठ 3
■ जाति गणना: संघ-भाजपा की दुरंगी नीति
■ पाकिस्तानी सेना की चाह- पूर्व पीएम नवाज शरीफ चुनाव लड़ें और जीतें पृष्ठ 4
■ यहूदी-अरब संगठनों ने गजा में शांति का आह्वान किया
■ ईरान के शीर्ष नेता ने हमास नेता से की मुलाकात, जताया समर्थन पृष्ठ 9
मेरे लिए अपने हीरो सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी करना बड़े सम्मान की बात : विराट पृष्ठ 10




# पहले चरण में आज 20 विस सीटों के लिए मतदान

## विस चुनाव 2023 223 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे 40 लाख 78 हजार मतदाता



**रायपुर**, 6 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 7 नवम्बर को होने वाले प्रथम चरण के मतदान के लिए आज प्रचार का शोर थम गया। प्रथम चरण में 7 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए आज दूरस्थ मतदान केंद्रों के मतदान दलों को रवाना किया गया। इनमें कई मतदान दलों को हेलिकॉप्टर से रवाना किया गया है। प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 223 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं जिनमें 198 पुरूष तथा 25 महिला हैं।

प्रथम चरण के मतदान के दौरान प्रदेश के 40 लाख 78 हजार 681 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 19 लाख 93 हजार 937 पुरुष मतदाता, 20 लाख 84 हजार 675 महिला मतदाता तथा 69 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। सुगम मतदान सुनिश्चित करने के लिए कुल 5304 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 200 संगवारी मतदान केंद्र हैं जहां सिर्फ महिला मतदान कर्मी ही पदस्थ रहेंगी।

प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में से दस विधानसभा क्षेत्रों में सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक तथा दस विधानसभा क्षेत्रों में सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इनमें पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्रों में सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। वहीं मोहला-मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा क्षेत्रों में सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक वोट डाले जाएंगे।

राज्य में प्रथम चरण में मतदान वाले अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 13, भानुप्रतापपुर में 14, कांकेर में 9, केशकाल में 10, कोंडागांव में 8, नारायणपुर में 9, बस्तर में 8, जगदलपुर में 11, चित्रकोट में 7, दंतेवाड़ा में 7, बीजापुर में 8 , कोंटा में 8, खैरागढ़ में 11, डोंगरगढ़ में 10, राजनांदगांव में 29, डोंगरगांव में 12, खुज्जी में 10, मोहला-मानपुर में 9, कवर्धा में 16 तथा पंडरिया में 14 अभ्यर्थी निर्वाचन में भाग ले रहे हैं।

# ईडी-भाजपा में बढ़िया संबंध, दोनों मिलकर महादेव एप वालों को बचा रहे : भूपेश

**रायपुर**, 6 नवम्बर (देशबन्धु) ।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महादेव एप को लेकर भाजपा और ईडी पर गंभीर आरोप लगाए हैं।उन्होंने कहा 17 तारीख तक कुछ ना कुछ आता रहेगा, जब तक मतदान नहीं होगा ।ईडी और भाजपा मिलकर महादेव एप वालों को बचा रहे हैं ।अभी भी सट्टा एप बंद नही हुआ है।वीडियो भाजपा ने जारी किया और प्रेस नोट ई डी ने जारी किया ।दोनों में बढ़िया संबंध हैं।ई डी और भाजपा की मिली भगत स्पष्ट हो गया है।

भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा हार मान चुकी है ।ईडी प्रमुख भूमिका निभा रही है। जो पकड़ा गया वो भाजपा का करीबी है, जो गाड़ी पकड़ी गई वो भी भाजपा के नेता की गाड़ी है ।अभी तक सौरभ चंद्राकर और रवि



■ 17 तारीख तक कुछ ना कुछ आता रहेगा, जब तक मतदान नहीं होगा

उत्पल को मुख्य आरोपी मान रहे थे।

भूपेश बघेल ने कहा, आरोप लगाना हैं मैं भी लगा देता हूं ।ईडी और बीजेपी मिलकर महादेव एप वालों को बचा रहे हैं ।दो साल से इसकी जांच चल रही है। भाजपा की मंशा इसे बंद कराने की नहीं है ।इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। जब तक ऑनलाइन बैटिंग बंद नहीं होगी, तब तक कुछ नहीं होगा। हमने 3 से 4 हजार फर्जी बैंक अकाउंट बंद कराए हैं। भूपेश बघेल ने आगे कहा, इन सबसे भाजपा को राजनीतिक लाभ मिल रहा है ।जब तक ऑनलाइन बैटिंग बंद नहीं होगा यह सब बंद नहीं हो सकता है। केंद्र सरकार को इन सब को बंद करना चाहिए। भाजपा को छत्तीसगढ़ का खजाना और खदान चाहिए, इसलिए इस तरह की हरकतें कर रहे हैं।वीडियो वाला व्यक्ति पहले अपने आप को महादेव सट्टा ऐप का कर्मचारी बता रहा था और बाद में खुद को महादेव का मालिक बता रहा है।अब तक हमने 400 एफआईआर दर्ज कराई है ।केंद्र सरकार ने क्या किया है। लुक आउट सर्कुलर हम जारी कर चुके हैं, ये पूरी तरह से बंद नहीं हुआ है।

# अब सरकार बेचेगी भारत आटा

## त्योहारी सीजन में महंगाई से राहत देने की कवायद, 27.50 रुपए किलो में होगा उपलब्ध

**नई दिल्ली**, 6 नवम्बर (एजेंसियां)। गेहूं की कीमतों में उछाल के बाद आटे के दामों में आई बढ़ोतरी को देखते हुए सरकार ने आम लोगों को सस्ते दामों पर आटा उपलब्ध कराने का फैसला लिया है।इसी दिशा में सरकार आज से सस्ते दामों पर भारत आटा बेचने का फैसला लिया है. 27.50 रुपए प्रति किलो के भाव पर भारत आटा उपभोक्ताओं को सरकार बेचेगी।



**पीयूष गोयल ने की 100 वैन को हरी झंडी दिखाई**-भारत ब्रांड नाम से आटा बेचने के लिए केंद्रीय खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने 100 मोबाइल वैन को राजधानी के कर्तव्य पथ पर झंडा दिखाकर रवाना किया है। भारत आटा 27.50 रुपए में बेचा जाएगा। इन मोबाइल वैन के अलावा भारत आटा केंद्रीय भंडार पर उपलब्ध होगा। साथ ही सरकार की एजेंसियां नेफेड और एनसीसीएफ भी ये सस्ता आटा उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराएंगी। ये माना जा रहा है भारत आटा के जरिए सस्ते दामों पर उपभोक्ताओं को आटा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। साथ ही इसके जरिए आटा के बढ़ते दामों पर नकेल कसा जा सकेगा।

**कीमतों पर नकेल कसने की कवायद** -केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस मौके पर कहा कि सरकार के दखल के चलते जरूरी वस्तुओं की कीमतों पर नकेल कसने में मदद मिली है. उन्होंने बताया कि इससे पहले सरकार ने टमाटर और प्याज की कीमतों पर काबू पाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार पहले से ही 60 रुपए प्रति किलो के दाम पर भारत दाल उपभोक्ताओं को बेच रही है।

# दिल्ली में फिर हिली धरती, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में भी असर

**नई दिल्ली**, 6 नवम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और नेपाल में सोमवार को फिर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.6 मापी गई। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तथा नेपाल में सोमवार को एक बार फिर से बहुत तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। तीन दिन के बाद ही दूसरे भूकंप ने लोगों को डरा कर रख दिया है। सूत्रों के अनुसार दिल्ली, एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार में भी महसूस किए गए।

# भूपेश असंस्कारी नेता : स्मृति




**कुरुद**, 6 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय कपड़ा मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि अजय भईया ने कहा कि यहां सर्कस चल रहा है तो हम पूछने आए हैं कि मदारी कौन डमरू कौन बजा रहा है ? समझ नहीं आ रहा है भईया डमरू बजा रहे है दिल्ली में गांधी खानदान के लोग और मदारी दुबई में बैठा है। खेला छत्तीसगढ़ में चल रहा है। स्मृति

ईरानी ने आरोप लगाया की जिस व्यक्ति ने भूपेश बघेल को 508 करोड़ दिया है उसने इंटरनेट के माध्यम से सामने आकर खुद यह बात बताया है। भूपेश जी जिसको जानते हैं उससे 500 करोड़ का घोटाला करते हैं और जिसको नहीं जानते उससे 2000 करोड़ का घोटाला करते हैं ।स्मृति ईरानी ने कहा कि अजय भईया तुम तो ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों व राज्य सरकारों के टकराव पर चिंता जताई

**नई दिल्ली**, 6 नवम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने कई राज्यपालों और राज्य सरकारों के बीच लगातार 'टकराव' पर सोमवार को चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों पक्षों को आत्मावलोकन करने की जरूरत है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सात विधेयकों के लंबित रहने के खिलाफ पंजाब सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों को आत्मावलोकन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से मामले में इस मामले में राज्यपाल द्वारा की गई कार्रवाई पर विवरण उपलब्ध कराने को कहा। शीर्ष अदालत ने एक सख्त संदेश देते हुए कहा कि राज्यपालों को यह नहीं भूलना चाहिए कि वे निर्वाचित अथॉरिटी नहीं हैं। साथ ही अदालत ने लंबित मामलों से निपटने में संवैधानिक निकाय की विफलता पर राज्य सरकारों द्वारा शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। पीठ ने कहा, बजट सत्र बुलाने के लिए पार्टियों को शीर्ष अदालत जाने की आवश्यकता क्यों होनी चाहिए..ये राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा तय किए जाने वाले मामले हैं।



**मोदी गरीब के नाम पर कर रहे हैं अमीरों की मदद : खडगे**

**नई दिल्ली**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गरीब विरोधी बताते हुए कहा है कि वह गरीबों के नाम पर अमीरों को फायदा पहुंचाने का काम करते है। श्री खडगे ने पार्टी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कहा कि श्री मोदी पहले गरीबों का मजाक उड़ाते थे लेकिन अब चुनाव आ गए है तो उन्हें इनकी फिर याद आ गई ।

# तोमर के बेटे का वीडियो वायरल, एफआईआर दर्ज

**ग्वालियर**, 6 नवम्बर (एजेंसियां)।केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के दिमनी से भाजपा के उम्मीदवार नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर का कथित वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो में करोड़ों रूपए के लेनदेन की बात है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो को कूटरचित बताते हुए पप्पू सिंह तोमर ने हजीरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। राज्य की राजनीति में रविवार की रात को हलचल मचाने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस कथित वीडियो में दो लोग करोड़ों के लेनदेन की बात कर रहे हैं। ये दोनों व्यक्ति कौन हैं, इस बात की आधिकारिक तौर पर कोई पुष्टि करने को तैयार नहीं है, मगर इसे मंत्री के बेटे से जोड़कर प्रचारित किया जा रहा है। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ग्वालियर निवासी पप्पू सिंह तोमर ने हजीरा थाने में एक शिकायत दर्ज कराई है जिसमें कहा है कि वीडियो वायरल करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# देश के बाहर शुरू हुआ आईआईटी का पहला कैंपस

## तंजानिया में आईआईटी मद्रास के सहयोग किया स्थापित

**नई दिल्ली**, 6 नवम्बर (एजेंसियां)।देश के बाहर आईआईटी का पहला कैंपस तंजानिया (जंजीबार) में सोमवार 6 नवंबर को प्रारंभ हो गया। तंजानिया में यह कैंपस आईआईटी मद्रास के सहयोग से स्थापित किया गया है। भारत सरकार के मुताबिक देश के बाहर यह पहला आईआईटी संस्थान तंजानिया और अन्य अफ्रीकी देशों के छात्रों को विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी शिक्षा प्रदान करेगा। साथ ही दोनों देशों और महाद्वीपों के बीच शैक्षिक सहयोग में एक मील का पत्थर साबित होगा।

आईआईटी मद्रास के जंजीबार परिसर का उद्घाटन जंजीबार के राष्ट्रपति और रिवोल्यूशनरी काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. हुसैन अली मविनी ने किया। इसमें तंजानिया के अधिकारी, भारत के गणमान्य लोग, संस्थान के फैकल्टी और विद्यार्थी उपस्थित थे। यह संस्थान डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीएस और एमटेक प्रोग्राम से शुरुआत करेगा। अगले वर्ष शिक्षा के अन्य प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे। आईआईटीएम जंजीबार परिसर के पहले बैच में जंजीबार, मुख्य भूमि तंजानिया, नेपाल और भारत के विद्यार्थियों को प्रवेश मिला है। इनमें 40 प्रतिशत छात्राएं हैं। आईआईटी मद्रास जंजीबार किसी आईआईटी का विदेश में पहला कैम्पस है। जंजीबार कैम्पस ब्वेलियो जिले में जंजीबार टाउन से लगभग 15 किमी दक्षिण में है।

# प्रथम पुण्यतिथि



**स्व.दीपक सुरजन**

(26 जनवरी 1958-6 नवम्बर 2022)

**न च प्राणसंज्ञो न वै पञ्चवायुः न वा**
**सप्तधातु:न वा पञ्चकोशः।**
**न वाक्पाणिपादं न चोपस्थपायु**
**चिदानंदरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम् ॥2॥**

(न उसे प्राण कहा जाता है, न पाँच वायु, न सात तत्व, न पाँच कोष। मैं न वाणी हूं, न हाथ, न पैर, न पेट की वायु; मैं चैतन्य के आनंद का स्वरूप हूं। मैं शुभ हूं।)

देशबन्धु परिवार
पुण्य स्मरण करता है

# पटाखा दुकानों में आग से बचाव के संबंध में एडवाइजरी जारी

- रात्रि 1 बजे से प्रातः-6 बजे तक पटाखों का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा
- केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग की होगी अनुमति

**रायगढ़,** 6 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा जिले में संचालित सभी स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों में आग से बचाव के संबंध में एडवाइजरी जारी किया गया है। जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि आतिशबाजी अज्वलनशील सामग्री से बने शेड/भवन में रखी जाएगी, जो कि बंद और सुरक्षित होगी जिससे कि उसमें अप्राधिकृत व्यक्तियों की पहुंच को रोका जा सके। कोई भी तेल से जलने वाली लैंप, गैस लैंप या खुली रोशनी शेड में या रोशनी करने के प्रयोजन के लिए शेड के सुरक्षा दूरी के भीतर प्रयोग नहीं की जाएगी। यदि कोई विद्युत रोशनी प्रयुक्त होती है तो उसे दीवार या छत पर स्थिर किया जाएगा और उसे नम्य तार द्वारा लटकाया नहीं जाएगा।

अनुज्ञप्तिधारी और उनके कर्मचारी परिसर के भीतर आपातकाल के दौरान की जाने वाली प्रक्रियाओं से भलीभांति परिचित होंगे। किसी निरीक्षण या नमूना अधिकारी को अनुज्ञप्त परिसर पर सभी समयों पर पहुंच प्राप्त होगी और ऐसे अधिकारी को यह सुनिश्चित करने के लिए सभी सुविधाएं दी जाएगी कि सभी नियमों और अनुज्ञप्ति की शर्तो का सम्यकतः अनुपालन किया जा रहा है। यदि अनुज्ञापन प्राधिकारी अनुज्ञप्तिधारक को अनुज्ञप्त परिसरों या मशीनरी, टूल या उपकरण में ऐसी कोई मरम्मत या परिवर्धन या परिवर्तन करने या सिफारिशों को लागू करने को लिखित रूप में सूचित करता है जो ऐसे प्राधिकारी की राय में अप्रतिग्राहय जोखिम कर सकता है और जो परिसर के अंदर या बाहर या व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, अनुज्ञप्तिधारक सिफारिशों को निष्पादित करेगा और विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अनुपालन रिपोर्ट ऐसे प्राधिकारी को देगा।

अग्नि या विस्फोट द्वारा दुर्घटनाओं और विस्फोटकों की हानि, उसमें कमी या चोरी की रिपोर्ट निकटतम पुलिस स्टेशन और अनुज्ञापन प्राधिकारी को तुरंत दी जाएगी। अनुज्ञप्तिधारी रखने और दुकान से ब्रिकी के लिए प्राधिकृत विस्फोटक सूची में यथा उल्लिखित प्राधिकृत आतिशबाजी अनुज्ञत फैक्टरी या कंपनी से खरीदेगा। क्लोरेटयुक्त आतिशबाजी, रंग, स्टार माचिस अन्य प्रकार के आतिशबाजियों से ऐसे मध्यवर्ती विभाजक पदार्थ और कैरेटर ऐसे मध्यवर्ती स्थान अलग की जाएगी, साथ ही एक दूसरे संपर्क में आने से अग्नि या विस्फोट को प्रभावी रूप से रोका जाएगा। आतिशबाजी की सभी बिक्रियां शासन द्वारा निर्धारित परिसर में ही की जाएगी। कोई भी आतिशबाजी, जिसमें क्लोरेट अंतर्विष्ट है, सिवाय कागज कैप या एर्मोसेस या रंगीन माचिस या मुख्य नियंत्रक द्वारा अनुमोदित आतिशबाजी के परिसर में नहीं रखी जाएगी। अनुज्ञप्तिधारी स्टाक में और बिक्री किए गए सभी विस्फोटकों का निर्धारित प्रारूप में अभिलेख और लेखा रखेगा जैसा कि अनुज्ञापन प्राधिकारी उसे समय-समय पर निर्देश दे और इन नियमों के अधीन प्राधिकृत किसी अधिकारी को, जब ऐसा अधिकारी उसे ऐसा करने के लिए कहे, अपना स्टॉक और अपनी पुस्तकें और अभिलेख प्रदर्शित करेगा। कोई भी आतिशबाजी जो अधिक ध्वनि उत्पन्न करने में समक्ष हो, परिसर से भंडारण या परिसर से बिक्री के लिए नहीं रखी जाएगी। अनुज्ञप्ति केवल नामांकित धारक हेतु वैध होगा। शासन द्वारा निर्धारित स्थल पर फटाखों के रखने/विक्रय की अनुमति होगी। सुरक्षा की संपूर्ण जवाबदारी अनुज्ञप्तिधारी की होगी। विक्रय स्थल पर अग्निशमन यंत्र रखना अनिवार्य होगा। विदेशी मूल के आतिशबाजी की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह अस्थायी दुकानों में 6 बजे से रात 10 बजे तक ही पटाखों का विक्रय किया जा सकेगा। रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक पटाखों का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। लायसेंसधारियों को दुकानों में जारी लायसेंस का प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

## कलेक्टर के निर्देश पर फटाखा विक्रेताओं के लिए जारी हुए विशेष गाईड लाईन्स

लायसेंसधारियों को विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए आदर्श आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य होगा। लायसेंसधारियों को केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग की अनुमति होगी। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। लायसेंसधारियों को पटाखा विक्रय के लिए कपड़े अथवा जूट से बने थैले, इकोफ्रैण्डली एवं बायोडिग्रेडेबल का ही उपयोग करना होगा। सुरक्षा की संपूर्ण जवाबदारी अनुज्ञप्तिधारी की होगी। विक्रय स्थल पर प्रत्येक दुकान में आग से बचाव के लिए न्यूनतम 5 किलो ग्राम पोर्टबल फायर एक्सटिंगविशर एवं दो बाल्टी रेत तथा दो बाल्टी पानी का इंतजाम कर रखना अनिवार्य होगा। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सभी लायसेंसधारियों से अपील/अपेक्षा की जाती है कि तहसील/नगर क्षेत्र में स्थित शासकीय आश्रम व छात्रावास परिसर में जो कि पूर्णतः बाउण्ड्रीवाल युक्त हो, में न्यूनतम 10 पेड़ (प्रजातिवार 2-2 पेड़, चार फीट तक या उससे अधिक बड़े)लगाने होंगे। जिसे मेटल अथवा लोहे की गार्ड से संरक्षित भी करना होगा। साथ ही निम्न प्रजातियों जैसे आम, मुनगा, नीम, जामुन, पपीता, इमली, अमरूद एवं कटहल के पेड़-पौधे लगाये जा सकते है।

# इन्फेंट हैवन वर्ल्ड स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



**तखतपुर** 06 नवंबर (देशबन्धु)। इन्फेंट हैवन वर्ल्ड स्कूल में विभिन्न कलात्मक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पूजा थाली सजाने एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया संचालक दिलीप तोलानी ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से बच्चों में सांस्कृतिक एवं कलात्मक शैक्षणिक गुणात्मक विकास करना एवं बच्चों में व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ाना रहा। प्राइमरी एम मिडिल स्तर पर आकर्षक पूजा थाली सजाकर प्रतियोगिता में भाग लिया वही प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के बच्चों ने रंगोली बनाई ।

प्रतियोगिता पूर्ण इस आयोजन में मुख्य रूप से व्याख्याता श्रीमती रश्मि मिश्रा, साक्षी तोलानी एवं श्रीमती शर्मा मैडम रहे बच्चों को उनके बेहतर प्रयास पर पुरस्कार वितरण किए गए इस अवसर पर थाली सजावट प्रतियोगिता मिडिल स्तर प्रथम आंचल देवांगन, द्वितीय आयुषी देवांगन, तृतीय-सात्विक श्रीवास, प्रायमरी स्तर, प्रथम समन्वय निर्मलकर, द्वितीय रूद्र पाटकर, तृतीय युग देवांगन, रंगोली प्रतियोगिता में मिडिल स्तर, प्रथम मिष्ठी शर्मा, द्वितीय- सौम्या पटेल,तृतीय- रचना देवांगन

प्रायमरी स्तर प्रथम- कृतिका देवांगन, द्वितीय- श्रद्धा देवांगन ,तृतीय- सिद्धार्थ धुरी को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आकांशा स्वर्णम शशि थवाईत रीता शिवहरे पुष्पा देवांगनअलका रॉय सुषमा ठाकुर रोशनी कसेर प्राची ठाकुर अंजलि पटेल संतोषी देवांगन रीना ठाकुर नैंसी केशरवानी संध्या देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कार ने बाईक को मारी टक्कर, महिला की मौके पर मौत



**तखतपुर** 06 नवंबर (देशबन्धु)। महिला समूह के नाम से निकले लोन का पैसा लेने के लिए अपने पति बिहार और अपने बेटे पुनीत के साथ तखतपुर आ रही महिला कि दुपहिया वाहन को अज्ञात कर की ठोकर से मौके पर ही मृत्यु हो गई पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है प्राप्त जानकारी के अनुसार तखतपुर थाना अंतर्गत ग्राम खजूरी नवागांव निवासी श्रीमती गंगोत्री बाई पति बिहारी लाल उम्र 55 वर्ष को सूचना मिली थी कि महिला समूह के नाम से उसे लोन प्राप्त हुआ है और उसे लोन की राशि प्राप्त करने के लिए आज 6 नवंबर को लगभग 1.30 बजे वह बेलपान रोड तखतपुर मे स्थित बंधन बैंक अपने पति और बेटे के साथ आ रही थी तभी सामने से आ रहे अज्ञात कार चालक ने ठोकर मार दी जिससे महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है ठोकर इतनी जबरदस्त थी की महिला का सिर फट गया था।

# कलेक्टर ने कोड़ातराई में धान तौलाई कर धान खरीदी का किया शुभारंभ

## सर्वप्रथम धान विक्रय के लिए पहुंचे पटेल को कलेक्टर ने शाल-श्रीफल प्रदान कर किया सम्मानित

### जिले के 105 उपार्जन केंद्रों में होगी धान खरीदी

**रायगढ़,** 6 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कोड़ातराई धान उपार्जन केंद्र में विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए धान तौलाई कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसएसपी सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट उपस्थित रहें।





कोड़ातराई निवासी किसान चम्पत राम पटेल धान विक्रय के लिए उपार्जन केन्द्र पहुंचे थे। उन्होंने बताया की 80 क्विंटल धान का टोकन कटवाया हैं, कलेक्टर श्री गोयल ने सर्वप्रथम धान विक्रय के लिए पहुंचे श्री चंपत राम पटेल को शाल व श्रीफल प्रदान कर सम्मानित करते हुए, खेती-किसानी के संबंध में चर्चा भी की।

कलेक्टर श्री गोयल ने उपार्जन केन्द्र में सभी किसानों के लिए बैठक, पेयजल के सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए, धान संग्रहण हेतु बारदानों की स्थिति की जानकारी ली। खाद्य अधिकारी ने बताया की वर्तमान में पीडीएस एवं नये मिलाकर पर्याप्त बरदाने उपलब्ध हैं। कलेक्टर श्री गोयल ने समिति में पंजीकृत किसानों की जानकारी लेते हुए नए किसानों की भी जानकारी ली।

खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए जिले के पंजीकृत किसानों से धान खरीदी शुरू हो गयी है। धान विक्रय के लिए जिले में 83 हजार 61 किसानों का सोसायटी मॉड्यूल में पंजीयन हुआ है, जिसमें 9 हजार 109 नये किसान है। जिले में धान खरीदी के लिए 105 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी श्री चितरंजन सिंह, अपेक्स बैंक नोडल अधिकारी पंकज सोढ़ी, आजाद, खाद्य निरीक्षक अंजनी कुमार राव, समिति प्रबंधक मनोज गुप्ता उपस्थित रहे।

# प्रधान पाठक बेनी माधव सिदार का दो वार्षिक वेतनवृद्धि रोके जाने का कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जारी किया आदेश

**रायगढ़,** 6 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने शासकीय माध्यमिक शाला बोकरामुड़ा विकासखण्ड, रायगढ़ के प्रधान पाठक बेनी माधव सिदार पर लगाये गये आरोप को प्रमाणित पाये जाने पर दो वार्षिक वेतनवृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जाने का दण्डादेश पारित करने हेतु आदेश जारी किया है। साथ ही स्पष्ट किया है कि निलंबन अवधि में वेतन को छोड़कर अन्य समस्त प्रयोजन हेतु कर्तव्य अवधि मान्य किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधान पाठक बेनी माधव सिदार के द्वारा बीते लोकसभा निर्वाचन-2019 के दौरान धरमजयगढ़ में पीठासीन अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया था। लेकिन श्री सिदार द्वारा अपने पदीय दायित्व के दौरान नशे की हालत में अपने ड्यूटी पर उपस्थित पाये गए। जहां उनका डॉक्टरी परीक्षण कराया जाने पर शराब सेवन करना प्रमाणित पाया गया। जिसके उपरांत छ.ग.सिविल सेवा नियम के तहत उन्हें निलंबित किया गया था। श्री सिदार को दिनांक 2 दिसम्बर 2022 को निलंबन से बहाल करते हुए प्रधान पाठक शास.माध्यमिक शाला बोकरामुड़ा के पद पर यथावत पदस्थ किया गया है।

तत्पश्चात निलंबन अवधि से बहाली तक विभागीय जांच संस्थित किया गया। विभागीय जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत विभागीय जांच प्रतिवेदन के अनुसार अपचारी कर्मचारी द्वारा उन पर लगाये गये आरोप को अपने अभिकथन में स्वीकार करना एवं विभागीय जांच में आगे साक्ष्य की आवश्यकता नहीं होना प्रतिवेदन किया जाकर अपचारी कर्मचारी के ऊपर लगाये गये आरोप प्रमाणित होना प्रतिवेदित किया गया है।

# छत्तीसगढ़ में अंजोरा गांव के ग्रामीण चुनते हैं दो विधायक

**रायपुर.** 6 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान हम आज एक ऐसे गांव के बारे में बताने जा रहे, जहां गांव के लोग एक नहीं बल्कि दो विधायक चुनते हैं. महज 5 हजार की आबादी वाले इस गांव में दो निर्वाचन क्षेत्रों के उम्मीदवार वोट मांगने के लिए लगातार दौरा कर रहे हैं. पूरे गांव में उम्मीदवारों के पोस्टर और बैनर देखे जा सकते हैं. हम बात कर रहे दुर्ग और राजनांदगांव जिले के बीच की सीमा पर स्थित अंजोरा गांव का, जो केवल सड़कों द्वारा दो जिलों के क्षेत्रों में विभाजित है. दुर्ग से लगभग 10 किमी दूर दुर्ग और राजनांदगांव शहरों के बीच मुंबई-हावड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर स्थित यह गांव दो पंचायतों ङ्क अंजोरा ग्राम पंचायत (राजनांदगांव) और अंजोरा 'ख (बी)' ग्राम पंचायत (दुर्ग) द्वारा शासित होता है. हालांकि गांव सड़कों से विभाजित है, पर यहां के लोग त्योहारों और अन्य समारोहों को एक साथ मनाते हैं.




बता दें कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में मतदान होना है, राजनांदगांव उन 20 सीटों में से एक है, जहां 7 नवंबर को पहले चरण में मतदान होगा. दुर्ग ग्रामीण सहित शेष 70 निर्वाचन क्षेत्रों में 17 नवंबर को दूसरे चरण में मतदान होगा.

## दो पंचायतों में बंटा है गांव

अंजोरा बी पंचायत की सरपंच संगीता साहू के पति माखनलाल साहू ने कहा कि राजनांदगांव जिले का गठन 1973 में दुर्ग जिले (तत्कालीन मध्य प्रदेश) से अलग होकर किया गया था. तब से यह गांव दो पंचायतों में बंटा है. विधानसभा सीटों के लिए परिसीमन भी इस तरह से किया गया था कि गांव का आधा हिस्सा एक निर्वाचन क्षेत्र में और आधा हिस्सा दूसरे खंड में पड़ता है. गांव में ऐसे भी परिवार हैं, जिनके आधे सदस्यों को राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए और आधे को दुर्ग ग्रामीण के लिए मतदान करना पड़ता है.

## मैदान में हैं हाई-प्रोफाइल प्रत्याशी

राजनांदगांव और दुर्ग ग्रामीण दोनों प्रमुख निर्वाचन क्षेत्र हैं, जहां पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और राज्य के मौजूदा गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू जैसे हाई-प्रोफाइल उम्मीदवार मैदान में हैं. भाजपा ने रमन सिंह को फिर राजनांदगांव सीट से मैदान में उतारा है, जबकि छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के वर्तमान अध्यक्ष गिरीश दीवानगन कांग्रेस के उम्मीदवार हैं. वहीं दुर्ग ग्रामीण सीट पर कांग्रेस ने मंत्री ताम्रध्वज साहू को मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा ने नए चेहरे ललित चंद्राकर पर दांव खेला है.

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### भूपेश असंस्कारी नेता ...

जीत रहे हो तो हमको क्यूं बुलाए हो। मोदी को संस्कारी बताते हुए भपेश बघेल को असंस्कारी कहा - स्मृति ईरानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि आप सोचिए कि नरेन्द्र मोदी का संस्कार कैसा है उज्जैन में महाकाल जी का कॉरिडोर बनवाया, काशीविश्वनाथ जी का कॉरिडोर बनवाया चारधाम की यात्रा सुलभ करवाई और यहां छत्तीसगढ़ के भ्रष्टाचारी मुख्यमंत्री एक नवजवान से कहते हैं कि

**महादेव के नाम का दुरुपयोग करो और सट्टा का बाजार चलाओ।**

स्मृति ईरानी ने भूपेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह पी एस सी में नोकरियों पर जगह पैसे वाले और नेताओं के बच्चों को देते हैं और गरीब के बच्चों को शराब में सट्टे में और जूवें व्यस्त करते हैं। उन्होंने कहा कि आप कह रहे हैं कि 5 साल में भूपेश बघेल ने कुरूद के लिए कुछ नहीं किया जब प्रदेश के लिए कुछ नहीं किया तो आपके लिए क्या करेगा।

ओ वहां चारा खाते हैं यह यहां गोबर खाते हैं - स्मृति ईरानी ने बिहार में लालू यादव की पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन पर प्रहार करते यहां की सरकार पर तीखा तंज कसते हुए यह कह डाला कि ओ वहां चारा खाते हैं और ये यहां गोबर खाते हैं।

भखारा की चुनाव सभा में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मोदी सरकार की योजनाओं का जमकर बखान करते हुए लोगों से खूब तालियां बटोरी ।

# 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले 207 मतदाताओं को मिलेगी उनके निवास स्थल पर मतदान करने की सुविधा

**रायगढ़,** 6 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में रायगढ़ जिले के चारों विधान सभाओं से 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले 207 प्रत्याशियों को उनके निवास स्थल पर मतदान करने हेतु सुविधा प्रदान की गई है।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में शत-प्रतिशत मतदान की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को उनके निवास स्थल पर मतदान करने हेतु प्रारूप 12घ में आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है। जिसके तहत आवेदन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2023 तक जिले में विधानसभा क्षेत्र 15-लैलूंगा से 29, 16-रायगढ़ से 53, 18-खरसिया से 89 एवं 19-धरमजयगढ से 36, इस प्रकार कुल 207 मतदाताओं द्वारा नियत समयावधि में प्ररूप 12घ में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

**विधानसभा आम निर्वाचन-2023**

प्रारूप 12घ में आवेदन करने वाले मतदाताओं के निवास स्थल पर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु गठित दल का द्वितीय प्रशिक्षण सृजन सभा कक्ष में आयोजित किया गया। दल में 02 मतदान अधिकारी, 01 माइक्रो-आब्जर्वर, 01 वीडियोग्राफर तथा सुरक्षा बल शामिल रहेंगे। सभी रिटर्निंग आफिसर द्वारा प्रारूप 12घ में आवेदन करने वाले मतदाताओं के निवास स्थल पर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु सभी अभ्यर्थियों एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूचना प्रदान की गई है, जिसके अनुसार यह सभी दल निर्धारित समय सारणी अनुसार 8 एवं 9 नवम्बर 2023 को संबंधित मतदाता के निवास स्थल पर पहुंचकर डाक मतपत्र के माध्यम से विधिवत् मतदान की कार्यवाही सम्पन्न करायेंगे।

उपरोक्तानुसार मतदान कार्यवाही के दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि तथा अभ्यर्थी/उनके निर्वाचन अभिकर्ता उपस्थित रहते हुए अवलोकन कर सकते है, दल के विडियोग्राफर द्वारा संपूर्ण कार्यवाही की विडियो रिकर्डिंग की जायेगी। अधिक जानकारी हेतु डाक मतपत्र हेतु नोडल आफिसर श्री रमेश कुमार मोर डिप्टी कलेक्टर से सम्पर्क किया जा सकता है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र.क्र. 211/ब-121/ 2022-2023
ग्राम- कटौद तहसील शिवरीनारायण

**ईश्तहार**

आवेदक सूर्यकांत उम्र 25 वर्ष पिता श्री गजराज जाति सतनामी निवासी ग्राम कटौद तहसील शिवरीनारायण थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका ममता उम्र 19 वर्ष पिता श्री राजकुमार जाति रावत निवासी ग्राम हरदीडीह तहसील हसौद थाना जैजैपुर जिला सक्ती (छ.ग.)

बनाम

छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम कटौद तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक सूर्यकांत उम्र 25 वर्ष पिता श्री गजराज जाति सतनामी निवासी ग्राम कटौद तहसील शिवरीनारायण थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका ममता उम्र 19 वर्ष पिता श्री राजकुमार जाति रावत निवासी ग्राम हरदीडीह तहसील हसौद थाना जैजैपुर जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 22.11.2023 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.10.2023 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
**विवाह अधिकारी**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/ना.तह./वा./2023
बिलासपुर, दिनांक 20/10/2023

मौजा सेमरताल के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा सेमरताल प.ह.न. 24 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.न. 44,134/1, 237 एवं 257 रकबा 0.178, 0.036, 0.198, 0.174 हे. हेतु आवेदिका सोनिया साहू वगै. पिता/पति स्व. फगुवा साहू निवासी सेमरताल तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत फौती नामांतरण/ बैनाम रजिस्ट्री नामांतरण/ वसीयत नामांतरण/ दानपत्र नामांतरण/ पंजीकृत हकत्याग नामांतरण हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

यदि किसी/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 06/12/23 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 20.10.23 को मेरे हस्ताक्षर से जारी।

सील
नायब तहसीलदार
बिलासपुर, छ.ग.

**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**
Aadhar Housing Finance Ltd
**कार्पोरेट कार्यालय :** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पश्चिम), मुम्बई - 400069.
**बिलासपुर शाखा :** प्रथम मंजिल कृष्णा सोनछत्र कम्पाउण्ड आरएनटी स्क्वेयर के पास, तारबाहर रोड़ बिलासपुर - 495004 (छत्तीसगढ़)

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के 60 दिवस में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे।
ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

| क्रं. | ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता(ओ) (शाखा का नाम) | धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना का दिनांक एवं राशि | आधिपत्य का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 01000000508/ बिलासपुर शाखा) चन्दन कुमार मुदलेस्कर (ऋणी) सीमा मुदलेस्कर (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं संपूर्ण भाग, मौजा देवरीखुर्द प.ह. नंबर 31 24 खसरा नंबर 99 42 आरएनएम बिलासपुर शिवरी नारायण मार्ग के पास, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495001 **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व: राव का मकान, पश्चिम: रामनारायण का मकान, उत्तर: रोड़, दक्षिण: गुहा का मकान | 11-08-2023 एवं ₹ 13,91,444/- | 03-11-2023 |

स्थान : छत्तीसगढ़
दिनांक : 07-11-2023
प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**पेंशन अदालत का आयोजन**

सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों/ अशक्तता पेंशनर/ पारिवारिक पेंशनर की सुविधा हेतु **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में 15.12.2023 को प्रातः 11 बजे पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा।**

यदि आपको सेवानिवृत्ति के पश्चात मिलने वाले बकाया निपटान (पेमेन्ट ऑफ सेटलमेंट डॅयूज) से संबंधित अथवा पेंशन भुगतान संबंधी कोई शिकायत है, तो आप अपना अभ्यावेदन **दो प्रतियों में दिनांक 17.11.2023 तक** प्रस्तुत करें। न्यायालय में लंबित प्रकरण, नियुक्ति तथा अन्य नीतिगत मामलों को पेंशन अदालत में शामिल नहीं किया जायेगा। सेवानिवृत्त वे सभी कर्मचारी जिन्हे इस संबंध में अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत करने है, वे अपने आवेदन पत्र **वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर न्यु डी.आर.एम. आफिस खमतराई रायपुर (छत्तीसगढ़) 492008 के कार्यालय में दिनांक 17.11.2023 तक निम्नलिखित प्रारूप में जमा कर दे।**

**आवेदन का प्रारूप**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पी.पी.ओ. क्रमांकः | |
| 2 | सेवानिवृत्त कर्मचारी का नामः | |
| 3 | पदनाम (सेवानिवृत्त/ अशक्तता पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर के समय): | |
| 4 | मंडल/ युनिट का नाम/ अंतिम कार्यस्थलः | |
| 5 | विभागः | |
| 6 | मंडल/ कार्यालयः | |
| 7 | अंतिम वेतनः | |
| 8 | सेवानिवृत्त/ अशक्तता/ मृत्यु का दिनांकः | |
| 9 | मोबाईल/ टेलीफोन नंबरः | |
| 10 | पत्राचार के लिए पताः | |
| 11 | सेवानिवृत्त/ अशक्तता पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर के शिकायत का विस्तृत विवरणः | |

*नोटः- (पी.पी.ओ. एवं सेवा प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें)*
*पीआर/आर/सीनियर डीपीओ/आईपी/172* आवेदक के हस्ताक्षर
South East Central Railway @secrail

# देश

उवाच

"मध्य प्रदेश के चुनाव में कई दल दिखाई दे रहे हैं। इनमें सपा और बसपा तो चुनावी चिड़ियाएं हैं, चुनाव के बाद वापस उत्तर प्रदेश चले जाएंगे। कांग्रेस ने इंडी गठबंधन बनाया है, लेकिन गठबंधन में शामिल दल और नेता आपस में ही लड़ रहे हैं।

–राजनाथ सिंह, भाजपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 27` | 18` |
| मुंबई | 3` | 26` |
| कोलकाता | 28` | 2`` |
| चेन्नई | 29` | 27` |

### मप्र में प्रियंका गांधी ने आदिवासियों को साधा

# प्रदेश में युवाओं के रोजगार व बढ़ते महिला अपराधों को लेकर सरकार पर बोला हमला

**कुक्षी/धार, 6 नवम्बर (एजेंसियां)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को कहा कि महंगाई और बेरोजगारी आज देश की सबसे बड़ी समस्याएं हैं और रोजगार देने वाली कंपनियों को कुछ उद्योगपतियों के हाथों में देने से देश को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वाड्रा मध्य प्रदेश के धार जिले के कुक्षी में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने युवाओं के रोजगार और बढ़ते महिला अपराधों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने 22 हजार घोषणाएं कीं, लेकिन 22 भी पूरी नहीं कीं। इस दौरान उन्होंने आदिवासीबहुल इस क्षेत्र में कहा कि जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने कभी आदिवासियों की संस्कृति बदलने की कोशिश नहीं की। उनकी नीतियों से आदिवासियों का भला हुआ।

#### बेरोजगारी व महंगाई इस समय की सबसे बड़ी समस्या

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि युवाओं की बेरोजगारी और महंगाई इस समय की सबसे बड़ी समस्या है। सरकारी पद खाली पड़े हैं। अधिकतर रोजगार पहले सरकारी बड़ी कंपनियों से आते थे, लेकिन अब सरकार ने उन्हें कुछ उद्योगपतियों के हाथों में सौंप दिया, जो बेरोजगारी का बड़ा कारण है। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से पूछा कि क्या किसी को पता है कि अडानी और अंबानी जैसे उद्योगपति क्या बनाते हैं। उन्होंने कहा कि छोटे



मप्र सरकार ने 22 हजार घोषणाएं कीं, पूरी 22 भी नहीं हुईं : प्रियंका गांधी

उद्योगपतियों को कोरोना और जीएसटी जैसी चीजों ने बर्बाद कर दिया। जीएसटी के कारण महंगाई इतनी ज्यादा बढ़ रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उद्योगपति अडानी एक दिन में 1600 करोड़ रुपए कमाते हैं, जबकि देश का एक किसान 27 रुपए कमाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 हजार करोड़ रुपए संसद को नया बनाने में खर्च कर दिए, लेकिन किसानों की कर्जमाफी से वे इंकार कर देते हैं। उन्होंने कहा कि लोग स्वर्गीय इंदिरा गांधी को इसलिए याद करते हैं, क्योंकि वे खोखली घोषणाएं नहीं करतीं थीं। उन्होंने लोगों के अधिकार उन्हें वापस किए। कांग्रेस की सरकारों ने लोगों को भोजन का अधिकार और मनरेगा जैसा अधिकार दिया। उन्होंने कहा कि आज की राजनीति चुनाव में ध्यान भटकाती है। चुनाव आते ही लोग धर्म की बातें शुरू कर देते हैं। प्रियंका ने कहा कि युवाओं को न रोजगार मिल रहा है, न ही मप्र में उद्योग लग रहे हैं। उज्जैन में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म होता है। आपके प्रदेश में हर रोज 17 महिलाओं के साथ दुष्कर्म होता है। सरकार महिलाओं को सुरक्षा नहीं दे पा रही है। उन्होंने कहा कि अब आपके सामने चुनाव हैं, आप चुनिए कि क्या आपको फिर से इन्हें 5 साल देना है कि आप पर भ्रष्टाचार, अत्याचार, अपराध बढ़ें। इन्होंने रोजगार के साधन खत्म कर दिए।

### प्याज के बढ़ते दामों को लेकर मोदी पर कसा तंज

प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस के जमाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्याज के दाम बढ़ने पर सरकार को घेर लेते थे, लेकिन अब वे कुछ नहीं बोल रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने 22 हजार घोषणाएं कीं, लेकिन 22 भी पूरी नहीं कीं। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार की छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की सरकार से तुलना भी की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में आवारा पशुओं की समस्या को भी गौठान बना कर दूर किया गया, जिनसे अब रोजगार भी पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को गुस्से में मामाजी कहा जाता है, जबकि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री स्नेह से काका कहलाते हैं। उन्होंने राज्य सरकार पर कमीशन लेने का भी आरोप लगाया।

## हैदराबाद में मोदी के साथ मंच साझा करेंगे पवन कल्याण

**हैदराबाद, 6 नवम्बर (एजेंसियां)।** नौ साल के अंतराल के बाद टॉलीवुड अभिनेता और जन सेना पार्टी (जेएसपी) के अध्यक्ष पवन कल्याण मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच साझा करेंगे। पवन कल्याण हैदराबाद के एलबी स्टेडियम में बीसी आत्म गौरव (पिछड़ी जाति का स्वाभिमान) सार्वजनिक बैठक को संबोधित करने में मोदी के साथ शामिल होंगे। जेएसपी नेता ने कहा कि भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने उन्हें सार्वजनिक बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है और उन्होंने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के घटक जेएसपी ने भगवा पार्टी के साथ गठबंधन में तेलंगाना विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है।



दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि उनके बीच सीट बंटवारे पर बातचीत अंतिम चरण में है। आठ साल के अंतराल के बाद, पवन कल्याण ने पिछले साल नवंबर में विशाखापत्तनम की यात्रा के दौरान प्रधान मंत्री से मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद उन्होंने उम्मीद जताई थी कि यह मुलाकात भविष्य में आंध्र प्रदेश के लिए अच्छे दिन लाएगी। पवन कल्याण ने हाल ही में घोषणा की कि उनकी पार्टी तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के साथ गठबंधन में आंध्र प्रदेश में 2024 का चुनाव लड़ेगी। भाजपा ने वाईएसआरसीपी विरोधी वोटों के विभाजन से बचने के लिए उनके साथ शामिल होने के उनके प्रस्ताव पर अभी तक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## भाजपा ने राजस्थान के मसूदा में बदला उम्मीदवार

### असली पहचान छुपाने व फर्जी जाति बताने पर टिकट किया होल्ड

**जयपुर, 6 नवम्बर (एजेंसियां)।** भाजपा को सोमवार को मसूदा से अपना उम्मीदवार अभिषेक सिंह को बदलना पड़ा, क्योंकि यह बात सामने आई कि टिकट पाने के लिए उन्होंने कथित तौर पर तथ्य छिपाए और फर्जी दस्तावेज पेश किए। अब इस सीट से वीरेंद्र सिंह कानावत भाजपा के उम्मीदवार होंगे। वीरेंद्र सिंह कानावत मसूदा पंचायत समिति के प्रधान भी रह चुके हैं। अभिषेक सिंह ने अपने बायोडाटा में खुद को रावत-राजपूत जाति से बताकर टिकट हासिल किया था। लेकिन पता चला कि वह मेहरात समुदाय से हैं। ऐसे में भाजा ने रविवार देर रात टिकट होल्ड कर दिया और सोमवार सुबह उम्मीदवार बदल दिया। मेहरात समुदाय एक जातीय समूह है, जो हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्मों का पालन करता है। इस समुदाय की उत्पत्ति चौहान शासकों से मानी जाती है, जिन्होंने अपने हिंदू रीति-रिवाजों को संरक्षित करते हुए लगभग 700 साल पहले इस्लाम अपनाया था। विभिन्न धर्मों का पालन करने के बावजूद, समुदाय एक मजबूत सांस्कृतिक पहचान बनाए रखता है। इस बीच, भाजपा देहात जिला अध्यक्ष देवी शंकर भूतड़ा ने सोमवार को घटनाक्रम



की पुष्टि की और वीरेंद्र सिंह कानावत को मसूदा से अपना उम्मीदवार घोषित किया। लेकिन भगवा पार्टी को एक महत्वपूर्ण सीट से उम्मीदवार बदलने के कारण शर्मिंदा होना पड़ा। एक पार्टी प्रवक्ता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि हां, हम गलत थे इसलिए हमने अपनी गलती सुधार ली है। कल केंद्रीय मंत्री अमित शाह उदयपुर आ रहे हैं।

हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम खामियों पर चर्चा करने के बजाय अपनी भविष्य की योजनाओं और चुनाव कैसे जीतें, इस पर ध्यान केंद्रित करें।

वहीं दूसरी ओर राजस्थान में आगामी 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अलवर लोकसभा क्षेत्र के तिजारा विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी इमरान खान के विरोध में भिवाड़ी नगर परिषद के सभापति और उपसभापति सहित 14 कांग्रेसी पार्षद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।

# तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए में प्रचार तेज

### ■ चंद्रशेखर राव के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग ■ घर-घर जाकर पार्टी के लिए वोट मांग रहे दिग्गज नेता

**हैदराबाद, 6 नवम्बर (एजेंसियां)।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार तेज हो गया है। दिग्गज नेता अब सड़क पर उतर आए हैं और घर-घर जाकर वोट मांगे जा रहे हैं। एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी बीते कई दिनों से विभिन्न विधानसभाओं में जाकर पार्टी प्रत्याशियों के लिए वोट मांग रहे हैं। सोमवार को ओवैसी चारमिनार विधानसभा में चुनाव प्रचार करने उतरे और घर-घर जाकर पार्टी के लिए वोट मांगे। वहीं तेलंगाना के मुख्यमंत्री और बीआरएस प्रमुख के चंद्रशेखर राव के हेलीकॉप्टर में तकनीकी दिक्कत आ गई। पायलट ने हेलीकॉप्टर को सीएम केसीआर के फार्महाउस पर सुरक्षित उतार दिया।



सीएमओ के मुताबिक, यह घटना तब हुई, जब वह देवराकाद्र में एक सार्वजनिक बैठक में भाग लेने के लिए यात्रा कर रहे थे। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख चुनाव अभियान के लिए एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करने के लिए महबूबनगर जिले के देवराकादरा के लिए उड़ान भर रहे थे, जब पायलट ने तकनीकी समस्या नोटिस की। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, सतर्क पायलट ने हेलिकॉप्टर को केसीआर के फार्म हाउस की ओर मोड़ दिया और उन्हें सुरक्षित रूप से उतार दिया। इसमें कहा गया, विमानन कंपनी मुख्यमंत्री के लिए दूसरे हेलीकॉप्टर की व्यवस्था कर रही है। सीएमओ ने कहा कि दूसरा हेलीकॉप्टर फार्म हाउस पर आएगा और सीएम विधानसभा क्षेत्रों का दौरा जारी रखेंगे। बता दें तेलंगाना में 30 नवंबर को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए मतदान होगा। जिसके नतीजे तीन दिसंबर को सामने आएंगे। सभी दल जीत का दावा कर रही है। चुनावी सभाओं में आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तेज हो गई है। सभी दल अपनी जीत को लेकर लगातार प्रदेश में प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

भाजपा, कांग्रेस, बीआरएस के तमाम स्टार प्रचारक जीत का दावा कर रहे हैं। वहीं गोवा के सीएम प्रमोद सावंत भी तेलंगाना में भाजपा के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि तेलंगाना में भाजपा एक बड़े अंतर से जीत रही है। भाजपा का मुकाबला बीआरएस से है। बीआरएस सनातन धर्म को बर्बाद कर रही है और यहां के लोग उन लोगों को एक भी सीट नहीं देंगे, जो विपक्षी गठबंधन का हिस्सा हैं। असली लड़ाई भाजपा और बीआरएस के बीच है।

### मुस्लिम लीग ने तेलंगाना में कांग्रेस को समर्थन दिया

**हैदराबाद।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है। आईयूएमएल के राष्ट्रीय महासचिव पी.के. कुन्हालीकुट्टी ने अपनी पार्टी के फैसले से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अवगत कराया। उन्होंने गांधी को लिखा, तेलंगाना में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की जड़ें मजबूत हैं। भारतीय मोर्चे का एक हिस्सा, आईयूएमएल सत्तारूढ़ फासीवादियों के खिलाफ नई सरकार बनाने के लिए कांग्रेस के साथ मिलकर काम करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ता 2024 के लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन की सफलता की दिशा में तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी की जीत के लिए चुनाव अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। तेलंगाना विधानसभा की 119 सीटों के लिए 30 नवंबर को चुनाव होने हैं।

# मध्य प्रदेश में चुनवा प्रचार के दौरान सिंधिया का अनोखा अंदाज

**भोपाल, 6 नवम्बर (देशबन्धु)।** मध्यप्रदेश में चुनाव का आलम है और विधानसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का अलग स्वरूप और अलग अंदाज हर जगह देखने को मिल रहा है। वहीं प्रबुद्ध जनों की माने तो ग्वालियर के महाराज कहे जाने वाले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के स्वभाव का यह बदलाव लोगों को खासा आकर्षित भी कर रहा है। और सिंधिया निरंतर नेट पर भी ट्रेंड में नजर आ रहे हैं। हाल ही में ज्योतिरादित्य सिंधिया का एक वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वे एक मातृशक्ति को गले लगाकर भावुक होते हुए नजर आ रहे हैं।



दरअसल केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इन दिनों ग्वालियर चंबल संभाग में लगातार दौरे कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव को लेकर भी खासे गंभीर भी नजर आ रहे हैं। वहीं, पार्टी द्वारा भी उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में भी ग्वालियर की दक्षिण विधानसभा मैं भाजपा के प्रत्याशी नारायण सिंह कुशवाहा के लिए जनसंपर्क कर रहे थे। इस दौरान क्षेत्र की एक महिला ने जो की उम्र में काफी बुजुर्ग नजर आ रही है। उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया को आशीर्वाद देने के लिए जब हाथ आगे बढ़ाया तो सिंधिया ने न सिर्फ अपना सिर उनके आगे झुका दिया बल्कि बेहद भावुक होकर उस जन सैलाब के बीच भी मातृशक्ति को नमन करने लग गए और उन्हें गले लगा लिया। इसके बाद उन्होंने बुजुर्ग महिला को मातृशक्ति के रूप में नमन करते हुए उनके स्थान पर बिठाया और उन्हें लाठी दी इसके बाद स्वयं पूरे जन सैलाब को उनसे दूर करते हुए सभी को महिला से दूर रहने के निर्देश देते हुए नजर आए।

# मप्र में महंगाई व बेरोजगारी चरम पर : अखिलेश

### दमोह विस क्षेत्र में सपा उम्मीदवर के समर्थन में मांगे वोट

**दमोह, 6 नवम्बर (एजेंसियां)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस दोनों सरकारों ने मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार और लूट की है। पिछड़े, दलितों, आदिवासियों को धोखा दिया है। इन वर्गों को गरीब बनाए रखा। सोमवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश के दमोह जिले के विधानसभा क्षेत्र में सपा के प्रत्याशी दृगपाल सिंह लोधी, कटनी जिला में बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में शंकर लाल महतो और महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी अजय तिवारी के समर्थन में चुनावी जनसभाएं की। भाजपा और कांग्रेस दोनों सरकारों ने मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार और लूट की है। पिछड़े, दलितों, आदिवासियों को धोखा दिया है। इन वर्गों को गरीब बनाए रखा। मध्य प्रदेश में पिछड़ों का 27



फीसदी आरक्षण लागू नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस की गलत नीतियों से किसान दुखी हैं। नौजवानों को नौकरी नहीं मिली। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। नौजवान नौकरी, रोजगार की उम्मीद नहीं कर सकता है। हर वर्ग निराश है। पहले कांग्रेस की गलत नीतियों ने गरीब, किसान, नौजवान को पीछे कर दिया, अब भाजपा भी उसी रास्ते पर है। अखिलेश यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस बारी-बारी से बजट की लूट कर रही है। जिन प्रदेशों में गरीबों, किसानों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों की ताकत एक हो गई हो, वहां भाजपा और कांग्रेस का सफाया हो गया।

#### जातीय जनगणना का विरोध कर रही भाजपा

सपा अध्यक्ष ने कहा कि जबसे पिछड़े, दलित, आदिवासी जागरूक हो गए हैं, बड़े-बड़े राष्ट्रीय दल अपनी नीतियां बदलने पर मजबूर हैं। कांग्रेस ने आजादी के बाद जातीय जनगणना रोक दी थी, अब चुनाव देखकर जातीय जनगणना के पक्ष में बोल रहे हैं। भाजपा जातीय जनगणना का विरोध कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस एक ही दल हैं। इनके चेहरे कभी-कभी अलग हो जाते हैं। कांग्रेस और भाजपा की नीतियों में कोई फर्क नहीं दिखाई देता है।

### चुनाव सुरक्षा की कमान संभालेंगे 17 कंपनियों के जवान

**उज्जैन, 6 नवम्बर (देशबन्धु)।** जिले की सातों सीटों पर विधानसभा चुनाव को शांति एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के लिए देश भर के अलग-अलग प्रदेशों से कुल 17 कंपनी उज्जैन पहुंच रही है। विशेष आर्म्स से लेस यह सुरक्षा कंपनी उज्जैन और जिले सहित सभी मतदान केंद्रों पर तैनात रहेंगी। यह कंपनी उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और प्रदेश के अन्य हिस्सों से उज्जैन चुनाव की सुरक्षा कमान को संभालने के लिए पहुंचेगी। उज्जैन पुलिस लाइन के आरआई रणजीत राणा ने बताया कि उज्जैन शहर सहित जिले के कुल 1799 पोलिंग बूथ के लिए देश भर से कुल 17 कंपनियां उज्जैन पहुंच रही हैं।

# गहलोत ने सरदारपुरा विधानसभा क्षेत्र से भरा अपना नामांकन

**जयपुर, 6 नवम्बर (एजेंसियां)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आगामी 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को जोधपुर के सरदारपुरा विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र भरा। गहलोत ने नामांकन पत्र भरने से पहले अपनी बहन विमला से आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए दावा किया कि जिस प्रकार पिछले पांच सालों में उनकी कांग्रेस सरकार ने राजस्थान की जनता के लिए विभिन्न ऐतिहासिक एवं जनकल्याणकारी योजनाएं लागू करके काम किया हैं और इससे इस बार प्रदेश में सत्ता विरोध लहर भी नहीं बन पाई हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में उन्हें पूरी उम्मीद हैं इस बार प्रदेश में कांग्रेस रिपीट करेगी। गहलोत ने जनता को मांई-बाप बताते हुए कहा कि प्रदेश में सभी वर्गों के लिए योजना लाई गई और उन्हें लागू किया गया।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में दस गारंटियां लागू की गई हैं और सात की और घोषणा की गई हैं, उन्हें उम्मीद हैं कि जनता इन्हें पसंद करेगी।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) आदि संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है उसका जनता जवाब देगी और आने वाले चुनावों के बाद विधानसभा और संसद में यह मुद्दा बन जाये तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी।




बिलासपुर, मंगलवार 7 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## लगेगी आग तो आयेंगे घर कई जद में

पिछले साल राहुल गांधी ने लंदन में जब कहा कि भाजपा ने पूरे देश में नफ़रत का केरोसिन छिड़क दिया है, तो भाजपा के प्रवक्ता ने तत्काल 1984 के सिख विरोधी दंगों का हवाला देते हुए कांग्रेस को ही घासलेट डालने वाली पार्टी बताने की कोशिश की थी। लेकिन अब अपने ही एक नेता के नफ़रत भरे बयान की आंच में भाजपा खुद झुलसती नज़र आ रही है। दरअसल राजस्थान के तिजारा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे बाबा बालकनाथ के समर्थन में आयोजित एक जनसभा में पार्टी के नेता संदीप दायमा- जो खुद पिछले चुनाव में इसी क्षेत्र से प्रत्याशी थे, ने कहा, कि 'कुछ लोग हमें धर्म और जाति के नाम पर बांटना चाहते हैं, हमें बहुत समझदार होने की ज़रूरत है। जिस तरह से मस्जिद और गुरुद्वारे बनाए गए और छोड़ दिए गए, वे आगे चलकर नासूर बन जाएंगे। इसलिए हमारा धर्म है कि नासूर को यहां से उखाड़ फेंकना चाहिए। अलवर के सांसद बाबा बालकनाथ अब इस काम को पूरा करेंगे'।

इस बयान पर हंगामा तो होना ही था। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने तो अपना रोष जताया ही, शिरोमणि अकाली दल ने भी भाजपा का विरोध किया। और तो और, भाजपा के पंजाब प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने संदीप के ख़िलाफ़ कार्रवाई की मांग कर दी। हालांकि दायमा ने इस बीच अपने बयान पर माफ़ी मांगते हुए एक वीडियो जारी किया और सफ़ाई दी कि वे अपने भाषण में दरअसल मस्जिद-मदरसे का ज़िक्र करना चाहते थे, लेकिन उनके मुंह से मदरसे की जगह गुरुद्वारे निकल गया। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि मुझसे यह ग़लती कैसे हो गई। मैं उन सिखों का अपमान करने के बारे में सोच भी नहीं सकता, जो हमेशा हमारे सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए जाने जाते हैं।' दूसरी तरफ बाबा बालकनाथ ने पत्रकारों से कहा कि 'दायमा से पाप हो गया है, लेकिन उम्मीद है कि सिख समुदाय उसे माफ़ कर देगा'।

दायमा ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को भी माफ़ी मांगते हुए चिट्ठी लिखी लेकिन सिख समुदाय न तो दायमा के वीडियो से, न ही उनकी चिट्ठी से संतुष्ट है। अलवर ही नहीं, राजस्थान के दूसरे शहरों और पंजाब में भी वह अपना आक्रोश जताने सड़कों पर उतर आया। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने दायमा के भाषण पर नाराजगी ज़ाहिर करते हुए कैथल जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा। एक वीडियो में जिला प्रशासन (शायद कोटा) के अफ़सरों को सिख समुदाय के नेता चुनाव आयोग के नाम ज्ञापन देते और सवाल पूछते दिखाई दे रहे हैं कि कि 'देश में चुनाव आयोग नाम की कोई चीज़ है या नहीं? अगर है तो महसूस क्यों नहीं हो रहा? एक आदमी मंच से मस्जिदों-गुरुद्वारों को नासूर बता रहा है तो चुनाव आयोग क्या कर रहा है'? सिख नेता आगे कहते हैं कि 'नासूर तो दरअसल भाजपा और दायमा जैसे फ़िरकापरस्त लोग हैं'।

हालांकि चुनाव आयोग ने दायमा को नोटिस जारी कर दिया है और भाजपा ने भी उन्हें निष्कासित कर दिया है। लेकिन सवाल ये है कि दायमा ने अगर गुरुद्वारे की जगह मदरसे ही कहा होता तो क्या आयोग और भाजपा उनके खिलाफ़ कोई कार्रवाई करते? ध्यान रहे, नफ़रत की ये भाषा केवल सिखों, मुसलमानों या ईसाईयों के लिये नहीं बोली जा रही है, आम तौर पर भाजपा को समर्थन देने वाला जैन समाज भी इसकी चपेट में आ गया है। बाबा बालकनाथ एक हिन्दू पुजारी हैं और भाजपा के सांसद हैं, तो भाजपा के ही सांसद रहे महेश गिरी अब जूनागढ़ के पीठाधीश्वर और गुरु दत्तात्रेय ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं। उन्होंने गिरनार तीर्थ में दिगंबर जैन संतों के आने पर उनके साथ हिंसा की बात कही, जिस पर जैन समाज ने अपना आक्रोश दिखाया तो महेश गिरी ने कहा कि उन्होंने नागा साधुओं के लिए वह बात कही थी, जैन संतों के लिए नहीं। दरअसल, गिरनार को भगवान नेमिनाथ की निर्वाण स्थली माना जाता है, लेकिन गिरी के मुताबिक वह भगवान दत्तात्रेय का स्थान है और जैनियों का वहां कोई अधिकार नहीं बनता।

कहना न होगा कि सिख समुदाय की तरह जैन समाज भी उद्वेलित है। सिख समुदाय ने अगर इस बात पर ऐतराज़ किया है कि दायमा के भाषण पर योगी आदित्यनाथ ताली बजा रहे थे तो गिरी के बारे में जैन समाज पूछ रहा है कि ऐसे आदमी को सांसद क्यों बनाया गया था। उसका कहना है कि 2013 में भी महेश गिरी की शह पर मुनि प्रबल सागर महाराज पर कातिलाना हमला किया गया था, जिसके विरोध में देशव्यापी आंदोलन हुआ था। लेकिन गिरि पर कोई कार्रवाई करने के बजाय भाजपा ने उन्हें पूर्वी दिल्ली से लोकसभा का टिकट दे दिया। अब एक बार फिर जैन समाज पूरे देश में आंदोलन के रास्ते पर है। अभी उसने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजे हैं और कहा है कि महेश गिरी पर कार्रवाई नहीं हुई तो दिगंबर जैन मुनि और आर्यिकाएं दिवाली नहीं मनाएंगे, बल्कि उस दिन वे अन्न-जल भी ग्रहण नहीं करेंगे। यह दिवाली जैन समाज के लिए काली दिवाली होगी।

दायमा का पार्टी से निष्कासन शायद एक तात्कालिक समाधान हो, लेकिन गिरनार मामले में सरकार क्या कोई कदम उठाएगी- खास तौर से तब जब उसके गृह मंत्री स्वयं जैन समाज से ताल्लुक रखते हैं और उसी गुजरात से आते हैं जहां यह बवाल खड़ा हुआ है और उसकी जड़ में भगवा बिरादरी का ही एक सदस्य है। इससे भी बड़ा सवाल ये है कि लगभग एक ही समय में घटे इन दो प्रसंगों से क्या भाजपा कोई सबक लेगी!

एक बार फिर राहत इन्दौरी का शेर याद आता है -

'लगेगी आग तो आयेंगे घर कई जद में
यहां पे सिर्फ हमारा मकान थोड़ी है...'


# जाति गणना: संघ-भाजपा की दुरंगी नीति

जाति गणना के मुद्दे पर, जो उत्तरी भारत में खासतौर पर तेजी से जोर पकड़ रहा है, भाजपा की दशा सांप-छंछूदर वाली हो गयी है। उससे न उगलते बन रहा है और न निगलते। छत्तीसगढ़, राजस्थान तथा मध्य प्रदेश में चुनाव के मौजूदा चक्र में, भाजपा का मुख्य मुकाबला कांग्रेस से है, जो जाति गणना का मुद्दा जोर-शोर से उठा रही है। विडंबनापूर्ण है कि इसके लिए पेश किया जा रहे मुख्य तर्क को जिस एक आसान से नारे में सूत्रबद्ध किया जा रहा है, वह पचास-साठ के दशकों में कांग्रेस के मुखर विरोधी रहे, समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया ने दिया था—जिसकी जितनी गिनती भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी! इस सरल से सिद्धांत को झुठलाने की बदहवास कोशिश में संघ-भाजपा के शीर्ष नेता ऐसी परस्पर विरोधी बातें कह रहे हैं, जो उनके विश्वसनीयता को ही गिराने का काम कर रही हैं।

चुनाव के मौजूदा चक्र की तारीखों के एलान से भी पहले से, खासतौर पर छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश में अपनी चुनावी सभाओं में, खुद प्रधानमंत्री मोदी को जाति-गणना की मांग के खिलाफ दो आम दलीलें देते हुए देखा गया है, जो आपस में जुड़ती भी हैं। पहली दलील तो यही है कि जाति की गणना, बांटने का काम करेगी। समझना मुश्किल नहीं है कि संघ परिवार के नेता जब ''बांटने-बंटने'' की चिंता जताते हैं, तो उनका आशय किस विभाजन से होता है! जाहिर है कि जाति गणना से उनकी शिकायत यही है कि इससे ''हिंदू'' बंट जाएंगे। लेकिन, जाति की सचाई के आधार पर हिंदू कहे जाने वाले तो, पहले ही बंटे हुए हैं।

दूसरों यानी गैर-हिंदू कहलाने वालों से नफरत के सहारे, हिंदू कहे जाने वालों के जाति के आधार पर बंटे होने की सचाई पर ऊपर-ऊपर से पर्दा डालकर, इस विभाजन को छुपाने की संघ-भाजपा तथा उनके सगोत्रों की कोशिशों के बावजूद, जातिगत दर्जे की सच्चाई भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्यत: जन-जीवन को इतना ज्यादा नियंत्रित करती है कि उसे नकारना किसी भी तरह संभव नहीं है। वास्तव में इस सच्चाई को नकारना, ऊंच-नीच पर आधारित, विशेषाधिकारों-निषेधों की इस व्यवस्था को और पुख्ता करने का ही काम करता है। जाहिर है कि जाति की सचाई का इस तरह नकारा जाना, इस विभाजन में विशेषाधिकार की स्थिति-प्राप्त ऊंची जातियों के ही हित में जाता है क्योंकि यह उनके विशेषाधिकारों को ही अदृश्य कर, अजर-अमर बनाने की व्यवस्था करता है। और संघ-भाजपा तथा उनके भाई-बंद, विचारधारात्मक रूप से इसी सवर्ण-विशेषाधिकारवादी या ब्राह्मणवादी व्यवस्था के पोषक हैं।

जाति गणना के जरिए, इस विभाजन के विभिन्न घटकों के अनुपात की सचाई के सामने आने में, प्रधानमंत्री मोदी समेत उनके संघ परिवार को हिंदुओं का ''विभाजन'' ही अगर दिखाई देता है तो इसीलिए कि यह गणना, जाति-विभाजन पर आधारित मौजूदा संतुलन को अस्थिर कर सकती है; उसमें बदलाव की प्रक्रियाओं को आगे बढ़ा सकती है। इसीलिए, एक राजनीतिक पार्टी के रूप में भाजपा और उसके द्वारा नियंत्रित सरकार, हमेशा से हर दस साल पर होने वाली जनगणना में, जाति-जनगणना का पहलू शामिल किए जाने का विरोध करती आयी है। पिछली सदी के आखिरी दशक के आरंभ से उठी पिछड़ा वर्ग के आंदोलन की जबर्दस्त लहर में इस तबके के लिए एक हद तक शिक्षा व रोजगार में आरक्षण की व्यवस्था



राजेन्द्र शर्मा

> जाति गणना की मांग के इस बढ़ते दबाव का मुकाबला करने के लिए ही प्रधानमंत्री मोदी ''जाति के आधार पर बांटने की साजिश'' का झूठा हौवा खड़ा करने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन, खुले आम ''हिंदुओं के बंटने'' की शिकायत, चुनाव के लिए सांप्रदायिक दुहाई का सहारा लिए जाने की श्रेणी में आ सकती थी या कम से कम ऐसी आलोचनाएं तो आकर्षित कर ही सकती थी। इसलिए, प्रधानमंत्री ने बड़ी चतुराई से बांटने की शिकायत को तो ज्यों का त्यों रखा, बस ''हिंदुओं'' की जगह, ''गरीबों'' कर दिया! इस तिकड़म से जाति सर्वे को, जिसमें गरीबों-वंचितों का ही सबसे ज्यादा हित है, गरीबों को बांटने का षडयंत्र बना दिया गया!

अपनाए जाने के बावजूद, इन आरक्षणों के आधार के रूप में जाति गणना का उसका विरोध बना ही रहा है। यहां तक कि पिछले दशक के पूर्वार्द्ध में, वर्तमान मोदी सरकार के आने से पहले राज्यों के आधार पर, सामाजिक-आर्थिक दर्जे की जो गणना की भी गयी थी, उसे भी तरह-तरह के बहानों से दफ्न ही कर दिया गया।

इसी पृष्ठभूमि में लंबे संघर्ष के बाद बिहार में, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने 2022 के जून के आरंभ में जातिगत सर्वे कराने की अधिसूचना जारी की थी। खास बात यह थी कि बिहार की विशेष परिस्थितियों में और आम तौर पर पिछड़े वर्ग के बढ़ते दबाव में तथा गठबंधन सरकार की मजबूरियों के चलते, अनिच्छापूर्वक ही सही भाजपा भी जाति सर्वे को अपना समर्थन देने के लिए तैयार हो गयी। इस तरह एक विसंगतिपूर्ण स्थिति पैदा हो गयी, जहां भाजपा बिहार के स्तर पर कम से कम औपचारिक रूप से जाति गणना का समर्थन कर रही थी, जबकि देश के स्तर पर भाजपा और उसकी केंद्र सरकार, जनगणना में जाति-गणना का पहलू शामिल किए जाने का कड़ा विरोध कर रही थीं। यहां तक कि अब से मुश्किल से दो महीने पहले तक, जब बिहार के जाति सर्वे के नतीजों की घोषणा को रुकवाने में हाई कोर्ट के विफल रहने के बाद, सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी थी, केंद्र सरकार द्वारा दायर किए गए मूल एफीडेविट में, राज्य के ऐसी कोई गणना करने के अधिकार को चुनौती ही दी गयी थी। लेकिन, हवा का रुख भांपकर केंद्र सरकार ने इस मामले में फौरन पल्टी मारी और एफीडेविट में संशोधन करा के, राज्य के ऐसा सर्वे कराने के अधिकार को मान्यता दे दी।

उसके बाद से बिहार में, आंशिक रूप से इस जाति सर्वे के नतीजे घोषित किए जा चुके हैं। उधर कर्नाटक तथा ओडिशा में भी कोई जाति सर्वे मौजूद होने की खबर है, जबकि आंध्र प्रदेश में भी किसी प्रकार का जाति सर्वे चल रहा बताया जाता है। और विधानसभाई चुनाव के वर्तमान चक्र में कांग्रेस के जाति सर्वे का मुद्दा प्रमुखता से उठाने के बाद, छत्तीसगढ़ व राजस्थान की कांग्रेसी सरकारें, जाति सर्वे कराने के संकल्प की घोषणा कर चुकी हैं जबकि कांग्रेस ने मध्य प्रदेश तथा तेलंगाना में भी जाति सर्वे कराने का एलान किया है।

जाति गणना की मांग के इस बढ़ते दबाव का मुकाबला करने के लिए ही प्रधानमंत्री मोदी ''जाति के आधार पर बांटने की साजिश'' का झूठा हौवा खड़ा करने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन, खुले आम ''हिंदुओं के बंटने'' की शिकायत, चुनाव के लिए सांप्रदायिक दुहाई का सहारा लिए जाने की श्रेणी में आ सकती थी या कम से कम ऐसी आलोचनाएं तो आकर्षित कर ही सकती थी। इसलिए, प्रधानमंत्री ने बड़ी चतुराई से बांटने की शिकायत को तो ज्यों का त्यों रखा, बस ''हिंदुओं'' की जगह, ''गरीबों'' कर दिया! इस तिकड़म से जाति सर्वे को, जिसमें गरीबों-वंचितों का ही सबसे ज्यादा हित है, गरीबों को बांटने का षडयंत्र बना दिया गया! और इसका उपदेश दिया जाने लगा कि हम तो एक ही जाति जानते हैं—गरीब। गरीब ही सबसे बड़ी जाति है। उसी को बांटने की कोशिश की जा रही है, आदि, आदि।

लेकिन, इससे कोई यह नहीं समझे कि संघ-भाजपा सिर्फ जाति के यथार्थ के ब्राह्मणवादी नकार पर ही अडिग हैं। सत्ता हासिल करने को सर्वोपरि मानने वाले संघ-भाजपा, इतने यथार्थवादी जरूर हैं कि वे जातिगत विभाजन के यथार्थ के दोहन की संभावनाओं को भी, हाथ से नहीं जाने दे सकते हैं। जाति के दो पक्ष हैं। एक आंतरिक यानी जाति विशेष के रूप में पहचान का। दूसरा, जाति व्यवस्था के अंतर्गत यानी इस व्यवस्था के दूसरे घटकों के बरक्स हैसियत या दर्जे का। इस जातिगत पहचान की राजनीति, सामाजिक यथास्थिति को जरा भी अस्थिर नहीं करती है और इसीलिए, इसको साधने में संघ-भाजपा ने खूब महारत हासिल कर ली है। इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि नरेंद्र मोदी एक ही सांस में 'एक ही जाति—गरीब, ही मानने' का भी दावा करते हैं और उसी सांस में इसका झूठा रोना भी रोते हैं कि 'मैं क्योंकि ओबीसी हूं, इसलिए विरोधी मुझे गालियां देते हैं!' अगर एक ओबीसी को प्रधानमंत्री होकर भी गालियां खानी पड़ती हैं, तब तो और भी जरूरी है कि जाति गणना कराकर, जातियों की वास्तविक स्थिति सामने लायी जाए, ताकि ठोस आधार पर उनके हालात में बदलाव के लिए कदम उठाए जा सकें!

लेकिन, मोदी सरकार को जनगणना में जाति का पहलू शामिल करना मंजूर नहीं है। पिछली सदी के तीस के दशक की जनगणना में आखिरी बार, जाति गणना को शामिल किया गया था। यानी अनुसूचित जातियों व जनजातियों को छोड़ दें तो, जातिगत गिनती और अनुपात के हमारे आंकड़े, सौ साल से भी ज्यादा पुराने हैं। इसके बावजूद, 2021 की देरी से होने वाली जनगणना में, वर्तमान सरकार के इस पहलू को शामिल करने के अब तक कोई संकेत नहीं हैं। इन हालात में बढ़ती संख्या में राज्यों में जाति गणना की मांग उठ रही है। मौजूदा कानून के अनुसार, जनगणना चूंकि केंद्र के ही अधिकार क्षेत्र में आती है, राज्य सरकारें जाति सर्वे या ऐसे ही दूसरे नामों से ही, इस तरह की गणना करा सकती हैं। बिहार के उदाहरण से स्पष्ट है कि राज्यों के स्तर पर जाति-गणना न सिर्फ संभव है बल्कि कई कामों के लिए जरूरी भी हो सकती है। फिर भी, राज्य स्तर पर ऐसी गणना की अपनी गंभीर सीमाएं हैं। प्रामाणिक जाति गणना, जनगणना के हिस्से के तौर पर ही हो सकती है और उसी से विभिन्न सामाजिक संस्तरों की वास्तविक सामाजिक-आर्थिक स्थिति की, अपेक्षाकृत पूरी तथा तुलनात्मक तस्वीर सामने आ सकती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जाति गणना की मांग का बढ़ता हुआ दबाव, खुद अपने राजनीतिक हितों के लिए ही, संघ-भाजपा को भी इसके लिए मजबूर करेगा कि वे अमित शाह की इस तरह की चतुर जुम्लेबाजी से आगे बढ़ें कि 'भाजपा ने तो जाति गणना का कभी विरोध नहीं किया' और अगली जनगणना में जाति-गणना को शामिल किए जाने का रास्ता साफ हो।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# पाकिस्तानी सेना की चाह- पूर्व पीएम नवाज शरीफ चुनाव लड़ें और जीतें

■ हरिहर स्वरूप

कई वर्षों के निर्वासन के बाद नवाज शरीफ की पाकिस्तान वापसी का जश्न तभी राजनीतिक जीत में बदलेगा, जब देश का सैन्य प्रतिष्ठान, जिसने छह साल पहले उन्हें राजनीति से बाहर कर दिया था और अब उनके हालिया विद्रोह में मदद की, अपने व्यवहार में बुनियादी तौर पर बदलाव करेगा। अब तक, ऐसा लगता है कि प्रतिष्ठान शरीफ को इमरान खान के उदार लोकलुभावनवाद के एक जरूरी विकल्प के रूप में देखता है।

शरीफ की वापसी से चुनाव कराना आसान हो जायेगा जिसमें वह जीत सकते हैं। लेकिन इतिहास इस बारे में आशावाद का कारण नहीं देता है कि निर्वाचित होने पर वह अपना कार्यकाल पूरा करने में सक्षम होंगे और नीति निर्माण में उन्हें खुली छूट होगी। वह पहले भी तीन बार प्रधानमंत्री चुने जा चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें अपना कार्यकाल पूरा किये बिना ही पद से हटा दिया गया। 1993 में राष्ट्रपति के एक आदेश द्वारा उन्हें पद से हटा दिया गया। 1999 में एक सैन्य तख्तापलट द्वारा उन्हें अपदस्थ कर दिया गया। फिर 2017 में, उन्हें न्यायिक आदेश द्वारा प्रधानमंत्री बनने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

उन्होंने पिछले तीन वर्षों में, विशेष रूप से सेना के प्रमुख भर्ती क्षेत्र पंजाब में, एक मजबूत समर्थन आधार बनाये रखा। लेकिन उनकी एक के बाद एक सेना प्रमुखों के साथ आमने-सामने की बातचीत नहीं हुई है, जिनमें से कई को शरीफ ने नियुक्त किया था। विवाद का सामान्य मुद्दा सुरक्षा और विदेश नीतियों और सैन्य नेताओं के नीतियों को निर्धारित करने के अधिकार पर मतभेद रहा है। अब सवाल यह है कि क्या शरीफ का चौथा कार्यकाल पाकिस्तान के सैन्य नेताओं के साथ घातक विवाद के साथ समाप्त होगा।

जुलाई 2018 के चुनावों की पूर्व संध्या पर, जिसने इमरान खान को कार्यालय में लाया, निकट भविष्य में शरीफ की वापसी की भविष्यवाणी की गई थी... 'भले ही सेना वोट डाले जाने के बाद एक चयनित प्रधानमंत्री को कार्यालय में स्थापित करने में सफल हो जाती है, यह एक विश्वसनीय, प्रभावी, नागरिक मुखौटा बनाने के अपने मूल उद्देश्य में सफल नहीं होगा। शरीफ की कैद से उनके पतन की साजिश रचने वाले जनरलों और कर्नलों की सेवानिवृत्ति के बाद लंबे समय तक उनका (या उनकी बेटी का) राजनीतिक कॅरियर खत्म नहीं होगा।

वास्तव में यही है जो हुआ। जनरलों की पसंद, इमरान खान, सर्वशक्तिमान प्रतिष्ठान के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गये, जितना कि कोई भी अन्य राजनेता कभी नहीं रहा होगा। पद से हटाये जाने के बाद, पूर्व क्रिकेटर ने उग्र प्रदर्शन किया जिससे पाकिस्तान के बाहरी संबंधों के साथ-साथ घरेलू व्यवस्था को भी खतरा पैदा हो गया। उनकी गिरफ्तारी से क्रोधित होकर, खान के प्रशंसकों ने सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला कर दिया – ऐसा कुछ जो पाकिस्तानी राज्य के घोषित दुश्मनों ने भी नहीं किया था।

> शरीफ और उनसे पहले बेनजीर भुट्टो के विपरीत, इमरान खान संविधान के तहत नागरिक सर्वोच्चता को लेकर सेना के साथ टकराव करने वाले राजनेता नहीं थे। वह यह साबित करने की कोशिश कर रहे थे कि उनका वर्चस्व पाकिस्तान के सैन्य नेताओं के लिए सार्वजनिक अनुमोदन से अधिक था और वह स्थायी राज्य तंत्र से अधिक मजबूत थे। सेना ने कड़ी कार्रवाई के साथ जवाब दिया, जिसे अधिकांश राजनीतिक अभिजात वर्ग का समर्थन प्राप्त था।

शरीफ और उनसे पहले बेनजीर भुट्टो के विपरीत, इमरान खान संविधान के तहत नागरिक सर्वोच्चता को लेकर सेना के साथ टकराव करने वाले राजनेता नहीं थे। वह यह साबित करने की कोशिश कर रहे थे कि उनका वर्चस्व पाकिस्तान के सैन्य नेताओं के लिए सार्वजनिक अनुमोदन से अधिक था और वह स्थायी राज्य तंत्र से अधिक मजबूत थे। सेना ने कड़ी कार्रवाई के साथ जवाब दिया, जिसे अधिकांश राजनीतिक अभिजात वर्ग का समर्थन प्राप्त था, लेकिन सैन्य शासन लागू करने की उसकी अनिच्छा को देखते हुए, उसे एक लोकप्रिय राजनीतिक विकल्प की भी आवश्यकता थी।

शरीफ की वापसी, और उनके खिलाफ आपराधिक आरोपों और मामलों को तेजी से पलटना, चुनाव कराने की प्रतिष्ठान की इच्छा का परिणाम है जिसमें खान नहीं जीते। प्रतिष्ठान के दृष्टिकोण से, चुनाव जीतने और शासन दोनों में शरीफ के अनुभव को देखते हुए, आत्ममुग्ध क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान की तुलना में शरीफ अधिक सुरक्षित हाथ होंगे। लेकिन शरीफ को एक और कार्यकाल देने की सत्ता प्रतिष्ठान की इच्छा कुछ कठिन जमीनी हकीकतों का प्रतिबिंब है।

जिस समय शरीफ को निर्वासन के लिए मजबूर किया गया था, पाकिस्तानी पंजाब शरीफ के सत्ता-विरोधी अनुयायियों के बीच विभाजित था, जो मानते थे कि लोकतंत्र को सुरक्षित करने के लिए सत्ता से लड़ना भ्रष्टाचार से लड़ने से ज्यादा महत्वपूर्ण था, और इमरान खान के सत्ता-समर्थक समर्थकों ने वही दोहराया जो प्रत्येक पाकिस्तानी तख्तापलट करने वाले का मंत्र था: पाकिस्तान के राजनेता आम तौर पर भ्रष्ट होते हैं, लोकतंत्र के कार्यशील होने से पहले भ्रष्टाचार को समाप्त किया जाना चाहिए, और राजनेताओं को उनके स्थान पर रखने के लिए जनरलों और न्यायाधीशों की अपनी प्राथमिकताएं होती हैं।

## पावन प्रसंग

### बड़ी सफलता नियमित प्रयास की परिणति

बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताएं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ-साथ सामाजिकता, प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए। यदि व्यक्ति की आकांक्षा, सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है। जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय आविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है। भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है। ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत, ज्ञानेश्वर, तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था। परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध होने का प्रयास करना चाहिए ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थायी एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थायी सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है। आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थायी सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थायी एवं पानी के बुलबुले की तरह है और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

### शिक्षकों की कमी शिक्षा में बेहतर बदलाव के लिए बाधक

शिक्षा के जरिए ही प्रत्येक व्यक्ति के जीवन से अज्ञानता, अंधविश्वास एवं रूढ़िवादी सोच दूर होती है। व्यक्ति में वैज्ञानिक सोच और भौतिक-अभौतिक, विज्ञान आदि का सम्यक ज्ञान से जीवन खुशहाल होता है। शिक्षित व्यक्ति ही अच्छाई और बुराई में फर्क समझ सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि शिक्षा का सर्वप्रथम उद्देश्य है व्यक्ति का चरित्र निर्माण, सजग नागरिक बनाना एवं सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करना है। पूरे देश में शिक्षा में सुधार के लिए अलग-अलग राज्यों की सरकारें काम कर रही हैं। बुनियादी संरचना जैसे-भवन निर्माण, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेल का मैदान आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने में सरकारी मशीनरी लगी रहती है। वहीं छात्रों के सर्वांगीण विकास व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रयास तो हो रहे हैं लेकिन धरातल पर कम दिख रहा है।

प्रयोगशाला व पुस्तकालय नहीं रहने की वजह से छात्रों को समुचित ज्ञान नहीं मिल पा रहा है। दूसरी ओर शिक्षकों की कमी की वजह से विषयवार कक्षाएं संचालित नहीं हो पा रही हैं। इस संबंध में, पारू प्रखंड के अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय चांदकेवारी के प्रधानाध्यापक जयराम साह बताते हैं कि विद्यालय में क्लासरूम की कमी नहीं है। लेकिन फिर भी इंटरमीडिएट की पढ़ाई को सुचारू ढंग से चलाना मुश्किल है क्योंकि यहां उच्चतर माध्यमिक के एक भी विषय के शिक्षक नियुक्त नहीं हैं। ऐसे में बच्चों का अनुपस्थित होना लाजिम है। यहां कुल नामांकित 799 बच्चों का भविष्य 14 शिक्षकों के भरोसे है। वहीं जिले के साहेबगंज प्रखण्ड स्थित हुस्सेपुर दोबंधा में संचालित मध्य विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय में केवल कक्षा 1 से 5 तक के ही शिक्षक हैं। दूसरी ओर विद्यालय को अपग्रेड करते हुए 11-12वीं के लिए कोड आबंटित किया जा चुका है। विद्यालय में 337 छात्र-छात्राओं का नामांकन है। वर्ग 9-10वीं में 120 छात्रों का नामांकन है। वहीं इंटरमीडिएट में 62 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं लेकिन शिक्षकों के अभाव के कारण पठन-पाठन बिल्कुल ठप हैं। इस स्कूल के एक शिक्षक मनोज कुमार ने बताया कि प्राइमरी शिक्षक के भरोसे उच्चतर माध्यमिक व माध्यमिक छात्रों का भविष्य है। वहीं प्रधानाध्यापक उमाशंकर सिंह बताते हैं कि इस विद्यालय में किसी भी चीज़ की कमी नहीं है, अच्छे भवन हैं, छात्र-छात्राओं के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं हैं, केवल शिक्षकों की कमी है। जो सबसे बड़ी बाधा है।

स्कूल की समस्या पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सिंह का कहना है कि वर्तमान में बिहार सरकार एवं शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा शिक्षा में सुधारात्मक कार्रवाई रंग ला रही है। जिस-जिस विद्यालय में भवन की कमी है, शिक्षकों की कमी है, बच्चों को बैठने के लिए डेस्क-बेंच की कमी है, उसमें विभाग विद्यालयों को राशि आबंटित कर रहा है।

शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मृत्युंजय कहते हैं कि सरकार की यह कवायद मील का पत्थर साबित हो रहा है। जिले के स्कूलों में बच्चों की संख्या अधिक है, तो शिक्षकों की भारी कमी है। शिक्षा विभाग को तत्काल बच्चों के अनुपात में शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित करनी होगी। शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रशिक्षण भी समय-समय पर आवश्यक है।

**फूलदेव पटेल, मुजफ्फरपुर बिहार**

उल्टा पुल्टा

डिलिवरी के टाइम डॉक्टर ने महिला से पूछा: क्या आप डिलिवरी के टाइम बच्चे के बाप को अपने पास देखना पसंद करेंगी?

महिला: नहीं, उसे मेरे पति पसंद नहीं करते!

# मतदान के लिए तैयार की जा रही है ईव्हीएम मशीनें

## कलेक्टर ने कमीशनिंग प्रक्रिया का लिया जायजा

## प्रेक्षकों एवं प्रत्याशियों की मौजूदगी में शुरू हुई कमीशनिंग





**बिलासपुर** 6 नवंबर (देशबन्धु) ।जिले में 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए तैयारियां जोरो से चल रही है। इसी क्रम में कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाये गये स्ट्रांग रूम में आज से ईव्हीएम मशीनों को मतदान के लिए तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी। ईव्हीएम मशीनों को मतदान के लिए तैयार करना कमीशनिंग कहलाता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने सभी विधानसभाओं के लिए निर्धारित कक्षों का निरीक्षण कर कमीशनिंग का जायजा लिया। कलेक्टर ने कमीशनिंग के कार्य में पूरी सावधानी बरतने के निर्देश दिए। कमीशनिंग की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक उदयन मिश्रा एवं राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई।

सभी मशीनों की कमीशनिंग प्रक्रिया तीन से चार दिन तक चलेगी। सेक्टर अधिकारियों को कमीशनिंग दल का प्रभारी बनाया गया है उनके साथ दो सहायकों की भी ड्यूटी भी कमीशनिंग कार्य के लिए लगायी गयी है। कमीशनिंग की प्रक्रिया में सबसे पहले बैलेट यूनिट की कमीशनिंग की जाती है। कमीशनिंग के दौरान सभी मतदान केंद्रों में जाने वाली बीयू में बैलेट पेपर लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई। कमीशनिंग के दौरान सीयू में पिंक पेपर सील लगाई गई। पिंक पेपर सील पर संबंधित आरओ, अभ्यर्थी अथवा उनके प्रतिनिधि और ईसीआईएल के इंजीनियर ने अपने हस्ताक्षर किये। कैंडिडेट सेट करते समय सीयू, बीयू और वीवीपेट को एक साथ जोड़ा गया। कैडिंडेट सेट नोटा बटन दबाकर किया जाता है। इसके बाद मॉक पोल कर सत्यता की जांच की गई। सीलिंग प्रक्रिया के दौरान सीयू के स्विच को ऑफ रखा गया। वीवीपैट में थर्मल पेपर रोल लगाया गया। बैटरी इंस्टॉल करके वीवीपैट में सिंबल लोडिंग जिग मशीन की सहायता से ईसीआईएल के इंजीनियर द्वारा की गई। इसके साथ ही ईवीएम नंबर, बीयू, सीयू नंबर, उनके बैटरी नंबर, वीवीपैट नंबर, रजिस्टर में दर्ज किये गये। कमीशनिंग के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से नियुक्त इंजीनियर भी उपस्थित रहे। नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी भी निरीक्षण के दौरान मौजूद थे।

## संपादकीय

# अपराधियों पर रहे नज़र

*दीपावली का त्यौहार नज़दीक आ गया है तो वहीं छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव भी अब काफी निकट आ गये हैं। प्रथम चरण के चुनाव के अंतर्गत 2 सीटों पर 7 नवम्बर को मतदान होगा। इनमें से ज्यादातर बस्तर क्षेत्र के तहत आने वाले विधानसभा क्षेत्र हैं। ये नक्सली प्रभावित होने के कारण संवेदनशील हैं जहां माओवादी हाल के दिनों में भी कुछ कार्रवाइयां कर चुके हैं। हालांकि उन सभी घटनाओं का सम्बन्ध नक्सली गतिविधि के रूप में नहीं देखा जा रहा लेकिन वहां सुरक्षा व्यवस्था महत्वपूर्ण मुद्दा है।*

*अन्य 7 सीटों पर चुनाव कराना भी कोई आसान नहीं है। उनमें दूसरे तरह की चुनौतियां हैं। प्रमुख यह कि आदतन बदमाशों की उसमें दखलंदाजी न होने पाये। उन्हें चुनाव से कुछ लेना-देना नहीं होता। वे केवल प्रत्याशियों से कुछ पैसे ऐंठने या खाने-पीने के लिये जुड़ जाते हैं। उम्मीदवारों से उम्मीद की जानी चाहिये कि वे ऐसे तत्वों से सावधान रहें और उन्हें अपने प्रचार अभियान का हिस्सा न बनने दें। वे उनका केवल खर्च नहीं बढ़ाते बल्कि उनका नाम भी बदनाम करते हैं। यह स्वयं राजनैतिक दल और उम्मीदवार सुनिश्चित करें कि उनकी प्रचार टीम में बदनाम या आपराधिक छवि के लोग घुसने न पायें। इससे उनका जनाधार ही घटेगा। वे अपने साथ अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं या कभी खुद प्रत्याशियों को भी फंसा सकते हैं।*

*यह अच्छी बात है कि रायपुर पुलिस इस ओर से सतर्क है और उसने अभी से असामाजिक तत्वों और आदतन बदमाश लोगों की नकेल कसनी शुरू कर दी है। करीब 5 हजार लोगों की ओर से चुनाव के मद्देनज़र अच्छे चाल-चलन के लिये बॉन्ड भरा लिये गये हैं। उन्हें चेतावनी दे दी गई है कि वे इस दौरान किसी तरह की अशांति फैलाते हुए पाये गये या फिर किसी विवाद में उलझे तो उन्हें जेल भेज दिया जायेगा। 4 हजार से अधिक लोगों को पहले से ही जेल में डाल दिया गया है। दो आदतन बदमाशों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत कार्रवाई की गई है तो अन्य दो को जिलाबदर कर दिया गया है। इनके खिलाफ अनेक मामले पहले से दर्ज हैं और वे सुधरने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। पूरे चुनाव के दौरान ये जिलाबदर रायपुर जिले से बाहर रहेंगे।*

*चुनाव को देखते हुए ही पुलिस ने बड़ी संख्या में चाकूबाजों, अपराधियों तथा नशीले पदार्थों के सेवन के आदी और सप्लाई करने वालों पर भी नज़र रखनी शुरू कर दी है। उम्मीद है कि पुलिस की इस सतर्कता-तत्परता से प्रदेश के चुनाव अपनी ख्याति एवं प्रतिष्ठा के अनुरूप शांतिपूर्वक निपट जायेंगे। आशा है कि पूरे राज्य में इसी तर्ज़ पर प्रदेश भर के सभी जिलों के संदिग्ध तत्वों पर नज़र रखी जायेगी। छत्तीसगढ़ पुलिस ऐसा करती हुई दिखाई दे भी रही है।*

## सार-संक्षेप

### तिफरा सब्जी मंडी सड़क का हो रहा मरम्मत



**बिलासपुर,** 6 नवंबर (देशबन्धु)। तिफरा सब्जी मंडी से रायपुर रोड को जोड़ने वाली सड़क पिछले कई सालों से खस्ताहाल थी क्योंकि सब्जी मंडी और फल मंडी एक ही स्थान पर होने की वजह से यहां हर समय वाहनों का आवाजाही प्रारंभ रहता है।तो वही सब्जी और फल खरीदने विक्रेता भी यहां पहुंचते हैं लेकिन सड़क खराब होने से यहां आवाजाही में काफी दिक्कत हो रही थी इस समस्या को देखते हुए पिछले दिनों छत्तीसगढ़ शासन ने सड़क को बनाने की स्वीकृति प्रदान की और इसका भूमि पूजन भी किया गया। ऐसे में अब इस सड़क के निर्माण कर को पूरा किया जा रहा है ताकि हर मौसम में या सड़क आवाजाही के लिए सुविधा बन सके प्रतिदिन हजारों की संख्या में यहां विक्रेता और करता पहुंचते हैं ऐसे में सड़क खराब होने से यहां कई बार दुर्घटना भी हो चुकी है जिसे देखते हुए इस सड़क के निर्माण के होने के बाद अब आवाजाही सम हो जाएगी क्षेत्र वासियों की बीमा ने तो इस सड़क के बनने की जरूरत लंबे समय से थी वही अभी सड़क के बनने के बाद निश्चित तौर पर सुविधा होगी और आवाजाही में भी किसी प्रकार की घटनाएं नहीं करनी पड़ेगी।

### स्वीप सुआ और महारंगोली अभियान से दिया जाएगा मतदाता जागरूकता संदेश




**बिलासपुर,** 6 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में मतदाता जागरूकता स्वीप के लिए जिला प्रशासन द्वारा जोर शोर से अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में सभी वर्गों की प्रभावकारी सहभागिता सुनिश्चित हो रही है। इसी कड़ी में जिले के तमाम अधिकारी-कर्मचारी एक साथ 07 नवंबर को मतदान करने और कराने का महासंकल्प लेंगे। शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान इस सूत्र को हकीकत में बदलने के लिए कवायद निरंतर जारी है। 07 नवंबर को ही छत्तीसगढ़ के पारंपरिक नृत्य स्वीप सुआ के जरिए भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। चला बिलासपुरिया, वोट देवईया टैग लाईन से बिल्हा के शासकीय कॉलेज मैदान में दोपहर एक बजे से होगा। इसी प्रकार महारंगोली का आयोजन शहर के साईन्स कॉलेज मैदान में सुबह 8 से 10 बजे होगा।

### चरवाहे के बाड़े से 15 भेड़ ले गए चोर

**बिलासपुर,** 6 नवंबर (देशबन्धु)। हिर्री थाना क्षेत्र के पेंड्रीडीह में चोरों ने चरवाहे के बाड़े से 15 भेड़ पार कर दी। इसकी जानकारी होने पर चरवाहा अपनी भेड़ों की तलाश आसपास के गांव में करता रहा। भेड़ नहीं मिलने पर चरवाहे ने घटना की शिकायत हिर्री थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। हिर्री थाना क्षेत्र के पेंड्रीडीह में रहने वाले दिलीप कुमार पाल ने भेड़ पाल रखी है। उनके बाड़े में करीब 250 भेड़ हैं।उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर रात भेड़ों को चारा दिया। इसके बाद वे बाड़े का दरवाजा बंद कर अपने कमरे में आकर आराम करने लगे।

# मंडल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**बिलासपुर**,6 नवंबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंड़ल में रेलवे के प्रतिदिन के कार्यकलापों में पारदर्शिता को बरकरार रखने एवं रेल उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन 30 अक्टूबर से 05 नवंबर 2023 तक किया गया । सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विधिवत शुभारंभ दिनांक 30 अक्टूबर को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुई थी 7 सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र उसलापुर में निबंध प्रतियोगिता, मंडल सभागार में कर्मचारियों के लिए निबंध प्रतियोगिता तथा रेलवे स्कूलों में स्कूली बच्चों के लिए वाक तथा चित्रकारी प्रतियोगिता आदि शामिल हैं।आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री देवराज व योगेश कुमार देवांगन के मुख्य आतिथ्य में समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा भ्रष्टाचार पर आधारित नुक्कड नाटक की जीवंत प्रस्तुति दी गई 7 अनैतिक तरीके से आय अर्जित करने के दुष्परिणामों को दिखाते हुये नैतिक तरीके से कार्य करते रहने के प्रति जागरुकता का संदेश दिया गया । इसके पश्चात सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अपर मंडल रेल प्रबन्धक श्री देवराज व योगेश कुमार देवांगन के करकमलों से नकद राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया । साथ ही सभी को सत्यनिष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया गया । स्काउट गाइड के बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की गई तथा पुरस्कार विजेताओ को बधाई दी गई । इस अवसर पर सहायक कार्मिक अधिकारी श्री देवाशीष घोष सहित अन्य अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे ।

# सिम्स में प्रशासनिक अफसरों को निरीक्षण में लगातार मिल रहीं खामियां

**बिलासपुर**,6 नवंबर (देशबन्धु)। सिम्स की बिगड़ी हुई चिकित्सा व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी लगातार सिम्स का निरीक्षण कर रहे हैं। इसमें इन्हें ढेरों खमियां मिल रही हैं। साथ ही अधिकारी, चिकित्सक व कर्मचारियों का व्यवस्था को लेकर उदासीन रवैया भी उजागर हो रहा है। ऐसे में साफ है कि आने वाले दिनों में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी हो सकती है। अधिकारियों ने ऐसे लापरवाह व कामचोरों की सूची तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं।ऐसे में जल्द ही तबादले की गाज गिर सकती है। इस बात को लेकर अधिकारी, डाक्टर के साथ ही कर्मचारी सकते में आ गए हैं। कुछ दिन पहले ही सिम्स की बदहाली को लेकर हाई कोर्ट ने सिम्स प्रबंधन को जमकर आड़े हाथ लिया है। ऐसे में प्रशासन स्तर पर व्यवस्था सुधारने की कवायद चल रही है और खामियां मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों को जमकर फटकार लग रही है।

जहां पर निरीक्षण पर आने वाले अधिकारियों ने कामचोरी करने वालों की सूची तैयार करने के निर्देश दे चुके हैं। साफ है कि सिम्स की व्यवस्था सुधारने में अब प्रशासन स्तर पर कोई भी कसर नहीं छोड़ा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक आने वाले दिनों में यहां बड़े पैमाने पर तबादले होने वाले है। जिससे डाक्टर, अधिकारियों और कर्मचारी सकते में आ गए हैं।सिम्स में बहुत राजनीति चलती है, जिसे भी खत्म करना जरूरी हो गया है। यहां पर डाक्टर और अधिकारियों के दो गुट हैं।

इसका असर सिम्स पर पड़ रहा है और मरीज उपचार से वंचित हो रहे हैं। गुटीय राजनीति होने की वजह से भी अव्यवस्था का आलम बना हुआ है। पहुंचने वाले मरीजों को जो सुविधा मिलनी है, उसके लिए उन्हें जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

## वीरांगना इकाई द्वारा आयोजित भारत को जानो में 586 बच्चों ने भाग लिया

**बिलासपुर**,6 नवंबर (देशबन्धु)। भारत विकास परिसर की वीरांगना इकाई बिलासपुर के द्वारा भारत को जानो सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें शहर के 11 स्कूल से 586 बच्चों ने भाग लिया जो 6 से लेकर 12वीं तक शामिल हुए और इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को भारत की संस्कृति परंपराएं व विभिन्न छात्रों के प्रतिष्ठित विभूतियां उनकी कृतियां आदि से परिचित कराना है और इस प्रतियोगिता में शासकीय एवं अर्ध शासकीय विद्यालयों के बच्चे से उनकी शिक्षिका एवं शिक्षक के निर्देशन में बहुत उत्साह से भाग लिया द्वितीय स्तर के लिए 11 तक बच्चों से 28 बच्चों के बीच प्रतियोगिता रखी गई।

# चुनाव प्रचार पर गए प्राध्यापक, विद्यार्थियों ने कक्षा नहीं लगने का लगाया आरोप



## डीपी विप्र लॉ कालेज के छात्रों ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर**,6 नवंबर (देशबन्धु)। डीपी विप्र विधि महाविद्यालय के प्राध्यापक धर्मेंद्र शर्मा द्वारा चुनावी प्रचार प्रसार में जाने के कारण महाविद्यालय में लगने वाली कक्षा बाधित हुई। जिसकी वजह से विद्यार्थियों ने आज प्राचार्य डॉक्टर अन्नू भाई सोनी को ज्ञापन सोपा और निरंतर कक्षा सुचारू रूप से चले इसका निवेदन किया।

विद्यार्थियों का यह भी आरोप है कि प्राध्यापक धर्मेंद्र शर्मा द्वारा महाविद्यालय में गलत जानकारी देकर छुट्टी ली है जबकि उनके द्वारा लगातार जांजगीर चांपा में बीजेपी प्रत्याशी श्री नारायण चंदेल जी के चुनाव प्रचार में जा रहे है।

एनएसयूआई छात्र नेता अवनीश पांडे ने इन सभी विद्यार्थियों की समस्या को प्राचार्य तक पहुंचाया और कक्षाएं प्रारंभ नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी ।

# कार से गांजा लेकर जा रहे तस्कर गिरफ्तार

## दो महिला सहित 2 युवक पकड़ाए



**बिलासपुर,** 6 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा बिलासपुर जिले मे ''निजात अभियान'' अभियान के तहत् अवैध मादक पदार्थों/नशीली दवाईओं को पकडने के आदेश परिपालन मे पुलिस (ग्रामीण ) श्रीमति अर्चना झा एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) उदयन बेहार के द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने के सम्बंध में दिशा निर्देश प्राप्त हुआ था। थाना मस्तुरी पुलिस को मुखबीर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की एक सफेद रंग का ट्राइबर कार क्रमांक एमपी 20 जेड बी 2074 में दो पुरुष एवं दो महिला सवार होकर भारी मात्रा मे नशीला पदार्थ (गांजा) कार में भर कर रायगढ़ की ओर से बिलासपुर की ओर एन एच 49 से जा रहे है कि सूचना पर सायबर सेल से तकनीकी सहायता प्राप्त कर दो गवाहों को साथ लेकर हमराह सउनि हेमंत पाटले आर 809 राम सोही साहू, आर 668 सुखदेव मांडरे आर 213 शशीकरण कुर्रे महिला आरक्षक 81चंदा यादव एवं दो गवाहों के साथ पेट्रोलिंग वाहन सुमो वाहन सीजी 03 7533 के एन एच 49 मोहतरा चौक से 300 मीटर आगे ग्राम पाराघाट जाने के मार्ग में ही एक सफेद रंग के कार ट्राइबर वाहन एमपी 20 जेडबी 2074 को रोककर पूछताछ किया गया।कार में दो पुरुष एवं दो महिला सवार मिले जिनसे नाम बता पूछने पर वाहन चलाने वाला अपना नाम अरविन्द साहू पिता बालाराम साहू, उम्र 28 वर्ष निवासी चमनी बरेला थाना बरेला जिला जबलपुर (मप्र) अन्य सवार व्यक्ति से नाम पूछने पर अपना नाम राहुल झारिया पिता पहलाद झारिया उम्र 24 वर्ष निवासी उमरिया थाना रोपरा जिला जबलपुर एवं महिलाओं न अपना नाम श्रीमती कमला बाई पति र बसुरी गोड उम्र 50 वर्ष निवासी शासन थाना पाटन जिला जबलपुर, श्रीमती रश्मि पाल पति राजेश पाल उम्र 40 वर्ष निवासी साशन थाना पाटन जिला जबलपुर (म.प्र) के रहने वाले बताये।उक्त कार की डिक्की की तलाशी लेने पर सेलो टेप से पैक किया हुआ 21 नग बड़ा पैकेट एवं 15 नग छोटा पैकेट मिला जिसमे से गांजा की खुश्बू आने पर मौके पर ही गवाहों के समक्ष बरामदगी पंचनामा तैयार कर विधिवत जप्त किया गया।घटना में प्रयुक्त ट्राइबर कार किमती 10 लाख एवं गांजा 27 किलो कीमती 2 लाख 70 हजार जुमला कीमती 12 लाख 70 हजार को सभी आरोपियों के सयुक्त कब्जे से जप्त किया गया। जप्तसुदा ट्राइबर कार के वाहन स्वामी के सम्बंध में परिवहन कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जाती है। सभी आरोपियों को 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड मे माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रविन्द्र अनन्त, उप निरीक्षक रामनरेश यादव, सहायक उप निरीक्षक हेमंत पाटले, राजेश सिंह, उप निरीक्षक कृष्ना साहू सायबर प्रभारी, आरक्षक सरफराज खान, सत्यकुमार पाटले एवं अन्य (सभी सायबर सेल) आरक्षक सुखदेव मांडरे, रामस्नेही साहु, शशिकरण कुर्रे महिला आरक्षक चंदा यादव, मीना राठौर का विशेष योगदान रहा।

## सार-संक्षेप

### रेलिंग के गेप में फंस गया सांड



कोरबा, 06 नवंबर (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा शहर सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। इसके लिए सीएसईबी चौक से टीपी नगर चौक तक मुख्य मार्ग के किनारे रेलिंग लगाई गई है। रेलिंग के बीच कुछ गैप छोड़ा गया है जो मवेशियों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। रेलिंग पार करने के प्रयास में रविवार शाम लगभग 5 बजे एक सांड इस रेलिंग के गेप में फंस गया। काफी देर तक वह फंसा रहा। मार्ग से गुजरने वाले लोगों की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने किसी तरह से मशक्कत कर रेलिंग के गैप में फंसे सांड को उठाकर बाहर निकाला।

### मतदान के लिये जागरुक करने रंगोली, रैली, मानव श्रृंखला, नुक्कड़-नाटक सहित अन्य जतन




**कोरबा,** 06 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन एवं जिला स्वीप नोडल व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मानव श्रृंखला, रैली, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन व निबंध प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर सतत् रूप से मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है।

इस कड़ी में प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मार्गदर्शन में विद्यालय के स्वीप इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूली छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं आकर्षक रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इसी तरह आयुष विभाग द्वारा करतला विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केराकछार में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। आयुष विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को मतदान की महत्ता को बताते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही सभी को मतदान तिथि को अनिवार्य मतदान हेतु संकल्पित किया।

### मतदाताओं को जागरुक करने माडर्न कॉलेज में स्लोगन प्रतियोगिता




कोरबा, 06 नवंबर (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत माडर्न कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एण्ड इन्फॉरमेंशन टेक्नोलॉजी, कोरबा महाविद्यालय में मेरा वोट-मेरे सशक्त विकास के आधार पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देशय मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करना है।

मतदाता जागरूकता विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने मतदान के लिए जगारूक किया एवं मताधिकार के महत्व के साथ-साथ लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान कराना अनिवार्य है,पर स्लोगन से संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अनिवार्य मतदान की शपथ ली।

स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी सहायक प्राध्यापक जीएस सोन की देख-रेख में मतदाता जागरूकता हेतु स्लोगन लेखन प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। प्रतिभागियों में प्रथम विद्यावती खांडे, द्वितीय शिल्पा चौधरी, निकिता कर्ष एवं तृतीय स्थान उपासना पटेल ने प्राप्त किया। आशि वर्मा, आकाश शर्मा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हाशिम सईद ने पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों को शुभकामनायें दी तथा अनिवार्य एवं शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायह प्राध्यापिका श्रीमती स्मिता मुखर्जी एवं सहायक प्राध्यापिका सुश्री अंजली महंत का योगदान रहा।

### कार की चपेट में आकर दो बच्चे घायल




**कोरबा-जमनीपाली,** 06 नवंबर (देशबन्धु)। एनटीपीसी जमनीपाली क्षेत्र में एनटीपीसी कालोनी के गेट के सामने आज दोपहर करीब 12 बजे एक कार ने दो बच्चों को चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों बालक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत एनटीपीसी गेट के सामने एक तेज रफ्तार बलेनो कार क्रमांक सीजी-12बीके-2290 के चालक ने हड़बड़ी में वाहन चलाते हुए दो बच्चों को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह कार से बच्चों को अलग किया और एनटीपीसी के विभागीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। दोनों बच्चों की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। बताया जा रहा है कि कार चालक भी किसी अन्य मरीज को लेकर एनटीपीसी चिकित्सालय जा रहा था कि इस बीच हड़बड़ी में यह हादसा हो गया।

# अंडरब्रिज नहीं बनवा पाए जनप्रतिनिधि, जनता हर दिन फंस रही फाटक में

## सुनालिया और इमलीडुग्गू में खत्म नहीं हो रहा है वर्षों का इंतजार

कोरबा, 06 नवंबर (देशबन्धु)। इन दिनों चुनावी शोर चौतरफा गूंज रहा है। इस शोर में पक्ष विपक्ष के नेता और जनप्रतिनिधि अपने-अपने वोट मजबूत करने के लिए दावों और वादों की लंबी-लंबी लिस्ट लेकर चल रहे हैं। जगह-जगह सभाओं में विकास की बात हो रही है लेकिन शहर के लोग हर दिन चौबीस घंटे में दर्जनों बार जिस फाटक पर फंसते हैं, उस पर अंडरब्रिज बनवाना इनके लिए संभव नहीं हो पा रहा है। सीएसईबी चौक फाटक पर वाई शेप ओव्हरब्रिज भी खटाई में पड़ गया है। जनप्रतिनिधियों के शिथिल और उदासीन रवैये के कारण रेलवे के अधिकारियों की भी मनमानी जन सुविधाओं के प्रति इस कदर बढ़ी है कि जनता हर दिन इन्हें कोसने से नहीं चूकती। अभी त्यौहारी सीजन में समस्या और बढ़ेगी।




शहर के भीतर रेलवे क्रासिंग बंद होने के दौरान लगने वाली जाम की समस्या कोई नई बात नहीं। पुराना पवन टॉकिज उषा कॉम्पलेक्स रेलवे फाटक और संजय नगर नहर मार्ग का फाटक बार-बार बंद होने से लोग हलाकान हैं। वर्तमान में कोयला परिवहन पर ज्यादा जोर होने के कारण मालगाड़ी गुजारने के लिए समय से 10-15 मिनट पहले से ही फाटक बंद कर दिए जाते हैं। शहर के बीच ओव्हरब्रिज बनाकर एक वैकल्पिक मार्ग दिया गया लेकिन काफी घुमावदार होने से इसका उपयोग कमतर होता है। दूसरी तरफ संजय नगर नहर मार्ग रेलवे फाटक से आवागमन ज्यादातर बढने् के कारण यह चौबीस घंटे चालू मार्ग हो गया है। इस क्रासिंग के नीचे से अंडर ब्रिज बनाने की मांग/योजना और घोषणा वर्षों पुरानी है। इस बीच सरकार भी बदल गई लेकिन अंडर ब्रिज के लिए सर्वे, आवश्यक अनुमति और कार्य प्रारंभ होना अधर में लटक गया है।

### जीएम के आश्वासन को डेढ़ साल बीते

अंडर ब्रिज शहर की एक बड़ी जरूरत है लेकिन इस जरूरत को पूरा कराने का दम अभी तक नहीं दिखाया जा सका है। हालांकि पिछले साल फरवरी माह में दक्षिण पूर्व रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक आलोक कुमार ने प्रवास के दौरान यह कहा था कि शहर में सुनालिया और इमलीडुग्गू में अंडर ब्रिज के लिए राज्य सरकार के साथ सर्वे कर लिया गया है और जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। शेष 4 फाटकों के लिए प्रस्ताव रेल मंत्रालय को भेजा जाएगा। रेलवे जीएम के इस आश्वासन को डेढ़ साल बीत चुके हैं। अभी पिछले महीनों में संजय नगर फाटक के दोनों तरफ रेलवे हाईट गेज लगा दिया है लेकिन अंडरब्रिज के लिए कोई सुगबुगाहट देखने-सुनने को नहीं मिली है।

### खोदे गए गड्ढे, ऊबड़-खाबड़ क्रॉसिंग परेशानी का सबब

रेलवे के द्वारा समय-समय पर पटरियों की मरम्मत और आसपास के क्षेत्र में आवश्यक कार्य कराया जाता है। संजय



नगर और शहर के मध्य क्रॉसिंग पर भी मरम्मत कार्य कुछ माह पहले बरसात के मौसम में कराए गए। कार्य कराने के बाद यहां बिखरी गिट्टियों को यूं ही छोड़ दिया गया। काम निकलने के बाद यूं ही मिट्टी, पत्थर यहां-वहां छोड़ देने, सडक् पर बिखरी गिट्टियां परेशानी का सबब बनती हैं। उषा कॉम्पलेक्स रेलवे क्रासिंग के दोनों तरफ हाईट गेज लगाने के लिए बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गए लेकिन महापौर राजकिशोर प्रसाद के विरोध व सडक् सक्रिय होने से बढने् वाली समस्या को जाहिर कर काम रुकवा दिया गया। गड्ढों में मिट्टी पाट दी गई जो सडक् को ऊबड़-खाबड़ किये हुए है। इसी एक गड्ढे में एक माल वाहन भी फंस गया था। क्रॉसिंग पर समतलीकरण नहीं होने से अक्सर दुपहिया और आटो वाहन के पहिए फंसते हैं। क्रॉसिंग पार करने की आपाधापी में दुर्घटना की भी आशंका हर समय बनी रहती है, लेकिन इन समस्याओं से रेलवे को कोई सरोकार नहीं और न ही जन प्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी जनहित में संज्ञान ले रहे हैं।

# 7 से 30 नवम्बर तक एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंध

### भारत निर्वाचन आयोग ने जारी की अधिसूचना

कोरबा, 06 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग ने 7 नवम्बर से 30 नवम्बर तक किसी भी तरह के एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा आज इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत आयोग द्वारा इस अवधि के दौरान एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण पर रोक लगाई गई है।

भारत निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा आम निर्वाचन के दृष्टिगत 7 नवम्बर को सवेरे सात बजे से 30 नवम्बर की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि को एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंधित अवधि के रूप में अधिसूचित किया है। इस अवधि में विधानसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एक्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार या किसी भी अन्य तरीके से प्रचार-प्रसार पर रोक रहेगी। आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन साधारण निर्वाचन एवं उप निर्वाचन में संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

### मतदाताओं को भ्रमित करने वाले विज्ञापनों पर रोक

**कोरबा,** 06 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में इलेक्ट्रॉनिक और



सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत मतदान दिवस और उसके एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र के अनुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान दिवस यानि दूसरे चरण के मतदान के एक दिन पहले एवं मतदान दिवस यानि 16 नवम्बर और 17 नवंबर को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं।

### 20 नंबर कमरा में कर सकते हैं संपर्क

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मीडिया अनुप्रमाणन एवं मीडिया अनुवीक्षण समिति गठित की गई है। निर्वाचन संबंधी विज्ञापन, पाम्फलेट की अनुमति के संबंध में आवश्यक जानकारी के लिए वाणिज्य कर कार्यालय (जीएसटी भवन) कक्ष क्रमांक 2 में अजित तिर्की मोबाइल नंबर 999323942, सुरेश कंवर मोबाइल नंबर 9131558865 में संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह जिले के मीडिया प्रतिनिधि निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए मीडिया सेंटर में सुश्री उष्मा घोष मोबाइल नंबर 9814938382 तथा मनोज कुमार रजक 9329942755 के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### कोरबा में जांजगीर-चाम्पा जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए की गई डाकमत पत्र की सुविधा

**कोरबा** 06 नवंबर (देशबन्धु)। ऐसे अधिकारी / कर्मचारी जो जिला जांजगीर-चांपा के विधानसभा क्रमांक 33 अकलतरा, 34 -जांजगीर-चांपा, 38 - पामगढ़ के निवासी है और जिनकी ड्यूटी जिला कोरबा के विधानसभा निर्वाचन में लगायी गयी है। उनके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी जांजगीर-चांपा द्वारा सुविधा केन्द्र में डाक मतपत्र माध्यम से मतदान कराने दिनांक 08-09-10/11/ 2023 को निर्धारित किया गया है।

### पैसा ट्रांसफर कराने के बाद अधूरी रकम दिया, मारा-पीटा भी

**कोरबा,** 06 नवंबर (देशबन्धु)। च्वाईस सेंटर के संचालक से रुपए ट्रांसफर करा लेने के बाद आधी रकम देकर शेष राशि नहीं देने और मारपीट कर जान की धमकी देने वाले युवक के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार उत्तम कुमार मंडल मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत मुड़ापार में च्वाईस सेंटर और मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता है। 5 नवंबर को रात 8:40 बजे उसके सेंटर में उज्जवल विश्वास पहुंचा और 31900 रुपए ट्रांसफर कराया। रुपए ट्रांसफर कराने के बाद उज्जवल ने उत्तम को 12900 ही वापस किया और शेष 19 हजार रुपए नहीं दिया। इसके बाद एसईसीएल सुभाष ब्लॉक कालोनी ग्राउंड के पास गाड़ी रोक कर पैसा नहीं दूंगा कहकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दिया और झापड़ से दाहिने कान में मारा, जिससे कान में चोट लगा है। उत्तम कुमार ने चौकी पहुंचकर उज्जवल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराया है जिसमें धारा 506, 294, 323 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

### टहलने गए युवक से मारपीट कर पैर तोड़ा

कोरबा-बालकोनगर, 06 नवंबर (देशबन्धु)। सुबह टहलने के लिए घर से निकले एक युवक के साथ अन्य युवकों ने मारपीट कर बुरी तरह चोटिल कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है।



जानकारी के अनुसार बालको थाना अंतर्गत चेकपोस्ट भदरापारा निवासी निखिल सिंह 5 नवंबर को सुबह करीब 6 बजे टहलने के लिए घर से निकला था। करीब 7:15 बजे निखिल को उसके दोस्त मोटरसायकल पर बिठाकर घर छोडने् आए तो परिजनों ने देखा कि निखिल के पैर व सिर में चोट लगा है और सिर से खून निकल रहा था। पूछने पर निखिल ने बताया कि 6-7 बजे के बीच आकाश और उसके साथियों ने लालघाट में स्कूल के पास हॉकी स्टिक से मारपीट कर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। निखिल के सिर में चोट लगा है और दाहिना पैर भी टूट गया है। निखिल की बहन प्रेरणा सिंह की रिपोर्ट पर आकाश व उसके साथियों के विरुद्ध धारा 294, 323, 34, 506 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

### न्यू ऐरा के शिक्षकों व छात्रों ने वृद्धजनों को बांटी सामाग्री



**कोरबा,** 06 नवंबर (देशबन्धु)। न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल के सांस्कृतिक क्लब की आउटडोर गतिविधि के तहत प्रशांति वृद्धाश्रम सर्वमंगला मंदिर में विभिन्न छात्रों एवं शिक्षकों के द्वारा शनिवार को अनेक कार्यक्रम अयोजित किये गए। शिक्षकों एवं छात्रों के द्वारा नृत्य एवं गायन की अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई एवं वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों को दैनिक आवश्यकता की वस्तुएं प्रदान की गईं।

## वाहन से डीजल निकालने से मना करने पर बुरी तरह पीटा

**कोरबा,** 06 नवंबर (देशबन्धु)। निजी कंपनी में वाहन चालक को तीन लोगों ने मिलकर इसलिए बुरी तरह पीटा क्योंकि उसने अपने वाहन से डीजल निकालने के लिए मना कर दिया। बुरी तरह चोटिल का उपचार अस्पताल में चल रहा है।



जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना अंतर्गत प्रेम नगर निवासी अरुण भारद्वाज आरसीसी कंपनी कपाटमुड़ा के अधीनस्थ वाहन चालक है। उसका काम कार्यस्थल पर निर्माण हेतु मिक्सर सामाग्री पहुंचाने का है। 5 नवंबर को शाम 7 बजे वह कपाटमुड़ा आरसीसी कंपनी में काम करने गया था, जहां अजय पटेल, मोहन पटेल, अक्षय यादव और अन्य लोग मौजूद थे। इस दौरान वहां लिखा-पढ़ी करने वाले अलवर रत्नाकर ने इन लोगों को सभी वाहन से डीजल निकालने के लिए कहा। इस पर अरुण भारद्वाज ने अपने ट्रक मिलर क्रमांक-सीजी 10 आर 1746 से डीजल निकालने के लिए मना किया तो हेल्पर अजय पटेल, जेसीबी ऑपरेटर मोहन पटेल और मिस्त्री अक्षय यादव ने डीजल नहीं निकालने देने से नाराज होकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का से बुरी तरह मारपीट किया। इस दौरान वहां उपस्थित अन्य लोगों ने बीच बचाव कर अरुण को बचाया। अजय पटेल ने थाना में रिपोर्ट लिखाने पर जान से मारने की धमकी दिया। किसी तरह वहां से जान बचाकर थाना पहुंचे अरुण की रिपोर्ट पर अजय, मोहन और अक्षय के विरुद्ध धारा 294, 323, 34, 506 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। चोटिल अक्षय का उपचार अस्पताल में जारी है।

# विधायक की उपेक्षा, राखड़ और जाम की समस्या से हर कोई परेशान-देवांगन

### बालको के वार्डों में भाजपा प्रत्याशी घर-घर पहुंचे

**कोरबा,** 06 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के शहर विधायक ने कोरबा के विकास के लिए कोई कार्य नहीं किया है। कांग्रेस विधायक की निष्क्रियता और उपेक्षा की बदौलत क्षेत्र के लोग आए दिन जाम में फंस रहे हैं। बालकोनगर के साथ ही शहर के लोग भी राखड़ की समस्या से परेशान हैं। इससे राहत दिलाने की दिशा में शहर विधायक व कांग्रेस के महापौर ने कोई कार्य नहीं किया है। सभी वार्डों में सडक्, पेयजल, बिजली सहित साफ-सफाई नहीं होने की शिकायतें मिल रही हैं। यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि पिछले 10 साल से कांग्रेस के महापौर व 15 साल के विधायक ने घोर उपेक्षा किया है। कोरबा



विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने यह बातें भाजपा बालको मंडल के अंतर्गत वार्ड 40 नेहरूनगर, वार्ड 39 कैलाशनगर में जनसंपर्क के दौरान कही। इस दौरान लखन लाल ने कहा कि पूरे बालको क्षेत्र की सडक्ों की हालत जर्जर है और हमेशा सडक् दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वार्ड के कई इलाके में साफ-सफाई भी नियमित नहीं हो रही है। श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा जिले का कोई भी प्रमुख क्षेत्र जाम की समस्या से अछूता नहीं है। चाहे वह बालको हो या कुसमुंडा या फिर मुख्य शहर, सभी जगह भारी वाहनों और इन 10 वर्षों में अनियमित विकास और विधायक-महापौर की अनदेखी के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। श्री देवांगन ने कहा कि भाजपा की सत्ता में आते ही इन सारी समस्याओं का प्राथमिकतापूर्वक निराकरण उनके द्वारा कराया जाएगा।

# सार-संक्षेप

## आयुष विभाग द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में किया गया शिविर का आयोजन

**बलरामपुर** 6 नवंबर (देशबन्धु)। आयुष विभाग द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर में डॉ. आर. के. सिंह आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर के द्वारा कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थी को 10 औषधीय पौधों के बारे में एवं 6 से 12 के विद्यार्थियों को 20 औषधीय पौधों के बारे में बताया गया। इस दौरान डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद के प्रति जागरूकता, समय-समय पर आयुर्वेद में प्रयोग होने वाले औषधी के बारे में और घरेलु चिकित्सा में कैसे आयुर्वेद को लाना है, जीवन शैली, योग प्राणायाम, शरीर को स्वस्थ रखना, आहार विधि, दिनचर्या, हस्त प्रक्षालन एवं स्वच्छता, क्रीमी जागरूकता, योग एवं स्वास्थ्य के बारे में बताया गया। कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को नीम, पीपल, बरगद, जामुन, करंज, बेल, मुनगा, अर्जुन और आम तथा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को तुलसी, घृतकुमारी, मण्डूकपर्णी, पिपली, अश्वगंधा, बाल, निर्गुडी, शतावरी हल्दी और अदरक के बारे में संक्षिप्त परिचय देते हुए इनका प्रयोग अपने दैनिक जीवन में कैसे करना चाहिए इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय में अध्ययनरत कुल 520 बच्चों को आयुर्वेद और औषधि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कक्षा 5वीं एवं कक्षा 6 वीं के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांच किया गया तथा जो बच्चे अस्वस्थ पाए गए उनको उनके पालक के साथ एवं शिक्षक के साथ चिकित्सालय में आने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शंभू नाथ मिश्रा, प्रधानाचार्य विनय कुमार पाठक एवं सभी आचार्य दीदी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## बचपन प्ले स्कूल में हुआ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन




**मनेन्द्रगढ़** 6 नवंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्तर पर मनेंद्रगढ़ का नाम रोशन करने वाले इस क्षेत्र के नंबर वन विद्यालय बचपन प्ले स्कूल में सभी कक्षाओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा यूकेजी अ से सानवी अग्रवाल प्रथम आराध्या यादव तृतीय दिव्यांश गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे इसी तरह कक्षा यूकेजी ब से कृति प्रजापति प्रथम परी अग्रवाल तृतीय एवं युवान कुमार तृतीय स्थान पर रहे इसी क्रम में कक्षा एलकेजी %अ% से आर्ना गुप्ता प्रथम, प्रियल बागड़े द्वितीय, एवम आरवी कनौजिया तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में एल. के .जी ब से तशिफा मेमन प्रथम, कृतिका चक्रधारी, द्वितीय एवम ॠत्विजा त्रिपाठी तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा नर्सरी अ से जानवी सेन प्रथम स्थान पर अक्षत सांवले द्वितीय भाविका छतरियां एवं गार्विक मनोहर तृतीय स्थान पर रहे। तथा कक्षा नर्सरी ब से ओजस्वी बोथरा प्रथम धानिस कोरी द्वितीय बंसिल ताम्रकार तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह नर्सरी एस से आश्वी ताम्रकार प्रथम, दर्शिका जायसवाल द्वितीय, एवम ख्याति दुबे तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा प्ले ग्रुप में आस्था सिन्हा प्रथम, समायरा सिंह द्वितीय एवम सिद्धि दीवानी तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका संस्था की डायरेक्टर्स श्रीमती ज्योति ताम्रकार, आशी कक्कड़ एवं श्रीमती तोसी अग्रवाल ने निभाई। संस्था की डायरेक्ट ज्योति ताम्रकार ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से छोटी उम्र से ही बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को भरने में मदद मिलती है।एवं भविष्य में होने वाले बड़े कॉम्पिटिशन के लिए मानसिक रूप से तैयार हो जाते हैं।

संस्था की काउंसलर सोनाली दास ने बताया कि हमारे विद्यालय में प्रत्येक माह अलग अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिससे बच्चे छोटी उम्र से ही परिपक्व हो जातें है और हार जीत के अंतर को समझने लगते हैं। को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं रिद्धिमा जायसवाल, साधना सिंह, वैष्णवी जायसवाल, पुष्पा सिंह, नेहा मिश्रा, प्रियंका सिंह, शिल्पी सिन्हा, मौमिता, राशि गुप्ता, रेखा दोहरे, राधा पांडे, आकांक्षा पांडे, आरिका खान, सबा परवीन आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## वचन पत्र भरवाकर अभिभावकों को किया जा रहा जागरूक



**सूरजपुर** 6 नवंबर (देशबन्धु)। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के भैयाथान विकासखंड में बच्चों के द्वारा अपने अभिभावक एवं परिवार के सदस्यगणों के लिए वचन पत्र भरवा कर लिया गया ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में उनके घर के सभी शत प्रतिशत रूप से निर्वाचन में शामिल हो और मतदान में पूर्ण रूप से भागीदारी करें।इसी प्रकार जिले के सभी विकास खंडों में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूली बच्चों द्वारा रंगोली एवं नाटक के द्वारा मतदान के लिए बच्चों के द्वारा अपील की गई। उनके द्वारा संदेश दिया गया की सभी मतदान में शामिल हो और एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना करें।

## जिले के 172 मतदाता करेंगे अपने घर पर मतदान

**अम्बिकापुर** 6 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के निर्वाचन में 80 वर्ष की आयु से अधिक व दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही वोट डालने की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिले के ऐसे मतदाता जिन्होंने फॉर्म 12 घ भरकर घर पर मतदान करना चुना हैं, वे 09 एवं 10 नवम्बर को मत डालेंगे। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 172 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता चिन्हांकित हैं, जिनमें 80 वर्ष से अधिक आयु के 141 एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता 31 हैं। गौरतलब है कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा में 80 वर्ष से अधिक आयु और योग्य दिव्यांगजन की कुल संख्या 54 है। इसी तरह, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर में 72 और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर में 46 मतदाताओं को चिन्हांकित किया गया है जिनके द्वारा होम वोटिंग की जाएगी।

# निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कमीशनिंग कार्य का लिया जायजा



**अम्बिकापुर** 6 नवंबर (देशबन्धु)। पॉलीटेक्निक कॉलेज में सोमवार को सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षकों की उपस्थिति में ईवीएम कमीशनिंग का कार्य किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने भी कमिश्निंग कार्य का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने स्वयं मशीनों को सेट करने की प्रक्रिया देखी और सेट बनाकर स्ट्रांग रूम में मतदान केन्द्र क्रमांक अनुसार व्यवस्थित रखने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने मतदान हेतु मशीनों की कमिश्निंग व सीलिंग कार्य को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए पूरी सावधानी के साथ करने और सीलिंग के दौरान भिन्न-भिन्न पंजीयों का संधारण करना, बीयू नंबरिंग, पिंक पेपर जारी करने सहित मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति लेने के संबंध में निर्देशित किया। साथ ही रेण्डमली मशीनों में मॉकपोल करने के भी निर्देश दिये। बता दें कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान कार्य हेतु जिले में उपलब्ध ईलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों का रेण्डमाईजेशन में विधानसभावार आबंटित कर अलग-अलग विधानसभा के लिए आबंटित करते हुए पॉलीटेक्निक कॉलेज में निर्मित स्ट्रांग रूम में रखा गया है।

### मतदान के लिए सील ईवीएम

विधानसभा निर्वाचन के तहत जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा, अम्बिकापुर एवं सीतापुर के लिए निर्वाचन के दायित्व से जुड़े ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कमिश्निंग संबंधी कार्य के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। कमिश्निंग का कार्य मतदान से पहले का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। इस कार्य को करने के लिए पूरी तरह सजग और सर्तक रहना जरूरी है। कमिश्निंग के बाद मशीनों को मतदान के लिए तैयार किया जाता है, साथ ही इसे सील भी किया जाता है, ताकि किसी प्रकार की छेड़छाड़ की आशंका न रहे।

### होम वोटिंग कराने 20 टीमें तैयार

*होम वोटिंग के लिए कुल 20 टीमें बनाई गई है, प्रत्येक टीम में एक-एक पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी तथा माइक्रो ऑब्जर्वर होंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा हेतु 6 दल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर हेतु 8 दल तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर हेतु 6 दल बनाए गए हैं। जिनके लिए रिटर्निंग अधिकारी द्वारा रुट चार्ट जारी कर दिया गया है, जिसकी सूचना पूर्व में ही अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधि को उपलब्ध करा दी गई है। मतदान दल पूर्व निर्धारित रुट में मतदाता के घर अथवा निवास में जाकर मतपत्र द्वारा मतदान कराएंगे। संपूर्ण मतदान प्रक्रिया की गोपनीयता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मतदान प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग की जाएगी। मतदान दल के लौटने के बाद बैलेट पेपर जिला कोषालय कार्यालय में जमा किया जाएगा।*

## प्रेक्षक ने किया कमिशनिंग कार्य का निरीक्षण

**बलरामपुर** 6 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 223 के तहत् जिले के विधानसभा क्षेत्रों `7-रामानुजगंज,`8-सामरी के लिए ई.व्ही.एम. एवं व्ही.व्ही.पैट मशीनों का कमिशनिंग कार्य लाइवलीहुड कॉलेज भेलवाडीह स्थित स्ट्रांग रूम में किया गया। उक्त कमिशनिंग कार्य का निरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विधानसभा `8-सामरी के सामान्य प्रेक्षक डॉ. जय कृष्ण अभीर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा किया गया। कमिशनिंग की पूरी प्रक्रिया में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव, विधानसभा सामरी एवं रामानुजगंज क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के प्रतिनिधी उपस्थित थे।

## स्वीप कार्यक्रमों में युवा ले रहे बढ़चढ़ कर हिस्सा

**अम्बिकापुर** 6 नवंबर (देशबन्धु)। मतदान के प्रति जागरूकता और शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य के साथ स्वीप कार्यक्रमों में जिले के युवा बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। जिला प्रशासन सरगुजा तथा विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने कार्यक्रम में शामिल होकर युवा मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर, महाविद्यालय के प्राचार्य श्री आर एन खरे, सम्बन्धित अधिकारी, महाविद्यालय के प्रोफेसर, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान अपील करते हुए तैयार की वीडियो अतिथियों के समक्ष दिखाई गई। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए मतदान से सम्बन्धित रंगोली एवं पोस्टर का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वरचित कविता, गीत, नुक्कड़ नाटक, नृत्य के द्वारा युवा मतदाताओं ने वोट के महत्व से सभी को अवगत कराया।

# मतदाताओं को जागरूक करने का अनोखा तरीका

- **तीरंदाजी प्रतियोगिता और मशाल रैली में युवाओं और शहरी नागरिकों ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा**
- **शत-प्रतिशत मतदान हेतु जनजागरूकता फैलाने के साथ सभी ने ली मतदान की शपथ**

**अम्बिकापुर** 6 नवंबर (देशबन्धु)। मतदाताओं को जागरुक करने जिले में अनोखा तरीका अपनाया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को मतदाताओं को जागरूक करने तीरंदाजी प्रतियोगिता तथा मशाल रैली का आयोजन किया गया। पीजी कॉलेज हॉकी स्टेडियम में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जहां कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर मतदान के प्रति प्रेरित किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और हुनर का प्रदर्शन किया।

इसके साथ ही घड़ी चौक से मतदाता जागरूकता मशाल रैली का आयोजन किया गया। घड़ी चौक से शुरू होकर यह मशाल रैली गांधी चौक में समाप्त हुई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा के नेतृत्व में मशाल रैली में बड़ी संख्या में युवा, बिहान की दीदियां और आम नागरिक शामिल रहे। इस दौरान मतदान जरूर करें के नारों से शहर गूंज उठा। हाथों में मशाल लेकर युवाओं ने लोगों को शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया। गांधी चौक में मशाल रैली के समापन पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी को मतदान अवश्य करने की शपथ दिलाई।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा आज सूरजपुर के दतिमा में

- **जंबूरी मैदान में जुटेंगे संभागभर के प्रत्याशी,कार्यकर्ता व आमजन**
- **भाजपा जिलाध्यक्ष ने की लोगों से पहुंचने की अपील**



**सूरजपुर** 6 नवंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 नवंबर को जिले के ग्राम दतिमा के जंबूरी मैदान में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में आम सभा को संबोधित करेंगे। पार्टी ने उनकी आमसभा की जोरदार तैयारी की है।

भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को जिले के दतिमा जंबूरी मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में आमसभा को संबोधित करेंगे।भाजपा के पदाधिकारी,कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। उनके स्वागत की जोरदार तैयारी की गई है। श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में प्रधानमंत्री का आगमन और उनका कार्यक्रम होना, हम सब जिलेवासियों के लिए बड़े हर्ष व सौभाग्य का विषय है। आमसभा में सरगुजा संभाग के सरगुजा,कोरिया, मनेद्रगढ़ बलरामपुर,सूरजपुर जिले के सभी 11 भाजपा प्रत्याशी व कार्यकर्ता आम लोग शामिल होंगे।श्री अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री की आमसभा सवेरे 10-30 बजे होगी। उन्होंने सुविधा व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लोगों से 9 बजे तक पहुंचने की अपील की है।

# एप डाउनलोड कराकर अकाउंट से निकाले 1.44 लाख

**रायगढ़** 06 नवंबर (देशबन्धु)। फर्जी कस्टमर केयर नंबर के जरिए ऑनलाइन ठगी का मामला नया नहीं है। इस तरह के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। साइबर ठगों ने पॉपुलर सर्च इंजन पर फर्जी कस्टमर्स केयर नंबर डाल रखे हैं, जिन्हें लगाकर ग्राहक ठगी के शिकार बन जाते हैं। ऐसा ही एक मामला थाना कोतवाली रायगढ़ क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति के साथ घटित हुआ।



पीड़ित ने बताया कि 31 अक्टूबर को उसने एसबीआई एटीएम से 10,000 निकालने का प्रयास किया किन्तु एटीएम से रूपये नहीं निकले और अकाउंट से रूपये डेबिट का मैसेज आया। 3 दिन तक रूपये नहीं आने की स्थिति में पीड़ित द्वारा पॉपुलर सर्च इंजन गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर ढूंढकर कस्टमर केयर से बात कर अपनी कंप्लेन दर्ज कराया। कस्टमर केयर (फर्जी) द्वारा अपने सिनीयर अधिकारी से बात कराया जिसने अकाउंट से कटे रूपये रिफंड कराने के नाम पर व्हाटसअप पर एक एप भेजकर ऑनलाइन एप में डिटेल भराया जिसके बाद पीड़ित के यूनियन बैंक रायगढ तथा एचडीएफसी बैंक रायगढ शाखा से 11 बार में कुल 1,44,968 रूपये निकाल लिया गया। पीड़ित के आवेदन पर अज्ञात मोबाइल नंबर के धारक के विरूद्ध थाना कोतवाली में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।

यहां यह बताया जरूरी है कि कई बार कैश एटीएम मशीन में फंस जाता है जिसके कारण कैश ग्राहक को नहीं मिल पाता और ग्राहक को अकाउंट से रूपये कट जाने का मैसेज प्राप्त होता है। ऐसे में घबराए नहीं। जानकारी के मुताबिक ऐसे ट्रांजेक्शन पर रूपये रिफंड के लिए बैंक द्वारा ट्रांजेक्शन वाले दिन् 5 दिनों की समय सीमा तय की गई है। नियमानुसार सभी बैंकों को कटा हुआ पैसा तय की गई अवधि में ग्राहक के अकाउंट में वापस करना होता है, ऐसा नहीं होने पर बैंक ग्राहक को हर दिन के हिसाब से जुर्माना देने का प्रावधान है। ऐसे में ग्राहकों को बैंकिग शिकायतों के लिए अपने बैंक जाकर ही शिकायत करनी चाहिये या बैंक की आधिकारिक वेबसाइट से ही कस्टमर केयर का नंबर प्राप्त कर कंप्लेन कराना चाहिए। इसके अलावा गोपनीय बैंकिंग जानकारी किसी के साथ शेयर ना करें ना ही अंजान व्यक्ति द्वारा मोबाइल पर भेजे गये एप को अपने मोबाइल पर इंस्टाल करें।

# किराना दुकान से करीब 1 लाख का पटाखा जब्त

- **अवैध रूप से पटाखा बेचने वाले पर घरघोडा पुलिस ने की कार्रवाई**

**रायगढ़** 06 नवंबर (देशबन्धु)। अवैध रूप से किराना दुकान पर पटाखा बेचे जाने की सूचना पर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा के नेतृत्व में कल घरघोड़ा पुलिस द्वारा रेड कार्रवाई कर भारी मात्रा में अवैध पटाखे जप्त कर किराना दुकान के संचालक पर विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक कल थाना प्रभारी घरघोडा शरद चन्द्रा को सूचना मिला कि ग्राम टेरम में सोनू किराना स्टोर के संचालक द्वारा अपने दुकान में अवैध रूप से फटाखा विस्फोटक सामाग्री रखा हुआ है सूचना पर तत्काल घरघोड़ा पुलिस की टीम सोनू किराना स्टोर के संचालक शुभम अग्रवाल उर्फ सोनू पिता घासीराम अग्रवाल उम्र 31 वर्ष सा. ढोरम, थाना घरघोडा हामु कृष्णा विहार कालोनी भगवानपूर रायगढ के किराना स्टोर पर रेड कार्रवाई किया गया जहां टाप टायगर, मिर्ची बम विभिन्न कंपनीयों का, चिडचिडा बम, बुलेट बम, अनारदाना, लरी, मासिच बम, चर्की, छुरछुरी रील फटाका जुमला 09 कार्टुन कीमती करीब 1,00,000 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के विरूद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

# वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

**कोरिया** 6 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के अनुसार यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं।

ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।



प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत हैं, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

बता दें कोरिया जिले में 17 नवम्बर को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इस दिन जिले में विशेष अवकाश भी रहेगा।

छत्तीसगढ़ विधानसभा निवार्चन 2023 के अंतर्गत प्रथम चरण में आज 7 नवम्बर को मतदान होगा।सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक व सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान समय वाले विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशी अब ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने में अपनी ताकत झोंक रहे हैं। बता दें पहले चरण में पूर्व मुख्यमंत्री सहित मंत्री, विधायक के भाग्य का फैसला भी आज होगा। प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 223 उम्मीदवार हैं जिनमें 198 पुरुष तथा 25 महिला हैं।

प्रथम चरण के लिए 40 लाख 78 हजार 681 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 19 लाख 93 हजार 937 पुरुष मतदाता, 20 लाख 84 हजार 675 महिला मतदाता तथा 69 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। प्रथम चरण में निर्वाचन हेतु कुल 5304 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में से दस विधानसभा क्षेत्रों में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक तथा दस विधानसभा क्षेत्रों में सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्रों में सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। वहीं मोहला- मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा क्षेत्रों में सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक वोट डाले जाएंगे। राज्य में प्रथम चरण में मतदान वाले अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 13, भानुप्रतापपुर में 14, कांकेर में 9, केशकाल में 10, कोंडागांव में 8, नारायणपुर में 9, बस्तर में 8, जगदलपुर में 11, चित्रकोट में 7, दंतेवाड़ा में 7, बीजापुर में 8 , कोंटा में 8, खैरागढ़ में 11, डोंगरगढ़ में 10, राजनांदगांव में 29, डोंगरगांव में 12, खुज्जी में 10, मोहला-मानपुर में 9, कवर्धा में 16 तथा पंडरिया में 14 अभ्यर्थी निर्वाचन में भाग ले रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### अज्ञात वाहन चालक ने ली एक्टिवा सवार छात्र की जान

**रायगढ़** 06 नवंबर (देशबन्धु)। रायगढ़-घरघोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग में रफ्तार के कहर ने फिर एक घर के चिराग को असमय बुझा दिया। शहर के उर्दना में अज्ञात वाहन ने एक्टिवा सवार छात्र को ऐसा कुचला कि उसकी दर्दनाक मौत हो गई। कोतवाली पुलिस फरार आरोपी की खोजबीन कर रही है।

घटना की विवेचना कर रहे सहायक उपनिरीक्षक इगेश्वर यादव ने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात लगभग साढ़े 12 बजे घरघोड़ा रोड के उर्दना में उस समय सनसनी फैल गई, जब महामाया मन्दिर के पास मुख्य मार्ग में सफेद रंग की बिना नंबर वाली सोल्ड एक्टिवा के पास एक शख्स को लोगों ने रक्तरंजित हालत में बेसुध पड़े पाया।

राहगीरों ने रुककर देखा तो क्षतिग्रस्त एक्टिवा के समीप असहाय पड़े युवक के सिर से काफी मात्रा में खून निकलते देख तत्काल 112 नंबर डायल कर इसकी सूचना दी। वहीं, नगर कोतवाल शनिप रात्रे को एक्सीडेंट की खबर लगने पर उन्होंने मातहत स्टाफ को घटना स्थल भेजा। इस बीच एम्बुलेंस के पहुंचने पर युवक को जिला चिकित्सालय ले जाया गया तो डॉक्टर्स ने प्राथमिक परीक्षण में ही उसे मृत घोषित कर दिया। चूंकि, देर रात मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी इसलिए उसे मर्च्यूरी रूम में रखवाया गया।

दिनभर माथापच्ची के बाद शाम को मृतक की पहचान शहर के चक्रधर नगर स्थित आईटीआई कॉलोनी निवासी सागर सोनवानी पिता यादवधर सोनवानी (23 वर्ष) के तौर पर हुई। सागर कम्प्यूटर कोचिंग करता था और उसके पिता यादवधर सतना में सरकारी नौकरी करते हैं। फिलहाल, मर्ग कायम करने वाली कोतवाली पुलिस ने मृतक के पिता को एक्सीडेंट की सूचना देते हुए सतना से रायगढ़ बुलाया है, ताकि पोस्टमार्टम की कार्रवाई हो सके। साथ ही अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मुकदमा भी पंजीबद्ध किया गया है।

### मामूली विवाद पर कार सवार युवक ने स्कूटी मारी ठोकर

**रायगढ़** 06 नवंबर (देशबन्धु)। बीते 3 नवंबर को थाना चक्रधरनगर में चंद्रनगर कॉलोनी में रहने वाला राजेश अग्रवाल उर्फ मुन्ना (उम्र 23 साल) द्वारा उसके परिचित मुनसाद खान द्वारा स्कूटी पर दुकान जाते वक्त उसकी स्कूटी को अपने कार से ठोंकर मारना और झगड़ा विवाद कर स्कूटी की चाबी से उसके सिर और गले पर बेतहाशा वारकर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराया। आहत राजेश अग्रवाल की रिपोर्ट पर चक्रधरनगर पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास का अपराध दर्ज कर आज आरोपी मुनसाद खान (20 साल) को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

आहत राजेश अग्रवाल उर्फ मुन्ना पिता सुरेश अग्रवाल निवासी चन्द्रनगर कालोनी थाना चक्रधरनगर ने बताया कि 03 नवंबर की सुबह करीब 10:30 बजे अपने घर का राशन लाने अपने बहन की स्कूटी पर जा रहा था। मरीन ड्राईव केलो नदी के नीचे सुलभ शौचालय के पास उसे पंजरी प्लांट का मुनसाद खान अपने कार से आते हुये मिला जो उसे साथ चलने बोला राजेश घर का राशन लाने जा रहा हूं मना किया तो मुनसाद नाराज होकर गाली गलौच करने लगा और राजेश को जाते समय सउकी स्कूटी को पीछे से कार से ठोकर मार दिया। राजेश उठकर मुनसाद खान को मेरी बहन की स्कूटी को तोड़फोड़ कर दिया बनावो कहने पर मुनसाद स्कूटी के चाबी को छीनकर राजेश के गर्दन, सिर में लगातार वार किया। लोहे की चाबी के कई वार से राजेश बेहोश होकर गिर पडा। आहत के रिपोर्ट पर आरोपी मुनसाद के विरूद्ध हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर आज थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक जी.एल. साहू एवं हमराह स्टाफ द्वारा दबिश देकर आरोपी मुनसाद खान पिता शब्बीर खान उम्र 20 साल निवासी पंजरीप्लांट थाना चक्रधर नगर जिला रायगढ़ को हिरासत में लिया गया। आरोपी से पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त चाबी एवं कर की जपती कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

### विधानसभा क्षेत्र अकलतरा एवं जांजगीर के लिए प्रीति सामान्य निर्वाचन प्रेक्षक

जांजगीर, 06 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 अकलतरा व विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34-जांजगीर चांपा के लिए आईएएस सुश्री प्रीति सामान्य निर्वाचन प्रेक्षक नियुक्त की गई हैं। सामान्य निर्वाचन प्रेक्षक आईएएस सुश्री प्रीति सर्किट हाऊस के हसदेव कक्ष जांजगीर-चांपा में आम नागरिक सुबह 11 से दोपहर 01 बजे तक व्यक्तिगत तौर पर मिलकर निर्वाचन से संबंधित अपनी बात रख सकते हैं।

### एग्जिट पोल कराने व प्रचार-प्रसार पर प्रतिबंध

**जांजगीर,** 06 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 7 नवम्बर 2023 को पूर्वान्ह 7 बजे से 30 नवम्बर 2023 अपरान्ह 6.30 बजे तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन, प्रचार व किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल व किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

### एनटीपीसी लारा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन

**रायगढ़** 06 नवंबर (देशबन्धु)। एनटीपीसी लारा में 30 अक्तूबर से चल रहा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का समापन समारोह 5 नवम्बर को पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभरम्भ दिवाकर कौशिक, कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी लारा) की मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

एनटीपीसी लारा में सतर्कता विभाग द्वारा 30 अक्तूबर से 5 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन केंद्रीय सतर्कता आयोग की दिशानिर्देशों के अनुरूप सभी वर्ग का समवेशी सहभागिता से मनाया गया। इसी दौरान कर्मचारीगण, गृहीनियों, सहयोगियों, विद्यार्थियों एवं आम लोगों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता, कर्मशाला, संगोष्ठी, सम्मेलन आदि आयोजित किया गया। सभी प्रतियोगिता की विजयी प्रतिभागियों को समापन समारोह में कार्यकारी निदेशक दिवाकर कौशिक की हाथों पुरस्कृत किया गया। साथ ही विजयी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन के लिए पुरस्कृत नाराध्स्लोगन, कविता का पाठ किया गया एवं नुक्कड़ नाटका मंचन किया गया। पूरे सप्ताह के दौरान सभी वर्ग के लोगों को सतर्कता एवं सत्यनिष्ठा की अलग जगाने के लिए उनको इस अभियान में सामील किया गया। इस अवसर पर अखिलेश सिंह, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), राजीव रंजन, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), एस के रॉय, महाप्रबंधक (प्रचालन), एस के स्वाइन, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन), पंकज शेखर, अपर महाप्रबंधक (सतर्कता), कन्हैया दास, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), गुरुकुल स्कूल के प्राचार्य एवं अध्यापकगण, प्रेरिता महिला समिति की पदशिकारी एवं सदस्याएँ, विभागाध्यक्षगण, कर्मचारीगण, सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सात दिन बाद भी किसी भी केंद्र में नहीं हुई बोहनी

**जांजगीर,** 06 नवम्बर (देशबन्धु)। समर्थन मूल्य पर 1 नवम्बर से धान की खरीदी प्रारंभ हो गई है लेकिन अभी तक किसी भी केंद्र में बोहनी नहीं हुई है। इन केंद्रों में किसानों से धान खरीदने के लिए टोकन तक नहीं काटा गया है। जिले के सभी पंजीकृत कृषकों से 129 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से एक नवम्बर से 31 जनवरी तक धान खरीदी की जाएगी।

इस वर्ष भी धान खरीदी में कृषकों की सुविधा के लिए मोबाईल ऐप टोकन तुंहर हाथ के द्वारा 60 प्रतिशत एवं 40 प्रतिशत मेनुअल टोकन काटा जा सकेगा। गतवर्ष में कुल 126 उपार्जन केन्द्रों से कुल 426038 मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया था। जिसमें कुल पंजीकृत कृषकों की संख्या 1,17,112 तथा पंजीकृत रकबा 127997.96 हे. था। वहीं खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए जिले में धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य 558603 मेट्रिक टन रखा गया है।




जिसके लिए 30 अक्टूबर 2023 तक कुल पंजीकृत कृषकों की संख्या 122707 की जा चुकी है। गतवर्ष 126 उपार्जन केन्द्रों की तुलना में इस वर्ष 129 उपार्जन केन्द्रों से धान उपार्जन किया जायेगा तथा इसके साथ-साथ शासन द्वारा बायोमेट्रिक आधारित धान उपार्जन की व्यवस्था की गई है। गतवर्ष की भांति बिना बायोमेट्रिक के पंजीकृत कृषकों से धान खरीदी किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए तत्पश्चात मार्कफेड के द्वारा उपार्जन केन्द्रों में बायोमेट्रिक उपकरणों की व्यवस्था एवं संबंधित प्रक्रियाओं के पूरा होने पर बायोमेट्रिक आधारित धान खरीदी की जायेगी। धान खरीदी के लिए सभी 129 उपार्जन केन्द्रों में मार्कफेड के द्वारा बारदाना की आपूर्ति की जा चुकी है एवं सभी धान उपार्जन केन्द्रों में सतत् निगरानी के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। साथ ही अवैध धान परिवहन एवं बिचौलियों से खरीदी की रोकथाम के लिये जांच दल का गठन किया गया है।

# साढ़े 5 लाख के सामुदायिक शौचालय में लटक रहा ताला

**जांजगीर,** 06 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत हसौद के बस स्टैंड में यात्रियों की सुविधा के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत 5.50 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है लेकिन ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण सामुदायिक शौचालय के निर्माण के दो वर्ष बाद भी इसे नहीं खोला जा सका है। जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यहां महिला यात्रियों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक शौचालय के निर्माण के बाद राशि प्राप्त करने के लिए इसे पंचायत द्वारा खोला गया था। लेकिन राशि प्राप्त होने के बाद शौचालय के बचे कार्यों पर ग्राम पंचायत ने बिल्कुल ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण सामुदायिक शौचालय का बहुत सा कार्य भी बचा हुआ है। शौचालय में पानी की व्यवस्था के लिए लगाए गए पाइप भी गायब हो गए। शौचालय के ऊपर लगाई गई पानी की टंकी भी बेतरतीब रखी हुई है। यह सामुदायिक शौचालय चारों तरफ से कचरे से अटा पड़ा है। लेकिन ग्राम पंचायत इस समस्या की ओर ध्यान देना जरूरी नहीं समझ रही है। यहां के जनप्रतिनिधियों को भी इतनी बड़ी समस्या दिखाई नहीं दे रही है। जिससे सामुदायिक शौचालय धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त हो रहा है। लाखों की लागत से बने सामुदायिक शौचालय उपयोग होने से पहले ही जर्जर हो रहा है। सरपंच प्रतिनिधि मनबोध साहू को इस संदर्भ में कई बार अवगत कराया गया है लेकिन इसके बाद भी इस समस्या का समाधान करने में उनके द्वारा कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है।

### बोर से मोटर गायब

सामुदायिक शौचालय के निर्माण के बाद शौचालय में पानी की सुविधा के लिए बोर खनन कर उसमें पंप लगाया गया था। लेकिन ग्राम पंचायत के सरपंच के आदेश पर उस बोर के पंप को अन्य जगह लगाया गया। जिसके कारण शौचालय में आज तक पानी की असुविधा है। कुछ महीने पहले मोटर को लगाने के लिए जब सरपंच प्रतिनिधि व सचिव से निवेदन किया गया था जिसमें उन्होंने ने जल्द से जल्द मोटर लगवाकर सामुदायिक शौचालय को खोलने का आश्वासन दिया गया था लेकिन अभी तक न तो शौचालय को खोला गया है और न ही बोर में मोटर लगाया गया है।




## 16 सौ मीटर दौड़ में सिर्फ 61 प्रतिभागी ही एक्सीलेंट में हुए पास

### अग्निवीर प्री भर्ती रैली में जांजगीर जिला के 400 से ज्यादा प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**जांजगीर,** 06 नवम्बर (देशबन्धु)। भूतपूर्व सैनिक कल्याण संघ जिला जांजगीर चांपा द्वारा आयोजित अग्निवीर प्री भर्ती रैली में जांजगीर जिला के 400 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रविवार 5 नवंबर की सुबह 5 बजे से पहले सभी प्रतिभागी पुलिस ग्राउंड जांजगीर पहुंच गए थे। 15 दिसंबर से होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन इसी ग्राउंड में किया जाएगा।

सभी प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ सभी टेस्ट दिए, जिसमें तीन शिफ्ट में अलग-अलग 1600 मीटर दौड़ाया गया जिसमें सिर्फ 61 प्रतिभागियों ने ही एक्सीलेंट में पास हुए। बचे हुए बाकी सभी प्रतिभागियों को अलग-अलग टिप्स दिया गया। क्योंकि जितने भी प्रतिभागी पार्टिसिपेट किए थे उनमें से अधिकतर सिर्फ 5 और 10 सेकंड का ही अंतर था अगर वे उसको कवहर कर लेते तो वे भी एक्सीलेंट में पास हो जाते। मगर उनको उनकी कमी को दिखलाते अलग अलग टिप्स बताते हुए उनका मनोबल बढ़ाया गया। यह प्री भर्ती रैली हंड्रेड परसेंट जैसा 15 तारीख को भर्ती प्रक्रिया होगी और जिस प्रकार से दौड़ाया जाएगा उसी के अनुसार से ही आज दौड़ाया गया। ताकि बच्चे अपने आपको उसी के अनुसार प्रिपेयर कर ले। और 15 दिसंबर को होने वाले भर्ती रैली में सभी एक्सीलेंट कालम में आए। सभी प्रतिभागियों ने संघ के पदाधिकारियों से एक दो और ऐसे ही रैली का आयोजित करने की बात कही जिसमें वे अपनी कमी को देख सके और ज्यादा से ज्यादा इस ग्राउंड में प्रैक्टिस कर सके। संघ के सचिव हवलदार असीम धर दीवान ने सभी प्रतिभागियों को बताया कि जो प्रतिभागी प्रतिदिन अभ्यास के लिए आना चाहते हैं वे ग्राउंड में आ सकते हैं। उन्हें संघ के फिजिकल ट्रेनर दीपक यादव एवं अन्य विशेष ट्रेनर द्वारा नि:शुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी। साथ ही प्रत्येक रविवार को सुबह 5:30 बजे टेस्ट लिया जाएगा और 15 दिसंबर से पहले नवंबर के आखिरी सप्ताह में तथा दिसंबर के 10 - 12 तारीख के लगभग प्री भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा।



संघ के अध्यक्ष सूबेदार जवाहरलाल यादव ने ग्राउंड में होने वाले सुधार तथा प्रतिभागियों के विषय में संघ के संरक्षक मेजर जनरल संजय शर्मा को जानकारी दी। पिछले दिनों बिहार में हुई अग्निवीर भर्ती रैली में सभी प्रतिभागियों को रात 2 बजे बुलाया गया था। उसी के तर्ज पर यहां पुलिस ग्राउंड में संघ के द्वारा प्री भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। मेजर जनरल ने आश्वासन दिया कि जांजगीर के कलेक्टर - एसपी से चर्चा कर होने वाली कमी को पूरा किया जाएगा,साथ ही जिले के सभी प्रतिभागियों को सुविधा दी जाएगी। प्री भर्ती रैली के नि:शुल्क प्रशिक्षण में संघ के जिला संयोजक रोहित सारथी, अरुण यादव, विनोद क्षत्री, एवं गंगाराम पटेल, फिजिकल ट्रेनर दीपक यादव, परदेसी कहरा, देवेंद्र राठौर, राकेश राठौर, सतीश कश्यप, बैजनाथ राठौर, राम अवतार कश्यप, मो.अली, एवं सुमन साहू, राम अवतार एवं सतीश कश्यप ने सहयोग दिया। संघ सदस्य प्रमुख विनोद छत्री ने आभार व्यक्त किया। टीम आर्डिनेशन के लिए देवेंद्र राठौर का योगदान रहा।

# स्व-सहायता समूहों की महिलाएं दे रही जागरूकता का संदेश

**जांजगीर,** 06 नवम्बर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में ''कोसा कांसा कंचन, वोट करेगा जन-जन'' की थीम पर विभिन्न गतिविधियों जैसे पोस्ट कार्ड लेखन, रंगोली प्रतियोगिता, वाद-विवाद, नव विवाहित सम्मान, पेंटिंग, नारा लेखन, मानव श्रृंखला, बैनर-पोस्टर रैली जैसे विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। जिसके तहत जिले के सभी जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिले के जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत देवरी के महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकालकर और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने हेतु शपथ ली गई। इसके साथ ही जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम देवरहा एवं बोरसी मे समूह की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान, ग्राम पंचायत गोविंदा में मतदाता जागरूकता अभियान, ग्राम गतवा एवं तालदेवरी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, ग्राम पंचायत लखुर्री एवं अफरीद में मतदाता जागरूकता अभियान कर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने का संदेश दिया गया।




## डीजे साउंड बजाने वाले संचालक के विरूद्ध कार्यवाही



**जांजगीर,** 06 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पिसौद में देर रात्रि तक सीमा से ज्यादा तीव्र आवाज में डीजे साउंड बजाने वाले संचालक के विरूद्ध कार्यवाही कर जांजगीर पुलिस ने डीजे साउंड सिस्टम जप्त किया है। डीजे में ध्वनि नापने यंत्र नही लगा हुआ था, जो प्रत्येक डीजे संचालकों के लिए अनिवार्य है। पुलिस डीजे संचालक का पुराना अपराधिक रिकार्ड भी चेक रही है।

जिला पुलिस द्वारा देर रात्रि में डीजे बजाने एवं अत्यधिक आवाज में डी.जे. बजाने वाले के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है,इसी क्रम में जांजगीर पुलिस को 05 नवम्बर को सूचना मिली की ग्राम पिसौद में रात्रि में तेज अवाज में डीजे बजाया जा रहा है। सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर पाया गया कि शंकर मोहल्ला ग्राम पिसौंद में देर रात्रि में डीजे साउण्ड अत्यधिक आवाज में बज रहा था, पूछताछ करने पर संचालक अभिषेक मरावी उम्र 26 साल निवासी पिसौद का होना पाया गया, जिसके द्वारा डीजे साउण्ड बजाना पायें जाने से थाना जांजगीर में कोलाहल अधिनियम के तहत् कार्यवाही कर डीजे साउण्ड सिस्टम को जप्त किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरी. अशोक वैष्णव थाना प्रभारी जांजगीर का योगदान रहा।

## जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता युवा उत्सव का हुआ आयोजन

**जांजगीर,** 06 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत कोणार्क शिक्षा महाविद्यालय खोखसा में जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता युवा उत्सव अंतर्गत के छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आए छात्र छात्राओं द्वारा स्वीप से संबंधित नाटक, रंगोली व संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान स्वीप जिला नोडल अधिकारी डॉ आराध्या राहुल कुमार ने छात्राओं को मतदान का महत्व बताते हुए मतदान करने की अपील की।



निर्वाचन से संबंधित सवाल-जवाब कर पुरस्कृत किये। कार्यक्रम में छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी का थीम मतदाता जागरूकता के संदर्भ में रखा गया था। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक में प्रथम स्थान शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के सुरजा ग्रुप, आरकेआर शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज के राजेश्वर ग्रुप ने द्वितीय स्थान और डाईट जांजगीर झनकृति ग्रुप व शासकीय टीसीएल पीजी महाविद्यालय ग्रुप ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में एमएमआर पीजी कालेज चांपा के छात्र मुकेश बरेठ के प्रथम स्थान, कोणार्क शिक्षा महाविद्यालय के छात्र प्रतीक देवांगन ने द्वितीय एवं श्री ऋषभ विद्यालय के छात्र परमीला सेन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। रंगोली प्रतियोगिता में कोणार्क शिक्षा महाविद्यालय के छात्र प्रिंयका टेकाम प्रथम, नवीन महाविद्यालय बलौदा के छात्र कुसुम गौतम द्वितीय व कन्या महाविद्यालय जांजगीर उमा कैवर्त्य और ज्ञानदीप जांजगीर के छात्र मिताली मिस्त्री ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में लाल बहादूर शास्त्री शिक्षा महाविद्यालय बलौदा के छात्र निधि डहरिया ने प्रथम, शासकीय कन्या महाविद्यालय जांजगीर के छात्र प्रिया लदेर द्वितीय, ज्ञान रोशनी लोक कल्याण महाविद्यालय खोखरा जांजगीर के छात्र राजेश्वर खुंटे व शासकीय महाविद्यालय नवागढ़ के छात्र शिवा दिवाकर व शासकीय टीसीएल महाविद्यालय के छात्र सूर्यप्रकाश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में अंबेडकर कालेज के छात्र छांया नोग्रे प्रथम, लाल बहादूर शास्त्री महाविद्यालय बलौदा के छात्र ऋतु यादव द्वितीय व नवीन शासकीय महाविद्यालय नवागढ़ के छात्र सोनी जलतारे ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार स्वीप गतिविधि में डाईट जांजगीर के छात्र कोमल शर्मा प्रथम, मतदान में नवाचार में एसआरबीएम कालेज बनाहिल के छात्र कविता पांडेय ने द्वितीय स्थान और युवा मतदाता लोकतंत्र में ज्ञानरोशनी महाविद्यालय जांजगीर के छात्र लाखश्री गोड़ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# विक्षिप्त महिला से दुष्कर्म व हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**सक्ती** 06 नवंबर (देशबन्धु)। फास्ट ट्रैक कोर्ट शक्ति के विशेष न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी द्वारा 55 वर्षीय अधेड़ मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला के साथ दुष्कर्म व हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा एवं अर्थदंड से दंडित किया गया है। विशेष लोक अभियोजक राकेश महंत ने बताया 55 वर्ष की अधेड़ महिला डभरा के विमल किराना स्टोर के खाली पड़े बाजवट में प्रतिदिन रात में सोती थी वह दिन भर लोगों से मांग कर अपना गुजारा चला रही थी, दिनांक 5 अप्रैल 2022 को रात्रि करीब एक बजे आरोपी किशन यादव ने महिला के साथ बेरहमी के साथ अनाचार किया। विरोध कर रही महिला के सिर में पत्थर पटकर आरोपी जमकर मारपीट की। आरोपी ने महिला के प्राइवेट पाट्स को छति पहुंचाया था। मृतिका को घायल अवस्था में 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा लाया गया जहां डॉक्टर उसे मृत घोषित कर दिया। इस गंभीर मामले की जांच में जुटी पुलिस को घटनास्थल का निरीक्षण सीसीटीवी फुटेज एवं पड़ोसियों के बयान पश्चात आरोपी किशन यादव के विरुद्ध धारा 302 भारतीय दंड संहिता का अपराध घटित पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर उसे जेल भेज कर विवेचना किया गया। आरोपी किशन यादव का मेमोरेंडम कथन दर्ज किया गया। विशेष न्यायालय शक्ति ने उभय पक्षों को पर्याप्त समय अपने पक्ष रखने के लिए देने के पश्चात तथा अभियोजन एवं अभियुक्त पक्ष के अंतिम तर्क श्रवण करने तथा संपूर्ण विचारण पूर्ण होने के पश्चात न्यायालय द्वारा निर्णय पारित किया गया। अभियोजन ने अभियुक्त द्वारा मृतिका के साथ बलात्कार कर उसकी मृत्यु कारित करने संबंधी हेतु को भी संडे से पहले प्रमाणित करने में सफल रहने तथा अभियोजन द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध आरोपित अपराध संदेह से परे प्रमाणित कर दिए जाने से अभियुक्त किशन यादव पिता सहदेव यादव उम्र लगभग 31 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 9 डभरा थाना डभरा जिला शक्ति को विशेष न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी द्वारा सिद्ध दोष पाए जाने पर दोष सिद्ध घोषित किया गया तथा अभियुक्त को धारा 376 (1)भारतीय दंड संहिता के अपराध के लिए 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं ? 1,000 के अर्थदंड से एवं धारा 376 (2)(ठ )(ड), भारतीय दंड संहिता के अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं ?2000, के अर्थदंड ,376 भारतीय दंड संहिता के अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के अपराध के लिए आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया है।अभियोजन की ओर से पैरवी राकेश महंत विशेष लोक अभियोजक ने किया ।



# देश विदेश

## उज्बेकिस्तान में भूकंप के मध्यम तीव्रता के झटके

**ताशकंद।** उज्बेकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी इलाके में रविवार को भूकंप के मध्यम तीव्रता के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5. मापी गयी। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने यह जानकारी दी। भूकंप के झटके 22.57 जीएमटी पर महसूस किए गए। इस हादसे में किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

# यहूदी-अरब संगठनों ने गजा में शांति का आह्वान किया



**तेल अवीव**, 6 नवम्बर (एजेंसियां)। पैंतीस से अधिक यहूदी और अरब संगठनों ने इजराइल-हमास युद्ध को लेकर सोमवार को आह्वान किया कि समय आ गया है कि युद्ध विराम हो, अगवा लोगों को रिहा किया जाय और एक राजनीतिक समझौते पर पहुंचा जाय जो लोगों के लिए सुरक्षा, न्याय और स्वतंत्रता की गारंटी देगा। एक संयुक्त बयान में, संगठनों ने कहा मृतकों की याद में और जीवित लोगों की खातिर, हमें युद्ध को समाप्त करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। संगठनों ने सरकारों से एक स्थिर युद्ध विराम के लिए प्रयास करने का आह्वान किया है, जिसके तहत दोनों तरफ के लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार की पारस्परिक मान्यता के आधार पर एक राजनीतिक समझौते के लिए बातचीत तुरंत शुरू की जाएगी। संयुक्त बयान में कैदी समझौते को बढ़ावा देने और निर्दोष नागरिकों को नुकसान पहुंचाना तुरंत बंद करने का भी आह्वान किया गया है।यहूदी और अरब संगठनों ने गवर्नर से वेस्ट बैंक में हिंसा रोकने के लिए तुरंत कार्रवाई करने का भी आह्वान किया। संयुक्त बयान में इजरायल के फिलिस्तीनी नागरिकों और गाजा के निवासियों के साथ एकजुटता व्यक्त करने और युद्ध का विरोध करने वालों का उत्पीड़न रोकने का आह्वान किया गया।

■ अगवा लोगों को रिहा करने और राजनीतिक समझौते पर पहुंचने का आह्वान किया

हम सभी ने हिंसा के दौर का अनुभव किया है। यह स्पष्ट है कि इस संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है, न ही कभी हो सकता है... रक्तपात को रोकने का एकमात्र तरीका एक राजनीतिक समझौता है जो दोनों देशों के लिए सुरक्षा, न्याय और स्वतंत्रता की गारंटी देगा। इसमें कहा गया, युद्ध में कोई विजेता नहीं होता। केवल शांति ही सुरक्षा ला पाएगी।

## गजा में अस्पताल पर हमले में 8 फिलिस्तीनी मारे गए



**तेल अवीव।** गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि रविवार रात इजरायल के हवाई हमलों में आठ फिलिस्तीनी मारे गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मृतकों में से चार आइज़ हॉस्पिटल में थे जबकि बाकी चार पीडियाट्रिक रैंटिसि हॉस्पिटल में थे। बयान में कहा गया है कि इजरायली हवाई हमले ने गाजा शहर में एकमात्र मनोरोग अस्पताल को भी नष्ट कर दिया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मनोरोग अस्पताल, आंखों का अस्पताल और रान्तिसी अस्पताल पास में ही स्थित हैं। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) आरोप लगाता रहा है कि गाजा के अस्पताल हमास के आतंकी ठिकानों के रूप में काम कर रहे हैं, जिसमें कई भूमिगत सुरंगें हैं।

## ईरान के शीर्ष नेता ने हमास नेता से की मुलाकात, जताया समर्थन

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने हाल ही में हमास नेता इस्माइल हनियेह के साथ एक बैठक में इजरायल के खिलाफ फिलिस्तीनी प्रतिरोध बलों का समर्थन करने की अपने देश की स्थायी नीति पर जोर दिया। बैठक की तारीख बताए बिना, रविवार को नेता की वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान के अनुसार, खामेनेई ने ईरान की राजधानी तेहरान में हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख हनियेह और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, खामेनेई ने गाजा के लोगों के धैर्य और प्रतिरोध के लिए उनकी प्रशंसा की, और इजरायल के अपराधों की कड़ी निंदा की, जो संयुक्त राज्य अमेरिका और कुछ पश्चिमी देशों के प्रत्यक्ष समर्थन से किए जा रहे हैं। उन्होंने मुस्लिम देशों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से गंभीर कदम उठाने और गाजा के लोगों को संपूर्ण और व्यावहारिक समर्थन प्रदान करने का भी आह्वान किया। बयान के अनुसार, बैठक के दौरान, हनियेह ने गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक में नवीनतम विकास के साथ-साथ तटीय क्षेत्र के खिलाफ इजरायली अपराधों की एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। लगभग एक महीने से चल रहे इजराइल-हमास संघर्ष के कारण गाजा में 9,770 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। इजरायल के 1,400 से ज्यादा लोगों की जान चली गई, जिनमें से अधिकांश 7 अक्टूबर को हमास के सैन्य अभियान में मारे गए, जिससे चल रहे संघर्ष की शुरुआत हुई।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 7 नवम्बर , 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 9**

### राशिफल

मेष - आज आपको अपने उग्र स्वभाव पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी।

वृषभ - आज आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकेंगे। इस काम का फल भी आपको अपेक्षानुसार मिलेगा। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे। अभ्यास में विद्यार्थियों की रुचि रहेगी।

मिथुन - नई परियोजना की शुरुआत के लिए आज दिन शुभ है। सरकार की ओर से लाभ मिलने संभावना है। व्यावसायिक क्षेत्र में आपको अधिकारियों का अच्छा प्रतिसाद मिलेगा। छोटे प्रवास का आयोजन हो सकता है।

कर्क - आज नकारात्मक मानसिकता के साथ व्यवहार न करें। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। मन में दु:ख और असंतोष की भावना हो सकती है। आंखों में पीड़ा होने की संभावना है।

सिंह - आज आप में आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। किसी भी काम को करने के लिए जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है। पिता और बड़ों से लाभ होगा। सामाजिक रुप से मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

कन्या - आज आपके अहं को कोई चोट न पहुंचे और आपका किसी से झगड़ा न हो, इसका ध्यान रखें। शारीरिक रूप से शिथिलता और मानसिक रूप से चिंता बनी रहेगी।

तुला - आप के लिए आज का दिन शुभफलदायी होगा। विविध क्षेत्रों में मिलने वाले लाभ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। आपकी आय में भी वृद्धि होगी। मित्रों के पीछे खर्च भी होगा और उनसे लाभ भी प्राप्त होगा।

वृश्चिक - आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। काम में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी। मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। नौकरी में पदोन्नति होगी।

धनु - आज स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहने की संभावना है। शारीरिक रूप से आलस्य की भावना रहेगी। मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। व्यवसाय में कई विघ्न आ सकते हैं। हानिकर विचारों से दूर रहें।

मकर - व्यावहारिक और सामाजिक काम से बाहर जाने के कारण आकस्मिक धन खर्च हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। क्रोध से बचकर चलें। नकारात्मक भावनाओं को सकारात्मकता से दूर करने का प्रयास करें।

कुंभ - आज आप प्रत्येक कार्य आत्मविश्वास से पूरे करेंगे। प्रवास या पर्यटन की संभावना अधिक हैं। स्वादिष्ट व्यंजनों का भोग एवं नए वस्त्र पहनने के अवसर आपको मिलेंगे। भागीदारों से लाभ होगा। वाहनसुख प्राप्त होगा।


मीन - आज का दिन शुभफलदायी है। आप में मनोबल और आत्मविश्वास अधिक रहेगा। शारीरिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। परिवार का वातावरण भी शांतिप्रद रहेगा। विरोधियों के समक्ष विजय प्राप्त होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## ब्लिंकन ने इराकी प्रधानमंत्री के साथ की चर्चा

**बगदाद**, 6 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन रविवार शाम इराक की राजधानी बगदाद पहुंचे जहां उन्?होंने गाजा पट्टी में चल रहे इजरायल-हमास संघर्ष पर इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के साथ बातचीत की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अल-सुदानी के मीडिया कार्यालय के बयान का हवाला देते हुए बताया कि इराकी प्रधानमंत्री ने गाजा में महिलाओं और बच्चों की दुखद स्थिति के मद्देनजर मानवीय संकट को बिगड़ने से रोकने के लिए तत्काल युद्धविराम और सुरक्षित गलियारे खोलने का आह्वान दोहराया। अपनी ओर से, ब्लिंकन ने क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्थिरता को बढ़ाने के लिए इराक के साथ द्विपक्षीय समन्वय और सहयोग जारी रखने की अपने देश की इच्छा की पुष्टि की। बैठक के बाद ब्लिंकन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, गाजा में मानवीय संघर्ष विराम को लेकर चर्चा में अच्छी प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के साथ कोई टकराव नहीं चाहता है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयास करेंगे कि संघर्ष गाजा से आगे न बढ़े। उन्होंने कहा, अमेरिकी सैन्यकर्मियों को धमकी देने वालों को बहुत स्पष्ट संदेश दिया जाता है कि उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ब्लिंकन की इराक यात्रा मध्य पूर्व के दौरे के हिस्से के रूप में हुई।

## पाकिस्तान के स्पीकर ने राजनीतिक दलों से बातचीत का विकल्प चुनने का आग्रह किया



**इस्लामाबाद**, 6 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के नेशनल असेंबली के स्पीकर राजा परवेज अशरफ ने सभी राजनीतिक दलों से देश की बेहतरी के लिए बातचीत का विकल्प चुनने का आग्रह किया है। पाकिस्तानी समाचारपत्र द न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

श्री अशरफ ने कहा कि वर्तमान और भविष्य के बीच ज्यादा दूरी नहीं है और उन्होंने आगे बढ़ने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा, मैं अभी भी सोचता हूं और मैंने पहले भी कई बार कहा है कि परामर्श करें और सभी को बैठाकर बातचीत शुरू करें। अंतर-राजनीतिक दल संवाद खोला जाना चाहिए। उन्होंने कहा देश में पांच साल बाद उठाए जाने वाले मुद्दे से नेता अपने बयान बदल लेते हैं और साथ ही इससे देश के नागरिक भ्रमित होते हैं और हम नफरत फैल रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि कहा कि सेना के साथ किसी भी मुद्दे को सार्वजनिक या सोशल मीडिया के बजाय निजी तौर पर बंद कमरे में संस्था के साथ बैठकर हल किया जाना चाहिए। श्री अशरफ ने राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी को लेकर कहा कि वह देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर है। ऐसी क्या मजबूरियां थीं कि यह धारणा उभरी कि वह (अल्वी) राष्ट्रपति पद से ज्यादा पीटीआई का प्रतिनिधित्व करते हैं? इसलिए यह कोई सकारात्मक बात नहीं है और उन्हें इससे बचना चाहिए। चुनाव की तारीख की घोषणा पर श्री अशरफ ने कहा कि यह सबसे अच्छा होता अगर राजनीतिक दल उच्चतम न्यायालय को इसमें शामिल करने के बजाय खुद इस मामले से निपटते।

■ सेना के साथ किसी भी मुद्दे को मीडिया के बजाय संस्था के साथ बैठकर हल किया जाना चाहिए

## सूडान में बमबारी से बीस से अधिक नागरिकों की मौत



**खार्तूम**, 6 नवम्बर (एजेंसियां)। सूडान की राजधानी खार्तूम के उत्तर में ओमडुरमन शहर में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच बमबारी के कारण 20 से अधिक नागरिक मारे गए है। सूडान के आपातकालीन वकील, एक गैर-सरकारी समूह, ने रविवार को एक बयान में कहा दोनों पक्षों के बीच झड़पों में वृद्धि और दोनों ओर से अंधाधुंध गोलाबारी के कारण, ओमडुरमैन के पड़ोसी अल-थवरा के जिले (15) में कई गोले गिरे, जिसमें 20 से अधिक नागरिक मारे गए और अन्य घायल हो गए। समूह ने एसएएफ और आरएसएफ दोनों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। समूह ने दोनों पक्षों से युद्ध रोकने और संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान खोजने का आह्वान किया। समूह ने बमबारी की तारीख का उल्लेख नहीं किया। अल-थवरा के आपातकालीन कक्ष, एक स्थानीय लोकप्रिय समूह ने कहा कि बमबारी शनिवार को हुई। आपातकालीन कक्ष ने रविवार को एक बयान में कहा, %यह पुष्टि की गई है कि पड़ोसी अल-थवरा जिला 15 में उनके घरों पर गोलाबारी के कारण 15 से अधिक नागरिक मारे गए हैं। मानवीय मामलों के लिए संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव मार्टिन ग्रिफिथ्स ने 15 अक्टूबर को एक बयान में कहा कि 15 अप्रैल से खार्तूम और अन्य क्षेत्रों में एसएएफ और आरएसएफ के बीच घातक झड़पें चल रही हैं, जिसमें 9,000 लोग मारे गए, 50 लाख 60 हजार से अधिक लोगों को अपने घरों से बाहर निकलना पड़ा और ढ़ाई करोड लोगों को सहायता की आवश्यकता है।

■ एसएएफ और आरएसएफ के बीच चल रही घातक झड़पों अब तक 9,000 लोगों की मौत

## मंगोलिया में बर्फीले तूफान से आठ चरवाहों की मौत

**उलनबटोर**, 6 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य मंगोलिया में बर्फीले तूफान के कारण आठ चरवाहों की मौत हो गयी है। देश की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि सप्ताहांत में देश के बड़े हिस्से में आए बर्फीले तूफान में तुव और उवुरखांगई के मध्य प्रांतों के सात चरवाहों और एक 12 वर्षीय लड़के की जान चली गयी। गौरतलब है कि शुक्रवार शाम से हिमपात और बर्फ़ीले तूफ़ान के कारण सड़कें बर्फ़ीली हो गयी हैं और सड़क पर दृश्यता कम हो गयी है। देश की राष्ट्रीय मौसम विज्ञान और पर्यावरण निगरानी एजेंसी के अनुसार सबसे अधिक प्रभावित मध्य मंगोलिया 34 सेमी मोटी बर्फ की परत से ढका हुआ है।

## आज का इतिहास

1832-प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ कार्यकर्ता पंडित विश्वंभर नाथ का जन्म।
1862-मुग़ल सल्तनत के अंतिम शासक बहादुर शाह द्वितीय की रंगून में मौत।
1876-बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने बंगाल के कांतल पाडा नामक गाँव में वन्दे मातरम् गीत की रचना की थी।
1917-रूस में सफल बोल्शेविक क्रांति।
1951-जार्डन में संविधान पारित किया गया।
1954-दक्षिण भारतीय फ़िल्मों के सुपर स्टार भारतीय अभिनेता कमल हासन का जन्म।
1968-तत्कालीन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
1996-अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मार्स ग्लोबल सर्वेयर का प्रक्षेपण किया।
1998-अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने भारत और पाकिस्तान पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की घोषणा की।
2000-भारत में हरित क्रांति के जनक सी. सुब्रह्मण्यम का निधन।
2002-अमेरिकी सीनेट के लिए हुए चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को बहुमत मिला।
2003-अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने गर्भपात पर रोक संबंधी विधेयक पर हस्ताक्षर किया।
2005-पाकिस्तान और अमेरिका एफ़-16 विमान टालने पर सहमत हुए।
2006-भारत और आसियान विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास के लिए एक फ़ंड बनाने पर सहमत हुए।
2008-कश्मीर के प्रसिद्ध कवि रहमान राही को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया।
2012-ग्वाटेमाला में भूकंप, 52 लोगों की मौत।
2015-भारतीय निर्देशक और कवि बप्पादित्य बंदोपाध्याय का निधन।

**तरक्की** जीवन को सुगम बनाने के लिए हो रहा भरपूर इस्तेमाल

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में चीन का दबदबा

**बीजिंग**, 6 नवम्बर (एजेंसियां)। दुनिया पहले जैसी शायद अब रही नहीं! टेक्नोलॉजी ने न सिर्फ आम लोगों की जिंदगी बदली है, बल्कि जीवन को सुगम बनाने के अलावा कई अन्य क्षेत्रों में भी तकनीक का भरपूर इस्तेमाल होता है, जिसका लाभ जन-जन तक पहुंच रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई भी एक ऐसी ही तकनीक है जिसका इस्तेमाल हमारे जीवन में महत्वपूर्ण होता जा रहा है। दरअसल, एआई एक टेक्नोलॉजी है, जिसे आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस कहते हैं, यह मानव के दिमाग की तरह काम करती है।

इसे सॉफ्टवेयर की मदद से बनाया जाता है। एआई की महता को देखते हुए पिछले दिनों यूनाइटेड किंगडम में एक बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजन्स से जुड़े जोखिमों का आकलन करने के लिए और मिलकर काम करने का वचन देते हुए एक घोषणा पर हस्ताक्षर किए। इस बैठक में चीन और भारत समेत प्रतिनिधित्व करने वाले देश भी शामिल थे। बैठक में भारत के केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने अपने संबोधन में कहा कि भारत एआई को खुलेपन, सुरक्षा, विश्वास और जवाबदेही के चश्मे से देखता है। अगर हम चीन की बात करें, तो टेक्नोलॉजी के मामले में चीन काफी आगे है, यह सभी जानते हैं। फेसियल रिकॉग्निशन जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चीन के लोगों की जिंदगी का एक हिस्सा बन चुके हैं। खरीददारी करते समय फेसियल रिकॉग्निशन से भुगतान किया जा सकता है, यात्रा करते समय इससे ट्रेन में सवार हो सकते हैं, मोबाइल फोन का लॉक खोल सकते हैं। आजकल यह व्यापक रूप से प्रयोग किया जा रहा है। कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए फेसियल रिकॉग्निशन से शारीरिक तापमान लेने का उपकरण व्यापक रूप से इस्तेमाल किया गया, जिससे तापमान लेने की कार्यक्षमता काफी हद तक उन्नत हुई। इसके अलावा इस पर आधारित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े व्यवसाय का तेज विकास हो रहा है, जो नवाचार का नया क्षेत्र बन गया है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा कि नयी पीढ़ी का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पूरी दुनिया में उभर रहा है, जिससे आर्थिक और सामाजिक विकास में नई उम्मीद जगी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे उत्पादन और जीवन की शैली बदलता है।ञ्आंकड़ों के अनुसार अब चीन में फेसियल रिकॉग्निशन से संबंधित उद्यमों की संख्या 10 हजार से अधिक है।



■ कई क्षेत्रों में हो रहा तकनीक का भरपूर इस्तेमाल

## सुडोकू 6369

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | 4 | | | | | 3 |
| | 7 | | | | | | | |
| | | | | 6 | 5 | | 4 | 7 |
| | | 2 | 5 | 8 | | | | 9 |
| 9 | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | 3 | 1 | 4 | | |
| 7 | 8 | | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 2 | |
| 2 | | | | | 6 | 8 | | 5 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6369

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. कलाकार, गुणवान निपुण (उर्दू)
४. झंडा, ध्वज (उर्दू)
६. गति, चाल, वेग (उर्दू)
७. विफल (उर्दू)
८. बातचीत
१०. प्रार्थना करना, मांगना
११. गुत्थी, फंसाव, कठिनाई, चिंता
१३. नाइंसाफी
१४. हर्ष, पुलक
१५. बंददार, मर्दाना पहनावा
१७. लोभी
१९. विपदा, विपत्ति
२१. धनी, अमीर (उर्दू)
२२. चुभना, गड़ना, अनुचित जान पड़ना
२४. पछताना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**
१. आज्ञापत्र (उर्दू)
२. उदारमना (उर्दू)
३. बीच, मध्य (उर्दू)
४. पतंगा, लिखित, आज्ञा, आज्ञापत्र (उर्दू)
५. गाज, बिजली
९. समानार्थी
११. श्रम, उद्यम, उत्पादक जीवन के लिए आवश्यक सामग्री उत्पन्न करने का धंधा
१२. छोटी खिड़की, गवाक्ष
१३. पृथ्वी
१४. रोकने वाला
१५. बदलना, अंतरित करना
१६. बचा-खुचा
१८. बाहरी, इच्छा, लालसा
१९. युद्ध
२०. एड़ी के ऊपर की हड्डी की गांठ
२३. अनेक, विभिन्न

### वर्ग पहेली-6368

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | सा | २ मा | जि | ३ क | ■ | ४ अ | नु | ५ दा | र |
| द्व | ■ | न | ■ | ६ था | म | ना | ■ | य | ■ |
| ७ हा | कि | म | ■ | ना | ■ | ८ ग | द | रा | ९ ना |
| स | ■ | र्दि | ■ | १० य | ती | म | ■ | ■ | मु |
| ■ | ११ वि | त | १२ र | क | ■ | ■ | १३ मा | र | ना |
| ■ | प | ■ | क्ष | ■ | १४ अ | पि | तु | ■ | सि |
| १५ वि | दा | १६ र | क | ■ | यो | ■ | १७ ल | १८ क | ब |
| ष | ■ | स | ■ | १९ अ | ध्या | २० य | ■ | फ | ■ |
| २१ म | ना | ही | ■ | ध | ■ | २२ म | हा | न | २३ ता |
| ता | ■ | २४ म | त | म | स्त | क | ■ | ■ | ल |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6369 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 7 | 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |

### दुनिया को जानें

## रूस ने नई परमाणु पनडुब्बी का परीक्षण किया

**व्लादिवोस्तोक**, 6 नवम्बर (एजेंसियां)। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि नई परमाणु ऊर्जा संचालित पनडुब्बी सम्राट अलेक्जेंडर-3 ने बुलवा बैलिस्टिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने रविवार को अपने सोशल मीडिया चैनल पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि परीक्षण प्रक्षेपण व्हाइट सी से कामचटका प्रायद्वीप पर एक लक्ष्य तक किया गया था। बयान में कहा गया, मिसाइल फायरिंग पानी के नीचे से सामान्य मोड में हुई। मिसाइल के हथियार निर्धारित क्षेत्र में समय पर पहुंच गए। मंत्रालय ने कहा कि परीक्षण लॉन्च नई पनडुब्बी के लिए सरकारी परीक्षण कार्यक्रम का अंतिम हिस्सा था, जो जल्द ही रूसी नौसेना में शामिल होगी। सम्राट अलेक्जेंडर-3 बोरे-ए परियोजना की चौथी पनडुब्बी है, जिसका लक्ष्य बुलावा मिसाइल से लैस आठ परमाणु-संचालित पनडुब्बियों का निर्माण करना है। ये पनडुब्बियां चौथी पीढ़ी की हैं और उत्तरी एवं प्रशांत बेड़े की पानी के नीचे की ताकतों का हिस्सा हैं।

# खेल जगत

**विराट कोहली को सर्वश्रेष्ठ वनडे बल्लेबाज माना जाना चाहिए : रिकी पोंटिंग**

**कोलकाता,** 6 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि वनडे में सर्वाधिक शतकों के मामले में भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की बराबरी करने के बाद विराट कोहली को बड़ी राहत मिली होगी। रविवार को ईडन गार्डन्स में विराट कोहली ने अपने 35वें जन्मदिन पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 101 रन की शानदार पारी खेलकर सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की। साथ ही इस मैच को भारत ने 243 रनों से जीता और अपना विजयी क्रम जारी रखा। विश्व कप के इस संस्करण में विराट कोहली के नाम अब 108.60 की विशाल औसत से कुल 543 रन हो गए हैं। पोंटिंग ने आईसीसी डिजिटल डेली एपिसोड में कहा, हो सकता है कि यह उनके लिए थोड़ा अजीब हो। मुझे लगता है कि वह सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं।



## मेरे लिए अपने हीरो सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी करना बड़े सम्मान की बात : विराट



सचिन से प्रशंसा पाना मेरे लिए बेहद खास है

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 6 नवंबर (देशबन्धु)। भारत के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली ने रविवार को अपना 35वां जन्मदिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन में आईसीसी वन डे क्रिकेट कप के मैच में अपने शतक जड़ कर मनाया। मैदान पर हजारों क्रिकेट प्रशंसक विराट मास्क के साथ कोलकाता में ईडन गार्डन में मौजूद थे। सभी क्रिकेट प्रेमी उम्मीद कर रहे हैं कि विराट शतक जडने् के साथ सचिन तेंदुलकर के दुनिया में सबसे ज्यादा 49 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ने के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। विराट ने सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी कर कोलकाता के ईडन गार्डन मैदान पर मौजूदा अपने प्रशंसकों को अपने जन्मदिन का रिटर्न गिफ्ट दी। मैच के शुरू होने से पहले ही मैदान के भीतर और बाहर एक ही गूंज सुनाई दे रही थी कोहली, कोहली। विराट ने जैसे ही अपना शतक पूरा किया तो फिर कोहली, कोहली का शोर ईडन गार्डन में गूंज उठा। विराट की दुनिया जीतने की जिद उन्हें भारत ही ही नहीं दुनिया भर के बल्लेबाजों से अलग बनाती है। हेप्पी बर्डथे किंग, विराट। इसी तरह की पट्टियां हाथ में लिए क्रिकेट प्रेमी विराट को मैदान पर खेलते देखने के लिए बराबर मैदान पर मैच शुरू होने से घंटों पहले ही कोलकाता के ईडन गार्डन पर जुटने लगे थे। शतक जड़ विराट ने अपने हर प्रशंसक का दिल खुश कर दिया।

सचिन ने विराट को अपने रिकॉर्ड की बराबरी करने कर टवीट कर बधाई दी। सचिन ने विराट से कहा कि मैं उम्मीद करता हूं तुम अगले कुछ ही दिनों मेरा यह (49 अंतरराष्ट्रीय वन डे शतक) का रिकॉर्ड तोड़ दोगो। विराट कोहली ने कहा, हमारे लिए दक्षिण अफ्रीका खिलाफ मैच हमारे लिए एक बड़ा मैच था। हम संभवतः सबसे मुश्किल खेल रहे थे और हमारे लिए यही बेहतर करने की प्रेरणा थी। लोगों ने मेरे लिए मेरा 35 वां जन्मदिन और खास बना दिया। मेरे लिए मेरे आदर्श सचिन तेंदुलकर का टवीट बेहद खास है।

मेरे लिए अपने हीरो सचिन तेंदुलकर (49 वन डे अंतरराष्ट्रीय शतकों) के रिकॉर्ड की बराबरी करना बड़े सम्मान की बात है। सचिन बेहद निपुण बल्लेबाज हैं। मेरे लिए यह बेहद भावुक क्षण है। मुझे वे दिन याद हैं जब मैं सचिन पा जी को टेलीविजन पर बल्लेबाजी करते देखा करता था। सचिन से प्रशंसा पाना मेरे लिए बेहद खास है। ओपनर जब इस आतिशी अंदाज में आगाज करते हैं तो तब यह लगता पिच बहुत सपाट है। । जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तो तब पुरानी गेंद से स्थितियां बदल गई।

हमे अपने प्रबंधन से मेरे लिए संदेश यही था कि मुझे आखिर तक बल्लेबाजी करनी है और इस सोच से खुश था। हम यह जानते है कि जब हमने 315 के करीब का स्कोर बना लिया तो यह सामान्य से कुछ उपर था। मैं क्रिकेट खेलने का लुत्फ उठा रहा और इससे भी ज्यादा अब अहम यह है कि मैं फिर से टीम के लिए योगदान कर पा रहा हैं।

विराट की सबसे बड़ी खासियत यह मैच जितना बड़ा और चुनौतीपूर्ण होता है वह उतना ही बेहतर प्रदर्शन करते हैं। विराट जब मैदान पर आए तो उनके आईपीएल फ्रेंजाइजी आरसीबी के साथी और दुनिया के पहले 360 डिग्री खिलाड़ी के रूप में ख्यात एबीडी विलियर्स ने ईडन पर उनका गले लगा कर स्वागत किया। हर दर्शक की जुबां पर एक ही नाम वी के यानी किंग कोहली। भारत के विजयरथ के सरपट दौड़ने का कारण है कि उसके गेंदबाजों ने बराबर प्रतिद्वंद्वी टीम को पूरा आउट किया है।

## सेमीफाइनल में जगह के लिए अफगान लड़ाकों का कल पहला इम्तिहान



**मुंबई,** 6 नवंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान को आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को कड़ा इम्तिहान देना होगा।

आंकड़ों के अनुसार अगर अफगानिस्तान विश्व कप में अपने शेष दोनों मैच जीत लेता है तो वह सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएगा लेकिन इसके लिए उसे कल ऑस्ट्रेलिया की चुनौती से पार पाना होगा। यह पहला मौका है जब अफगानिस्तान विश्व कप के इतने नजदीक पहुंचा है। अफगान लड़ाके जीत की हैट्रिक लगाने के बाद उत्साह से लबरेज हैं। दूसरी ओर पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रलिया दो शुरुआती झटकों के बाद पूरी लय में है। उसे दो मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार पांच मैच जीतकर फॉर्म हासिल कर लिया है और सेमीफाइनल की दहलीज में खड़ा है।

ऑस्ट्रेलिया के क्वालीफाइ करने की उम्मीदें मिचेल मार्श और ग्लेन मैक्सवेल की संभावित उपलब्धता से बढ़ गई हैं। यह देखना होगा कि ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस और कैमरून ग्रीन, मार्श और मैक्सवेल के लिए रास्ता बनाते हैं, या विशेषज्ञ बल्लेबाजों में से एक को किनारे पर रखा जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के पास हर विभाग में स्तरीय खिलाड़ी हैं, इसलिए अगर अफगानिस्तान को सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम ज़म्पा ने पूरे टूर्नामेंट में विपक्षी बल्लेबाजों के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है और वर्तमान में उनके नाम 17.15 की औसत से कुल 19 विकेट हैं। टूर्नामेंट में शुरुआती मैच के दौरान जम्पा विकेट नहीं ले पाये। लेकिन उसके बाद उन्होंने लेग-स्पिन गेंदबाजी में चार विकेट और दो बार तीन विकेट लेने का कारनामा किया है। दूसरी ओर अफगानिस्तान के पास भी गुणवत्ता वाले स्पिनरों की अपनी श्रृंखला है।

अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने सबसे अधिक 282 रन बनाये है। वहीं रहमानुल्लाह गुरबाज़ 33.42 की औसत से 234 रन बनाये है। गुरबाज का स्ट्राइक रेट 99.15 है। अगर अफगानिस्तान को ऑस्ट्रेलिया को परेशान करना है तो पावरप्ले के दौरान तेज शुरुआत करनी होगी। गुरबाज तेजी से रन बनाते हैं और वह ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर दबाव बनाने और अपनी टीम को बढ़त दिलाने में सक्षम हैं।

## द.अफ्रीका अगली बार वर्ल्ड कप में भारत को हरा देगी : रॉब वाल्टर



**कोलकाता,** 6 नवंबर (एजेंसियां)। वर्ल्ड कप 2023 में भारत का दमदार प्रदर्शन जारी है। रविवार को दक्षिण अफ्रीका के कोच रॉब वाल्टर ने मेजबान टीम से 243 रनों की करारी हार के बाद भारत की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें बेहद शानदार, बेहद संतुलित और बेहद कुशल टीम करार दिया। बर्थडे बॉय विराट कोहली के 49वें वनडे शतक और श्रेयस अय्यर के शानदार 77 रन के साथ, भारत ने पहले बल्लेबाजी करने के बाद दक्षिण अफ्रीका के सामने 326/5 का स्कोर बनाया। साथ ही अपनी शतकीय पारी के दौरान विराट कोहली ने वनडे फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी की है। 327 रन का पीछा करने उतरी अफ्रीकी टीम को भारतीय गेंदबाजों ने कोई मौका नहीं दिया। रवींद्र जडेजा ने मात्र 33 रन देकर 5 विकेट लिए, जिससे दक्षिण अफ्रीका 27.1 ओवर में 83 रन पर ऑलआउट हो गई। रॉब वाल्टर ने मैच के बाद कहा, भारत एक बेस्ट टीम है। उन्होंने हर मैच दमदार अंदाज में जीता है। आपको यह विश्वास करना होगा कि यदि आप अपने कौशल का प्रदर्शन करते हैं, तो आपको भी मौका मिलेगा। अब तक सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका और भारत ने अपनी जगह पक्की की है। वाल्टर का मानना है कि अगर दक्षिण अफ्रीका फिर से नॉकआउट में भारत से भिड़ता है तो उसके पास पासा पलटने की क्षमता है। अफ्रीकी कोच ने आगे कहा, हम पहले से ही जानते हैं कि मार्को जानसेन नई गेंद से क्या कर सकते हैं। भारत के खिलाफ उनका दिन अच्छा नहीं रहा। वह युवा खिलाड़ी है जो विश्व कप में अब तक शानदार रहा है। हमारी टीम ने टूर्नामेंट में शानदार परफॉर्म किया है। ये काफी फनी गेम है और आपको हर एक दिन कुछ ना कुछ नया सीखने को मिलता है और हर एक दिन सरप्राइज भरा होता है। इसलिए मुझे हैरानी नहीं होगी, अगर अगले मैच में पासा पलट जाए। भारत की टीम काफी जबरदस्त है। उनकी टीम काफी बैलेंस्ड और स्किलफुल है। उन्होंने हर एक मैच जीता है और काफी अच्छी तरह से जीता है। बायें हाथ के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर जानसन ने अपने स्पैल में 94 रन दिए, जो पुरुषों के एकदिवसीय विश्व कप इतिहास में दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज के लिए सबसे महंगा भी है। लेकिन वाल्टर ने उन्हें वापसी करने और बाकी प्रतियोगिता में दक्षिण अफ्रीका के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए समर्थन दिया। खिलाड़ियों के लिए यह एक उपहार है। इस तरह के मैच में दर्शकों की भीड़ रहती है और उनके सामने प्रदर्शन करना खास है। बड़े मैचों में खिलाड़ियों को सीखने के बहुत सारे अवसर मिलते हैं। यह वास्तव में एक अच्छी टीम के खिलाफ खेलने का अवसर था। भारत के खिलाफ मिली हार पर कोच ने चेंजिंग रूम का जिक्र करते हुए कहा, अगर आप अभी चेंजिंग रूम में जाएंगे, तो आप पाएंगे कि लोगों का एक समूह बेहद निराश है कि हम उस अद्भुत अवसर को लाभ उठाने में सक्षम नहीं थे, जहां हमारे लिए अपना कौशल दिखाने का एक शानदार अवसर था।

## असलंका का शतक, श्रीलंका ने बांग्लादेश को 280 रन का लक्ष्य दिया

- हेल्मेट के चलते एंजेलो मैथ्यूज टाइम हुए
- दोनों ही टीमें पहले ही विश्वकप से हो चुकी हैं बाहर

**नई दिल्ली,** 6 नवंबर (एजेंसियां)। श्रीलंका ने वर्ल्ड कप के 38वें मैच में बांग्लादेश को जीत के लिए 280 रन का लक्ष्य दिया है। श्रीलंका के लिए चरिथ असलंका (108 रन) ने शानदार शतकीय पारी खेली। वहीं, बांग्लादेश के लिए तंजीम हसन साकिब ने 3 विकेट लिए। सोमवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे 2023 क्रिकेट विश्व कप के मैच में पहले ही बाहर हो चुके बांग्लादेश के खिलाफ चरिथ असलंका के शतक के दम पर श्रीलंका ने 49.3 ओवर में 279 रन बनाए।

शुरुआत में बांग्लादेश के कप्तान शाकिब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। अच्छी शुरुआत करने के इरादे से उतरी श्रीलंका को शुरुआती ओवर में ही ओपनर कुसल परेरा के रूप में झटका लगा। हालांकि, खराब शुरुआत के बाद ओपनर पथुम निसांका और सदीरा समरविक्रमा ने 41-41 रन बनाए। यहां से श्रीलंकाई पारी थोड़ी संभली। अंतिम ओवरों में धनंजय डी सिल्वा (34 रन) की बदौलत श्रीलंका ने 279 रन का बनाए। बांग्लादेश की ओर से तंजीम हसन साकिब ने 3 विकेट लिए। शोरिफुल इस्लाम और कप्तान शाकिब अल हसन को 2-2 विकेट लिए।



### आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 7 | 7 | 0 | 0 | 14 |
| दक्षिण अफ्रीका | 7 | 6 | 1 | 0 | 12 |
| ऑस्ट्रेलिया | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 |
| श्रीलंका | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 |
| बांग्लादेश | 7 | 1 | 6 | 0 | 2 |
| इंग्लैंड | 7 | 1 | 6 | 0 | 2 |

### एंजेलो मैथ्यूज टाइम आउट पर आउट होने वाले पहले क्रिकेटर बने

श्रीलंका के ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज सोमवार को अरुण जेटली स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप 2023 मैच के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में टाइम आउट पर आउट होने वाले पहले क्रिकेटर बन गए। एंजेलो मैथ्यूज टाइम आउट हो गए हैं। वे क्रीज पर बॉल खेलने के लिए तैयार थे, लेकिन पहनते समय उनके हेलमेट का स्ट्रेप टूट गया। ऐसे में उन्होंने दूसरा हेलमेट मंगाया और बॉल खेलने में देरी हो गई। इस बीच शाकिब ने टाइम-आउट की अपील की। मैथ्यूज और बांग्लादेश टीम के साथ बातचीत के बाद ऑन-फील्ड अंपायरों ने श्रीलंकाई बल्लेबाज को टाइम आउट घोषित कर दिया। एमसीसी के नियमों के अनुसार बल्लेबाज को आखिरी विकेट गिरने के 3 मिनट के अंदर बॉल खेलने को तैयार होना पड़ता है। ऐसा नहीं होने पर फील्ड अंपायर अपील पर आउट दे सकता है।

## सार संक्षेप

### श्रीलंका सरकार ने देश के क्रिकेट बोर्ड को किया बर्खास्त


**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने क्रिकेट टीम को भारत के खिलाफ विश्व कप 2023 के लीग मैच में 32 रनों से मिली करारी हार के बाद वहां के क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त कर दिया है। श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने विश्वकप में भारत से 32 रनों से मिली हार के बाद बोर्ड के सभी सदस्यों को बर्खास्त कर दिया है। खेलमंत्री कार्यालय ने यहां जारी एक बयान में कहा देश के 1996 विश्व कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा को नए अंतरिम बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। खेल मंत्री रणसिंघे ने श्रीलंका क्रिकेट के लिए अंतरिम समिति का गठन किया है। नए सात सदस्यीय पैनल में सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज और एक पूर्व बोर्ड अध्यक्ष भी शामिल हैं। सरकार ने यह कदम बोर्ड के दूसरे सबसे बड़े अधिकारी मोहन डी सिल्वा के पद छोड़ने के एक दिन बाद आया। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह मेजबान भारत के हाथों श्रीलंका की विश्व कप में 32 रन से हार के बाद रणसिंघे ने सार्वजनिक रूप से पूरे बोर्ड के इस्तीफे की मांग की थी।

### सिदरा अमीन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

**ढाका।** पाकिस्तान की खिलाड़ी सिदरा अमीन पर बंगलादेश खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज के पहले मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। शुक्रवार को पाकिस्तान महिला बनाम बंगलादेश महिला मुकाबले के दौरान यह घटना पाकिस्तान की पारी के छठे ओवर में घटी जब सिदरा ने लेग बिफोर विकेट दिए जाने पर असहमति जताई। वह मैच में सिर्फ सात रन ही बना सकीं। आईसीसी की जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि सिदरा को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कार्मिक के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। इसके अलावा, सिदरा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है, जिसके लिए 24 महीने की अवधि में यह पहला अपराध था। लेवल एक के उल्लंघनों में न्यूनतम जुर्माना आधिकारिक फटकार, अधिकतम जुर्माना खिलाड़ी की मैच फीस का 5 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक करना होता हैं। सिदरा ने अपराध स्वीकार कर लिया और आईसीसी अंतरराष्ट्रीय पैनल ऑफ मैच रेफरी के नेयामुर राशिद की प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर मसुदुर रहमान और मुर्शिद अली खान, तीसरे अंपायर मुहम्मद कमरुज्जमां और चौथे अंपायर सजेदुल इस्लाम ने सिदरा पर आचार संहिता उल्लंघन के आरोप लगाये थे।

## अच्छे प्रदर्शन से टीम महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में खिताब जीते : सविता

**नई दिल्ली,** 6 नवंबर (देशबन्धु)। गोलरक्षक सविता पूनिया की अगुआई में भारत ने पिछले चैंपियन जापान को रविवार देर रात रांची में महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी के फाइनल में 4-0 से हराकर खिताब जीत हांगजू(चीन) में एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में मेजबान चीन से हार कर खिताब जीतने से चूकने की टीस बहुत हद तक मिटा दी। भारतीय महिला हॉकी टीम दूसरी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब अपने नाम किया है। भारतीय महिला हॉकी टीम का लक्ष्य अब 13 से 19 जनवरी, 2014 तक रांची में एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में महिला एशियन चैंपियन ट्रॉफी की खिताबी जीत के प्रदर्शन को दोहरा कर सीधे अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना है। भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए जापान के खिलाफ महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में संगीता कुमारी, नेहा, ललरेमसियामी और वंदना कटारिया ने एक एक गोल किया। संगीता कुमारी ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा छह गोल कर टूर्नामेंट की उदीयमान खिलाड़ी का अवार्ड जीता जबकि झारखंड की ही सलीमा टेटे टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही। भारतीय महिला हॉकी टीम की रविवार को महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जापान पर 4-0 की बड़ी जीत के साथ खिताब जीतने पर कप्तान सविता ने बताया कि उनकी टीम के लिए यह बड़ी खिताब जीत क्यों अहम है। सविता ने कहा, %हम महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में एक लक्ष्य के साथ आए थे। हमारी टीम एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूकने के बाद हम रांची में सीधे महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब जीतने के मकसद से उतरी थी। हमारी टीम बेहद आक्रामक हॉकी खेली । हमने पहल की क्योंकि हमारे पास इस इसके मुताबिक खेलनी वाली खिलाड़ी थी और हर किसी ने अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाकर यह सुनिश्चित किया कि हमारी टीम महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब जीते। हमारा लक्ष्य हमेशा ही अभ्यास के बढिया़ प्रदर्शन को मैच में मैदान पर दिखाने का रहा है। अब हमारे पास एफआईएच महिला हॉकी क्वॉलिफायर्स की तैयारी के लिए वक्त है और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम इसमें अपनी पूरी क्षमता के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।



भारतीय महिला हॉकी टीम की चीफ कोच यांकी शॉपमैन ने टूर्नामेंट में अपनी टीम के जेहनी तौर पर बढिया़ प्रदर्शन के लिए तारीफ की। शॉपमैन ने कहा, % हम बतौर टीम बहुत बढिया़ खेले और टीम की हर खिलाड़ी में बेहतर करने का जज्बा दिखा। मैं अपनी टीम के मैदान पर बढिया़ प्रदर्शन से बेहद खुश हूं। हमारी खिलाड़ी पेनल्टी कॉर्नर पर स्थितियों के मुताबिक वेरिएशंस करनी दिखी। हमारी टीम में अब कई खिलाड़ी हैं जो गोल कर सकती है और साथ ही कुछ मजबूत डिफेंडर भी हैं। हमारा पूरे टूर्नामेंट में हमने पेनल्टी कॉर्नर मात्र दो गोल खाए और हमारे खिलाफ एक भी मैदानी गोल नहीं हुआ। हम जानती हैं कि हमारी टीम में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का दम है बस हमें यह साबित करना होगा कि हम एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर्स में भी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जैसे प्रदर्शन को दोहरा सकते हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेलों के चैंपियन चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, मलयेशिया और थाईलैंड से अपने पांचों राउंड रॉबिन लीग मैच अंक तालिका में कुल सबसे 15 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पाया और सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-0 से और फाइनल में जापान को 4-0 से शिकस्त दी।भारतीय महिला हॉकी टीम ने अजेय रहते हुए महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीता और पर हॉकी इंडिया ने टीम की हर सदस्य को इनाम के रूप में तीन- तीन लाख रुपये और सपोर्ट स्टाप के हर सदस्य को बतौर इनाम डेढ़-डेढ़ लाख के इनाम की घोषणा की।

## विराट ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई : आकाश चोपड़ा

**कोलकाता,** 6 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने विश्व कप 2023 में दक्षिण अफ्रीका पर टीम की 243 रन की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विराट कोहली की नाबाद 101 रन की प्रशंसा की। रविवार को ईडन गार्डन्स में कोहली ने अपने 35वें जन्मदिन पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बर्थडे बॉय विराट कोहली के 49वें वनडे शतक और श्रेयस अय्यर के शानदार 77 रन के साथ, भारत ने पहले बल्लेबाजी करने के बाद दक्षिण अफ्रीका के सामने 326/5 का स्कोर बनाया। साथ ही अपनी शतकीय पारी के दौरान विराट कोहली ने वनडे फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी की है। 327 रन का पीछा करने उतरी अफ्रीकी टीम को भारतीय गेंदबाजों ने कोई मौका नहीं दिया। रवींद्र जडेजा ने मात्र 33 रन देकर 5 विकेट लिए, जिससे दक्षिण अफ्रीका 27.1 ओवर में 83 रन पर ऑलआउट हो गई। आकाश चोपड़ा ने कहा, विराट कोहली बहुत संयमित तरीके से खेले क्योंकि एक समय ऐसा था जब भारतीय टीम थोड़ी परेशानी में दिख रही थी। गेंद उस तरह से नहीं आ रही थी, जिस तरह से वे चाहते थे और कोई भी आसानी से रन नहीं बना पा रहा था। तभी, श्रेयस अय्यर और कोहली साझेदारी करने में कामयाब रहे। विराट 40वें ओवर की समाप्ति पर 75 रन पर पहुंच गए थे और पारी के अंत तक मात्र 26 रन बनाने में सफल रहे। इसे लेकर कुछ चर्चा हुई कि क्या यह सही था या गलत, क्योंकि अंतिम ओवरों में भारतीय बल्लेबाज ज्यादा रन बनाने में सफल नहीं रहे थे। लेकिन, चोपड़ा ने कहा कि विराट को ड्रेसिंग रूम से संदेश यही मिला था कि वह अंत तक बल्लेबाजी करें। इसलिए, अगर उन्हें यही भूमिका सौंपी गई थी, तो उन्होंने इसे पूरी तरह से निभाया।

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली,** 6 नवम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाइटन | 2.23 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.75 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.73 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.54 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.53 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 2.37 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.78 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.72 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.53 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.44 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

# रिकवरी धीमी होने से वैश्विक आर्थिक विकास की संभावनाएं कमजोर: सीतारमण

**नई दिल्ली,** 6 नवम्बर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि मध्यम अवधि में वैश्विक आर्थिक विकास की संभावनाएं और कमजोर हो गई हैं क्योंकि रिकवरी धीमी और असमान है। दिल्ली में 'मजबूत सतत संतुलित और समावेशी विकास' पर एक वेबिनार में उन्होंने कहा, 'महामारी के बाद से, वैश्विक अर्थव्यवस्था कई संकटों से जूझ रही है, जिससे वैश्विक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हालांकि रिकवरी चल रही है, लेकिन धीमी और असमान है।

वैश्विक विकास की वर्तमान गति काफी कमजोर बनी हुई है। महामारी से पहले के दो दशकों में 3.8 प्रतिशत के औसत के मुकाबले विकास दर काफी नीचे है और मध्यम अवधि में विकास की संभावनाएं कमजोर हो गई हैं।'



उन्होंने कहा कि वैश्विक और घरेलू स्तर पर पॉलिसी कॉर्डिनेशन यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि विकास पटरी पर आए और मजबूत, टिकाऊ, संतुलित और समावेशी बना रहे। उन्होंने कहा कि जी20 नई दिल्ली नेताओं की घोषणा (एनडीएलडी) समान विकास और वित्तीय स्थिरता को बढ़ाने के लिए

> **'महामारी के बाद से, वैश्विक अर्थव्यवस्था कई संकटों से जूझ रही है, जिससे वैश्विक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हालांकि रिकवरी चल रही है, लेकिन धीमी और असमान है। वैश्विक विकास की वर्तमान गति काफी कमजोर बनी हुई है:-निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री**

कैलिब्रेटेड व्यापक आर्थिक और संरचनात्मक नीतियों को लागू करने की जरूरत को रेखांकित करती है।

सीतारमण ने आगे कहा, 'हमारी अध्यक्षता में, जी20 ने एमएसएमई को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एकीकृत करने पर पूरा ध्यान दिया। दुनिया भर में एमएसएमई का 90 प्रतिशत व्यवसाय, 60 से 70 प्रतिशत रोजगार और सकल घरेलू उत्पाद में 50 प्रतिशत का योगदान है। वे आजीविका को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, खास कर कामकाजी गरीबों, महिलाओं, युवाओं और कमजोर परिस्थितियों वाले समूहों के बीच। हालांकि एमएसएमई को विकासशील देशों में, अक्सर जानकारी तक सीमित पहुंच के लिए संघर्ष करना पड़ता है, जिससे उनकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार भागीदारी में बाधा आती है। इस चुनौती से निपटने में मदद करने के लिए, एनडीएलडी ने जयपुर कॉल फॉर एक्शन का स्वागत किया, जिसका मकसद एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देना है और साथ ही एमएसएमई के लिए इनफोर्मेशन गैप को पाटना है ताकि उन्हें अपने व्यवसाय और व्यापार का विस्तार करने में मदद मिल सके।

# फिच ने भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाया, चीन का घटाया

**नई दिल्ली,** 6 नवम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने सोमवार को भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की मध्यावधि वृद्धि का अनुमान पहले के 5.5 फीसदी से 0.7 फीसदी बढ़ाकर 6.2 फीसदी कर दिया, जबकि चीन के लिए अपने अनुमान में 0.7 प्रतिशत की कटौती की। रेटिंग एजेंसी ने 10 उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए अपना अनुमान पहले के 4.3 फीसदी से घटाकर 4 फीसदी कर दिया।

फिच ने अपनी रिपोर्ट में कहा, 'उभरते बाजार की संभावित वृद्धि चीन की धीमी गति के कारण कमजोर हुई। यह कटौती मुख्य रूप से चीन की आपूर्ति पक्ष की वृद्धि क्षमता के अनुमान में 0.7 प्रतिशत अंक की बड़ी कमी के कारण है। चीन की मध्यावधि वृद्धि का अनुमान पहले के 5.3 प्रतिशत से घटाकर 4.6 प्रतिशत कर दिया गया है।' 'हालांकि, हमने भारत और मेक्सिको में बड़े पैमाने पर




उन्नयन किया है, जिससे पूंजी-से-श्रम अनुपात के बेहतर दृष्टिकोण से लाभ हुआ है। भारत का अनुमान 5.5 प्रतिशत से बढ़कर 6.2 प्रतिशत और मेक्सिको का 1.4 प्रतिशत से बढ़कर 2 प्रतिशत है।' रूस के लिए पूर्वानुमान को 1.6 प्रतिशत से घटाकर 0.8 प्रतिशत, कोरिया के लिए 2.3 प्रतिशत से घटाकर 2.1 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका के लिए 1.2 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत कर दिया गया है। एजेंसी ने यह भी कहा कि नवीनतम अनुमान ब्राजील और पोलैंड को छोड़कर सभी शीर्ष 10 उभरते बाजारों (ईएम10) के लिए उसके महामारी-पूर्व संभावित विकास अनुमानों से नीचे हैं। इसमें कहा गया है, 'यह बिगड़ते जनसांख्यिकीय रुझान और महामारी से व्यवधानों की विरासत को दर्शाता है। उत्तरार्द्ध आंशिक रूप से पूंजी स्टॉक और उत्पादकता वृद्धि के अनुमानों में संशोधन के माध्यम से परिलक्षित होता है।' रिपोर्ट में कहा गया है, 'लेकिन कुछ 'डरावने' प्रभावों को पकड़ना मुश्किल है और हमने अब मेक्सिको, इंडोनेशिया, भारत और दक्षिण अफ्रीका के लिए 2020 और 2021 में संभावित सकल घरेलू उत्पाद के ऐतिहासिक अनुमानों में अतिरिक्त 'स्तर का झटका' समायोजन किया है।'

# अक्टूबर में डीजल, जेट ईंधन की बिक्री बढ़ी

**नई दिल्ली,** 6 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल अक्टूबर में डीजल और पेट्रोल की बिक्री 2022 के इसी महीने की तुलना में क्रमशः 9.3 प्रतिशत और 4.8 प्रतिशत बढ़ गई है। पेट्रोल और डीजल की अधिक खपत देश में आर्थिक गतिविधियों के बढ़े हुए स्तर को दर्शाती है। डीजल का उपयोग परिवहन और कृषि दोनों क्षेत्रों में किया जाता है और दोहरे अंक की खपत वृद्धि इन दोनों क्षेत्रों में ग्रोथ दिखाती है। इसी प्रकार, पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में महीने के दौरान हवाई यात्रा में वृद्धि के कारण एयरलाइंस द्वारा जेट ईंधन की खपत भी 12.3 प्रतिशत तक बढ़ गई। बिटुमिन की बिक्री में भी 20.5 फीसदी का उछाल आया है, जो देश में हो रहे राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की तेज गति को दर्शाता है।



हालांकि, साथ ही पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ी हुई खपत का मतलब ये भी है कि आयात अधिक हो रहा है। देश की 80 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल की जरूरत वैश्विक बाजार से पूरी होती है। इससे चालू खाता घाटा बढ़ता है और रुपया कमजोर होता है। कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान अमेरिकी डॉलर में करना पड़ता है।

# अधिकांश खाद्य तेलों में नरमी

**नई दिल्ली,** 6 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में नरमी रही जबकि खाद्य तेलों में मिश्रित रुझान रहा वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा छह रिंगिट फिसलकर 3799 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, नवम्बर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.52 सेंट की तेजी के साथ 49.86 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में गिरावट रही। सरसों तेल 147 रुपए, मूंगफली तेल 146 रुपए और वनस्पति तेल 134 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया जबकि सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन:दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 50 रुपए और दाल चना 50 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई जबकि उड़द दाल में 200 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

## सार संक्षेप

### डीआरआई ने हैवेल्स इंडिया कार्यालय में तलाशी ली

नई दिल्ली। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और उपकरण निर्माता हैवेल्स इंडिया के मुख्यालय पर तलाशी अभियान चलाया। हैवेल्स इंडिया के अनुसार, तलाशी डीआरआई द्वारा की गई जो तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी के मामलों की जांच करने के लिए प्रमुख एजेंसी के रूप में कार्य करती है। कंपनी ने बीएसई को बताया कि डीआरआई ने नोएडा में उसके कॉर्पोरेट कार्यालय में तलाशी ली। तलाशी अभियान 4 नवंबर को रात लगभग 2.2 बजे समाप्त हुआ। इसमें कहा गया है कि तलाशी सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 15 के तहत शुरू की गई थी। कंपनी ने यह भी कहा कि उसकी वित्तीय, संचालन या अन्य गतिविधियों पर इसके प्रभाव को इस समय निर्धारित नहीं किया जा सकता है। उसने बताया कि मामला हीटिंग तत्वों के आयात के वर्गीकरण से संबंधित है।

### निविया सॉफ्ट फ्रेश बैच 223 के लिए 6 विजेता चयनित

नई दिल्ली। स्किनकेयर ब्रांड निविया ने डिजिटल टैलेंट हंट निविया सॉफ्ट फ्रेश बैच के तीसरे संस्करण के तहत 6 विजेताओं की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि 6 नए विजेताओं ने अपनी प्रभावशाली यात्रा शुरू करने के लिए ब्रांड के साथ एक साल का अनुबंध किया है। इनके चयन के लिए आयोजित कार्यक्रम में आकर्षक कंटेंट क्रिएशन जोन्स, विशेष थीम वाले फोटोबूथ के साथ-साथ फाइनलिस्टों के लिए एक प्रोफेशनल फोटोशूट का आयोजन भी किया गया। इसमें भागीदारी में असाधारण वृद्धि देखी गई। इंस्टाग्राम और मोज, दोनों पर 2,3` से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। 45 से अधिक शहरों के उभरते क्रिएटरों ने इस डिजिटल हंट में भाग लिया, जो जनरेशन-जेड (1996 से 21 के बीच पैदा) लड़कियों के बीच इसकी बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है। कंपनी ने कहा कि मुंबई, पुणे, सूरत, अहमदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद जैसे प्रमुख महानगरों और लखनऊ, जयपुर, कानपुर, नागपुर जैसे क्षेत्रीय शहरों से विविध भागीदारी प्रदर्शित करने वाली प्रविष्टियां आईं।

### ऑर्गेनिक हार्वेस्ट की कलर कॉस्मेटिक्स कैटिगरी में एंट्री


**नई दिल्ली।** ऑर्गेनिक ब्यूटी ब्रांड ऑर्गेनिक हार्वेस्ट ने एक नई मेकअप लाइन के लॉन्च के साथ कलर कॉस्मेटिक कैटिगरी में प्रवेश करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में इसमें प्रमाणित ऑर्गेनिक तत्वों के साथ तैयार किए गए सौंदर्य प्रसाधन प्रस्तुत करने का दावा किया है। टॉक्सिन फ्री और क्रूएलिटी फ्री फॉर्मूलेशन मुहैय्या कराने के लिए प्रतिबद्ध ऑर्गेनिक हार्वेस्ट ऐसे सौंदर्य प्रसाधन प्रस्तुत करके मेकअप को एक नई ऊंचाई देता है, जो त्वचा के स्वास्थ्य और पर्यावरण कल्याण दोनों को प्राथमिकता देते हैं और जो पर्यावरण के अनुकूल व सुरक्षित सौंदर्य की बढ़ती मांग के अनुरूप हैं। रसायन के इस्तेमाल से बने सौंदर्य उत्पादों के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में समझदार उपभोक्ताओं में बढ़ती चिंता के समाधान के तौर पर ऑर्गेनिक हार्वेस्ट ने स्वच्छ, टिकाऊ और परिणामदायी मेकअप प्रोडक्टस की एक रेंज लांच की है जो त्वचा के स्वास्थ्य से समझौता किए बिना सौंदर्य प्रसाधनों को एक नये नज़रिये के साथ पेश करते हैं। कंपनी ने अभिनेत्री एवं ब्रांड एंबेसडर निम्रत कौर के साथ एक अभियान के साथ सौंदर्य तक़नीक पर आधारित मेकअप के नये और नैतिक दृष्टिकोण को पेश करके सौंदर्य उद्योग में क्रांति लाने की कोशिश की है। ऑर्गेनिक हार्वेस्ट के संस्थापक राहुल अग्रवाल ने मेकअप में ब्रांड के विस्तार कहा, 'हम स्वच्छ और ऑर्गेनिक सौंदर्य के प्रति अपनी कमिटमेंट को बढ़ाते हुए ऑर्गेनिक हार्वेस्ट की पहली मेकअप रेंज को पेश करके बेहद रोमांचित हैं। हमारा मक़सद हमेशा सौंदर्य को एक नया आयाम देना रहा है। हमारे ग्राहक अब ऐसे सौंदर्य प्रसाधनों का मज़ा ले सकते हैं जो न केवल उनके रूप-रंग को निखार सकते हैं बल्कि साथ की साथ त्वचा के स्वास्थ्य को भी बेहतर करते हैं। हम इस लाइन को पेश करके बहुत उत्साहित हैं और हमारा मानना है कि यह लोगों के ऑर्गेनिक ब्यूटी को देखने के नज़रिये में क्रांतिकारी बदलाव लाने जा रहा है।'

# शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई,** 6 नवम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 594.91 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत की छलांग लगाकर 64958.69 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 181.15 अंक यानी 0.94 प्रतिशत उछलकर 19411.75 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.90 प्रतिशत की तेजी के साथ 32,021.21 अंक और स्मॉलकैप 1.00 प्रतिशत मजबूत होकर 37,965.00 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3964 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2452 में लिवाली जबकि 1336 में बिकवाली हुई वहीं 176 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 45 कंपनियां तेजी जबकि शेष पांच नुकसान में रही। बीएसई में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की 0.44 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर 19 में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.38, सीडी 0.88, ऊर्जा 1.27, एफएमसीजी 0.45, वित्तीय सेवाएं 0.76, हेल्थकेयर 1.19, इंडस्ट्रियल्स 1.42, आईटी 0.86, दूरसंचार 0.47, यूटिलिटीज 1.39, ऑटो 0.65, बैंकिंग 0.74, कैपिटल गुड्स 1.68, धातु 1.64, तेल एवं गैस 1.33, पावर 1.09, रियल्टी 1.19, टेक 0.79 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.06 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.02 और जर्मनी का डैक्स 0.16 प्रतिशत गिर गया जबकि जापान का निक्केई 2.37,




हांगकांग का हैंगसेंग 1.71 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.91 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 471 अंक की तेजी के साथ 64,835.23 अंक पर खुला लेकिन बकवाली होने से थोड़ी देर बाद 64,617.48 अंक के निचले स्तर पर आ गया। इसके बाद हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 64,992.54 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 64,363.78 अंक के मुकाबले 0.92 प्रतिशत उछलकर 64,958.69 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 115 अंक मजबूत होकर 19,345.85 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,309.70 अंक के निचले जबकि 19,423.00 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,230.60 अंक की तुलना में 0.94 प्रतिशत मजबूत होकर 19,411.75 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 26 कंपनियों में से एलटी ने सबसे अधिक 2.30 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही एक्सिस बैंक 2.07, पावरग्रिड 1.88, टाटा स्टील 1.79, बजाज फिनसर्व 1.68, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.32, आईसीआईसीआई बैंक 1.26, इंफोसिस 1.07, टेक महिंद्रा 1.04, टीसीएस 1.03, एनटीपीसी 0.87, रिलायंस 0.86, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.76, भारती एयरटेल 0.73, एचडीएफसी बैंक 0.72, सन फार्मा 0.66, आईटीसी 0.37, विप्रो 0.33, एचसीएल टेक 0.26 और मारुति के शेयर 0.11 प्रतिशत चढ़ गए। वहीं, एसबीआई 0.65, टाटा मोटर्स 0.29, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.29 और टाइटन के शेयरों ने 0.19 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# विरासत करों को कवर करने के लिए 2 अरब डॉलर मूल्य के शेयर बेच रहे सैमसंग परिवार के सदस्य

**सोल,** 6 नवम्बर (एजेंसियां)। सैमसंग ग्रुप के स्वामित्व वाले परिवार के सदस्य विरासत करों को कवर करने के लिए सैमसंग सहयोगियों में लगभग 2.6 ट्रिलियन वॉन (2 बिलियन डॉलर) मूल्य के शेयर बेचने के लिए तैयार हैं। अक्टूबर 2020 में दिवंगत सैमसंग चेयरमैन ली कुन-ही की मृत्यु के बाद से, उनके परिवार के सदस्य पांच साल की योजना के अनुसार विरासत में मिली संपत्ति के लिए किस्तों में विरासत कर का भुगतान कर रहे हैं। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, कुल विरासत कर की राशि 12 ट्रिलियन वॉन थी। वित्तीय पर्यवेक्षी सेवा के साथ नियामक फाइलिंग के अनुसार, ली की पत्नी होंग रा-ही और उनकी दो बेटियों ली बू-जिन और ली सेओ-ह्यून, जिनमें से एक होटल शिला कंपनी की सीईओ और दूसरी सैमसंग वेलफेयर फाउंडेशन की प्रमुख है, ने पिछले मंगलवार को हाना बैंक को शेयर निपटान का काम सौंपने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

'विरासत कर भुगतान' के उद्देश्य से किए गए सौदे के तहत, हाना बैंक को 30 अप्रैल, 2024 तक सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में हांग की 0.32 प्रतिशत हिस्सेदारी और फर्म में दोनों बेटियों के स्वामित्व वाली संयुक्त 0.18 प्रतिशत हिस्सेदारी का निपटान करना आवश्यक है। जब प्रति शेयर 69,600 वॉन का नवीनतम बाजार समापन मूल्य लागू किया जाता है, तो बिक्री के लिए सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों की राशि लगभग 2.08 ट्रिलियन वॉन हो जाती है।

# ऑफिस आकर काम करने से इनकार करने के बाद अमेजन कर्मचारी ने गंवाया 1.7 करोड़ का स्टॉक

**सैन फ्रांसिस्को,** 6 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका में ऑफिस आकर काम करने के लिए कहे जाने के बाद कंपनी छोड़ने वाले अमेजन कर्मचारी को कंपनी के शेयरों में 1.7 करोड़ रुपए (200,000 डॉलर) से अधिक का नुकसान हुआ है, लेकिन जाहिर तौर पर उसे इतनी बड़ी रकम खोने का कोई अफसोस नहीं है।

'बिजनेस इनसाइडर' की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व अमेजन सॉफ्टवेयर-डेवलपमेंट मैनेजर, जिन्होंने लगभग चार सालों तक कंपनी के साथ काम किया, ने ऑफिस आकर काम करने के निर्देश के बाद नौकरी छोड़ दी। उन्होंने कहा, 'अगर उनकी रिटर्न-टू-ऑफिस पॉलिसी पर सख्त रवैया नहीं होता, तो मैं अभी भी चेहरे पर मुस्कान के साथ वहां होता।' उन्होंने आगे कहा, 'अमेजन में काम करते समय अर्जित किए गए अनवेस्टेड स्टॉक को जब्त करके 203,000 डॉलर वेतन में कटौती करते हुए अपनी नई नौकरी शुरू की।' कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'नौकरी बनाए रखने के लिए देश भर में घूमने और अपने सपनों का जीवन




छोड़ने के आगे यह कटौती सही है।' कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि अमेजन कर्मचारी खाते को सत्यापित नहीं कर सका। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, 'हमने बार-बार अपनी स्थिति स्पष्ट की है। फरवरी में, हमने कर्मचारियों के साथ शेयर किया कि हम उनसे मई से शुरू होने वाले हर हफ्ते तीन या उससे ज्यादा दिन ऑफिस में आकर काम करने के लिए कहेंगे, क्योंकि हमारा मानना है कि इससे हमारे कस्टमर्स, बिजनेस और कल्चर के लिए बेस्ट लॉन्ग टर्म प्राप्त होंगे।'

# बिहार में निर्यात बढ़ाने और आईटी को बढ़ावा देने के लिए शीघ्र जारी होंगी नयी नीतियां

**नई दिल्ली,** 6 नवम्बर (एजेंसियां)। निवेश आकर्षित करने के लिए देश के विभिन्न शहरों में रोड शो का आयोजन कर रहे बिहार से निर्यात को प्रोत्साहित करने और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों को राज्य में निवेश के वास्ते बुलाने के लिए प्रदेश सरकार शीघ्र ही नयी नीतियां जारी करेगी। बिहार के उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप पांडिक ने आज यहां निवेशक सम्मेलन से पहले संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पटना हवाई अड्डे पर एयर कार्गो परिसर का निर्माण चल रहा है जिसके अगले छह महीने में बनकर तैयार होने का अनुमान है। इसके साथ ही राज्य सरकार लॉजिस्टिक नीति भी बना रही है जिसकी शीघ्र ही घोषणा की जायेगी। इसमें



उद्योग के लिए लॉजिस्टिक की सुविधायें उपलब्ध कराने और निर्यात को गति देने को प्रोत्साहित करने की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही राज्य सरकार प्रदेश में आईटी कंपनियों को निवेश के लिए आकर्षित करने के उद्देश्य से आईटी नीति भी जारी करने जा रही है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने राज्य में निवेशकों और उद्योग को पूरी सुरक्षा दिये जाने का दावा करते हुये कहा कि जहां उद्योग लगाये जा रहे हैं वहां निवेशकों को कोई दिक्कत नहीं आने दी जायेगी। स्थानीय प्रशासन पूरी सुरक्षा देगा। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योग को बेहतर बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराने पर 1500 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है और चालू वित्त वर्ष में भी इस पर निवेश के प्रावधान किये गये हैं।

उन्होंने प्रदेश में उद्यम्मियों को हर संभव मदद और प्रोत्साहन देने का वायदा करते हुये कहा कि प्रदेश में 3000 एकड़ भूमि उद्योग के लिए उपलब्ध है और सरकार प्लग एंड प्ले बुनियादी सुविधायें भी दे रही है। इसमें हर उद्योग के लिए बुनियादी सुविधायें तैयार है और उद्योग को सिर्फ मामूली किराये पर 15 वर्षों के लिए सुविधायें दी जायेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार टेक्सटाइल, चमड़ा, खाद्य प्रसंस्करण और आईटी प्राथमिकता वाले उद्योग हैं। उन्होंने बिहार में उद्योग लगाने से मिलने वाले लाभों को गिनाते हुये कहा कि बिहार की आबादी 13 करोड़ है लेकिन प्रदेश में उद्योग लगाकर नन्न सिर्फ पूर्वोत्तर, पश्चिम बंगाल, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश बल्कि नेपाल और अन्य पड़ोसी देशों को भी निर्यात किया जा सकता है। करीब 40 करोड़ लोगों का बाजार मिलेगा।

# मतदान से पहले नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, कई जवान घायल



**कांकेर,** 6 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कल होने वाले पहले चरण के चुनाव से पहले नक्सलियों ने फिर कायराना हरकत को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने रेंगावही में द्धश्वष्ठ ब्लास्ट किया है। आईईडी की चपेट में आने से 2 जवानों की घायल होने की खबर है। प्रशांत सुक्ला ने इस घटना की पुष्टि की है। मिली जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने छोटे बेटिया थाना क्षेत्र में रेंगावही धान खरीदी केंद्र के पास ब्लास्ट की घटना को अंजाम दिया है। आईईडी की चपेट में आने से 2 जवान गंभीर रूप से घायल हो गये है। आपको बता दें इससे पहले नक्सलियों ने आज सुबह बैनर-पर्चा जारी कर चुनाव बहिस्कार करने की बात कही थी, जिसमें 2 कांग्रेस नेताओं को जान से मारने की धमकी दी है. इससे इलाके में दहशत का माहौल है।

## नक्सलियों ने 2 कांग्रेस नेताओं को जान से मारने की दी धमकी, लगाए बैनर और फंके पर्चे





**नारायणपुर,** 6 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बीच नक्सली अपनी हरकतों से आज नहीं आ रहे हैं. वहीं प्रथम चुनाव के ठीक एक दिन पहले नक्सलियों ने पर्चा फेंका और बैनर लगया है. जिसमें भाजपा नेता की हत्या के बाद अब कांग्रेस नेताओं को मौत के घाट उतारने की धमकी दी है.

यह ममला नारायणपुर थाना क्षेत्र समेत अलग-अलग इलाकों का है. जानकारी के अनुसार, नारायणपुर जिले के अलग-अलग इलाकों में नक्सलियों ने धमकी वाला पोस्टर लगाया और पर्चा फेंका है. वहीं नक्सलियों ने एक बैनर जिला मुख्यालय के अंदर पहाड़ी मंदिर के पास लगया है. जिसमें 2 कांग्रेस नेताओं को जान से मारने की धमकी दी है. इससे इलाके में दहशत का माहौल है।


# छत्तीसगढ़ की अबूझमाड़ मलखंभ अकादमी टीम बनी विजेता

**नारायणपुर,.** 6 नवम्बर (देशबन्धु)। देश की लोकप्रिय रियलिटी शो 'इंडियाज गॉट टैलेंट' के सीजन 10 का खिताब छत्तीसगढ़ की अबूझमाड़ मलखंभ अकादमी ने खिताब अपने नाम कर लिया है. इंडियाज गॉट टैलेंट के विनर के रूप में उन्हें 20 लाख रुपये की इनामी धनराशि और कार मिला है. इस सीजन रैपर और सिंगर बादशाह, किरण खेर और शिल्पा शेट्टी ने जजेस की कुर्सी संभाली.

बता दें कि रियलिटी शो का आयोजन अर्जुन बिजलानी द्वारा किया जाता है. छह फाइनलिस्टों के प्रदर्शन के बाद विनर का नाम अनाउंस किया गया. जिसमें अबूझमाड़ मल्लखंब अकादमी, जीरो डिग्री क्रू, महिला बैंड, गोल्डन गर्ल्स, द ए.आर.टी., रागा फ्यूजन ने फिनाले एपिसोड की शूटिंग की है. इन छह फाइनलिस्टों में से अबूझमाड़ मल्लखंब अकादमी विनर बना.

### सीएम भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों से की थी अपील

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्विटर पर लिखा था, च्तैयार हैं हमारे नारायणपुर मलखंभ अकादमी के कलाकार, दुनिया को दिखने अपने हुनर का कमाल 100 से अधिक देशों के खेल प्रेमियों के दिलों में सुमार हमारे छत्तीसगढ़ की माटी के लाल सोनी टीवी पर प्रसारित होने वाले च्इंडियाज गॉट टैलेंट शोज्ज के फाइनल मुकाबले में 28 एवं 29 अक्टूबर को अपनी धमाकेदार




मलखंब (मलखंभ) के हैरतअंगेज प्रस्तुतियों के माध्यम से खिताब जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएंगे. प्रतियोगिता में उन्हें विजेता बनने के लिए सभी प्रदेशवासियों के आशीर्वाद स्वरूप अधिक से अधिक वोट की आवश्यकता है.राष्ट्रीय स्तर के मंच पर छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को जीतने के लिए, हमारे प्रदेश को एक नई पहचान दिलाने के लिए, छत्तीसगढ़ महतारी का मान बढ़ाने के लिए सभी प्रदेशवासियों से विनम्र अपील है कि सोनी लिव एप को डाउनलोड या अपडेट कर हमारे हुनरबाजों के पक्ष में अधिक से अधिक वोट करें और अपने अड़ोस-पड़ोस, रिश्तेदारों, यार-दोस्तों को भी वोट करवाने की अपील करें।

## सार-संक्षेप

### पीएससी की तैयारी कर रही छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**बिलासपुर ,** 6 नवंबर (देशबन्धु)। टिकरापारा में किराए के मकान में रहकर पीएससी की तैयारी कर रही छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसने एक सुसाइड नोट भी लिखा है। इसमें उसने परिवार वालों से माफी मांगी है। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर मामले को जांच में लिया है। पीएम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया गया है। रायगढ़ जिले के जुट मिल थाना अंतर्गत सरकेला में रहने वाली किरण सारथी टिकरापारा में शैलेंद्र मिरी के मकान में रहकर पीएससी की तैयारी कर रही थी। शनिवार की रात वह अपने रूम के बाहर टहल रही थी । रात करीब अगल-बगल में रहने वाली अन्य छात्राएं सोने के लिए चली गई। इसके बाद किरण भी रात करीब 10 बजे अपने कमरे में चली गई। सुबह उसके कमरे में देखा तो दरवाजा नहीं खुला। अगल बगल में रहने वालों ने उसे बाहर से आवाज दी। दरवाजा नहीं खुलने पर इसकी जानकारी मकान मालिक को दी गई। इसके बाद किसी ने कमरे में झांक कर देखा तो किरण की लाश फांसी के फंदे पर लटक रही थी । घटना की जानकारी किरण के स्वजन को दी गई। साथ ही कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इस पर पुलिस ने स्वजन की मौजूदगी में कमरा खुलवाया। कमरे में एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें उसने मां- पिता समेत अपने चार भाईयों से माफी मांगी है। इसके अलावा उसने घटना के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं होने की बात लिखी है। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है। पीएम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया गया है।

### मेमन जमात के शिविर में 75 लोगों की मेडिकल जांच



**बिलासपुर,** 6 नवंबर (देशबन्धु)। मेमन जमात के द्वारा मेडिकल ( हेल्थ चेकअप) कैम्प का आयोजन आज 5 नवंबर 2023 को मेमन जमात के कम्युनिटी हॉल में आयोजित किया गया, जिसमे 75 जेंट्स, लेडिस और बच्चो की मेडिकल जांच की गई ।मेडिकल कैम्प में डॉ आशीष शर्मा ( हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ पूजा सिंह ( स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ अनीस आकबानी ( शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ तजम्मुल हुसैन (डायबिटीज स्पेशलिस्ट) के द्वारा हेल्थ चेकअप किया गया। बिलासपुर मेमन जमात के द्वारा सभी डॉक्टर्स और हेल्थ चेकअप कैम्प की सहयोगी मेट्रोपोलिस पैथोलॉजी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस कड़ी मे सभी डॉक्टर्स को मेमन जमात के वडिल मेंबर्स और मेमन जमात कि टीम के द्वारा स्मृति चिन्ह और गिफ्ट पैक दे कर सम्मानित किया गया एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर को मेमन जमात की लेडिस विंग के हाथों स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेमन जमात के हाजी बिलाल उस्मान सलाट, मो अकरम भाभा हाजी मो इस्माईल रिजवी, मो अनवर शेखानी, मो हबीब मेमन, मेमन जमात के अध्यक्ष मो जहांगीर भाभा, मो अशरफ मेमन, हाजी मो हारून रजवी, अब्दुल हमीद दरिया, मो इमरान मेमन सीपी, हाजी मो सरफराज रजवी, मो शब्बीर दरिया, मो आसिफ मेमन, मो आदम अशरफी, मो अकरम फत्तानी, मो तौफिक दरिया, हाजी मो अनवर सलाट, मो सोहेल मेमन, मो असलम साकरिया, मो इरफान सलाट, मो अमीन मीठा एवं बड़ी संख्या मे मेमन जमात के सदस्य उपास्थित हुए।

कुम्हार पारा में विशाल रक्त दान शिविर आयोजित किया गया, जो की स्वयं तनवीर अशरफी और राष्ट्रपति सम्मानित अलीशा अंसारी राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेविका एवं पूर्व दलनायक जी के द्वारा आयोजित किया गया और बालाजी चेरिटेबल ब्लड सेंटर के सहयोग से सफल रूप से संकलित किया गया। जिसमें कुल 30 यूनिट रक्त एकत्र हुए जो की भारत सरकार के साथ मिलकर अब थैलासीमिया, सिकल एवं ब्लड कैंसर से जूझ रहे बच्चो को मुफ्त में दिया जाएगा। रक्त दाताओं के लिए हिमोग्लोबिन चेकअप एवं रक्त दान पस्चात आहार की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई। पहले रक्त दाता प्रयागराज चुटेल्या नमक व्यक्ति रहे। सभी रक्त दाताओं को रक्त मित्र कार्ड एवं गिफ्ट देकर अलीशा अंसारी द्वारा सम्मानित किया गया।

# कांग्रेस नेता पिनाल उपवेजा ने थामा 1500 कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का दामन

**बिलासपुर,** 6 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी के युवा नेता पिनाल उपवेजा के साथ 1500 लोगो ने भाजपा का दामन थाम लिया हैं। भाजपा में आने वाले सभी लोगो का भाजपा प्रत्याशी अमर अग्रवाल ने गर्मजोशी के स्वागत कर भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया। चुनाव के ठीक पहले बिलासपुर और बेलतरा विधानसभा में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा हैं। यहां से कांग्रेस पार्टी के युवा नेता पिनाल उपवेजा ने 1500 लोगो के साथ सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया हैं। भाजपा में आने वाले सभी का बिलासपुर के भाजपा प्रत्याशी अमर अग्रवाल ने गर्मजोशी के स्वागत कर भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया ।चुनाव से कुछ दिन पहले कांग्रेस में बिखराव देखने को मिला। कांग्रेस में कार्य कर रहे पिनाल उपवेजा



ने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार से त्रस्त होकर व भाजपा की नीति से प्रभावित होकर भाजपा प्रत्याशी अमर अग्रवाल के समक्ष भाजपा में प्रवेश कर लिया ।वही पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने मंच से लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की गलत नीतियों के चलते लोग भाजपा पर पूरा भरोसा कर रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही सभी गरीब परिवार को आवास देने का काम उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। इसके साथ ही भाजपा में प्रवेश करने वाले सभी लोगो का उन्होंने दिली आभार जताया। पिनाल उपवेजा के चुनाव से पहले भाजपा ज्वाइन करने के बाद कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है पिनाल उपवेजा बिलासपुर और बेलतरा में सक्रिय रहे हैं जिसका फायदा अब भाजपा को मिलेगा। पिनाल के भाजपा प्रवेश करने से कांग्रेस नेताओं की चिंता बढ़ा दी है। अब देखना होगा कि बिलासपुर और बेलतरा के लिए पिनाल का भाजपा प्रवेश करना कितना कारगर साबित होता है।

# काशी में चतुर्थ दिवसीय संस्कृति संसद का राष्ट्रीय महासम्मेलन विचार मंथन सानंद संपन्न



**बिलासपुर ,** 6 नवंबर( देशबन्धु)। काशी में चतुर्थ दिवसीय संस्कृति संसद का राष्ट्रीय महासम्मेलन मे सम्मिलित होकर बिलासपुर लौटे पीताम्बरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि अयोध्या श्री रामजन्म भूमि आंदोलन के अमर हुतात्माओ की आत्मशांति हेतु भगवान काशी विश्वनाथ के अभिषेक से आरंभ हुआ समस्त भारत वर्ष से पधारे एक सौ सत्ताइस संप्रदायो के संतो मनीषियों आचार्यों महापुरुषों ने भगवान से बलिदानियों के आत्ममोक्ष हेतु प्रार्थना की माँ गंगा पूजन के साथ आरंभ हुए अनुष्ठान में 15 सौ से अधिक संतो ने आशुतोष महादेव का अभिषेक किया। इस समस्त आयोजन में सनातन संस्कृति धर्म ,के शुभ संकल्पों के साथ राष्ट्र के प्रति कर्तव्य के साथ समाज के हित कानून ,महिला शक्ति,युवा शक्ति ,का समाज राष्ट्र सनातन के संदर्भ में योगदान आदि अनेकों राष्ट्र निर्माण के विषयो पर संतो, मनीषियों,आचार्यों, बुद्धिजीवियों ,समाज चिंतकों ,सहित विदुषियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# जिला कार्यालय एवं प्रशिक्षण स्थलों में सुविधा केन्द्र की स्थापना

### चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी कर सकते हैं डाक मतदान

**बिलासपुर** 6 नवम्बर (देशबन्धु)। मतदान ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के मताधिकार का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सुविधा केन्द्रों की स्थापना की गई है। ये केन्द्र जिला कार्यालय सहित सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण स्थल पर बनाये गये हैं। इन केन्द्रों पर डाक मतपत्र से मतदान सहित संपूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने मतदान ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों को डाक मतपत्र के जरिए अपने मताधिकार का उपयोग करने का आह्वान किया है।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदान दलों के दूसरे चरण के प्रशिक्षण के लिए निर्धारित स्थलों पर 7 से 9 नवम्बर तक सुविधा केन्द्र क्रियाशील रहेंगे। इस दौरान प्रतिदिन सवेरे साढ़े 10 बजे से 4.30 बजे तक डाक मतपत्र भराने एवं जमा कराने का कार्य होगा। इसके अलावा जिला कार्यालय परिसर में 10 से 14 नवम्बर तक मंथन सभाकक्ष के ऊपर बड़े हॉल में सुविधा केन्द्र बनाया गया है। कार्यालयीन दिवसों में यहां डाक मतपत्र से मतदान एवं मार्गदर्शन दिया जायेगा। मतदान ड्यूटी में लगे अधिकारियों को फार्म 12 भरकर जमा करने पर ही डाक मतपत्र इश्यू किये जाते हैं। जिन ड्यूटीरत लोगों ने फार्म 12 इश्यू नहीं कराये हैं, वे अंतिम तिथि 10 नवम्बर तक इश्यू कराकर मतदान कर सकते हैं। इसके अलावा जो कर्मी बिलासपुर जिले के मतदाता तो हैं, लेकिन अन्य जिलों में पदस्थ होने के कारण वहां मतदान ड्यूटी में हैं, तो वे भी इन सुविधा केन्द्रों पर मतदान कर सकते हैं। मतदान के उपरांत प्रतिदिन डाक मतपेटी को जिला कोषालय में सुरक्षित रखा जायेगा। राजनीतिक दल के पदाधिकारी एवं प्रत्याशी उपस्थित होकर डाक मतदान की प्रक्रिया का अवलोकन कर सकते है।

# भारतीय ज्योतिष, काल गणना, वर्णमाला, खान-पान, वेशभूषा, परम्पराए वैज्ञानिक कसौटी में सही - ललित

**बिलासपुर,** 6 नवंबर (देशबन्धु)। एसईसीआर हायर सेकेंडरी स्कूल मे विद्यार्थियों को हिंदुत्व में विज्ञान पर जानकारी देते हुए ललित अग्रवाल ने बताया कि हिंदू, धर्म व हिंदुत्व को सही (वास्तविक) परिपेक्ष्य में समझने की आवश्यकता है। भारत में हिमालय से निकलने वाली बारह मासी नदियों का बाहुल्य होने से इसे सिंधुस्थान कहां जाता था। भाषा मुखसुख खोजती हैं। जैसे सप्ताह का हप्ता हुए वैसे ही कालांतर में यहीं अपभ्रंश होकर हिंदुस्थान हुआ तथा यहाँ रहने वाले हिंदू कहलाये। धर्म का अभिप्राय: किसी भी पूजा पध्दति से नहीं होता। वरन यह करणीय अकरणीय की कसौटियों का मापदंड होता हैं। जैसे प्यासे को पानी पिलाना, गरीबों की मदद करना, रोगी, असहाय की सेवा करना मानव धर्म हैं। अत: भारत मे रहने वाले प्रत्येक सहृदय मानव हिंदू हैं। उनके पंथ पूजा



पध्दति अलग अलग हो सकती हैं। अब प्रश्न उठता हैं कि हिंदुत्व क्या हैं। तो हिंदुओ के प्रत्येक सद्गुण यथा नारी का सम्मान, सहअस्तित्व में विश्वास, सर्वे भवंतु सुखिन:, जिओ और जीने दो, सभी को अपने अपने तरीके से ईश पूजा करने देना। बड़ो का आदर करना। भारतीय संस्कृति व संस्कार को अक्षुण रखना आदि ही हिंदुत्व के सद्गुण हैं। हिंदुत्व में विज्ञान पर विस्तृत जानकारी देते हुए ललित अग्रवाल ने बताया कि अनादि काल से हमारे पूर्वज ज्योतिष, काल गणना, आयुर्वेद, स्थापत्यकला में निपुण थे।

तभी तो ढाका के मलमल की साड़ी एक माचिस में तह कर रखी जा सकती थी। तब भी पुष्पक विमान होते थे। तभी हमने ग्रहों , नक्षत्रों की सटीक गणना कर ली थी। काल गणना पर विशेष जानकारी देते हुए श्री अग्रवाल ने बताया कि साल में दो बार दिन रात बराबर होते हैं। तथा दो बार दोनों में अंतर अधिक होता हैं। उसमे भी केवल 21 मार्च से दिन बढ़ते हैं व रात छोटी होती हैं। भारतीय तिथियों के अनुरूप चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही नववर्ष शुरू होता हैं। पहले 1 जनवरी को नववर्ष नहीं होता था। अपनी बात प्रमाणित करने हेतु उन्होंने बताया कि अंग्रेजी कहावत में मार्च ऑन आगे बढ़ने का प्रतीक हैं।

# अक्षिता एक सेफ बबल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की अभिनव पहल

## प्लेटफार्म पर प्रतीक्षारत महिला यात्रियों के लिए सुविधायुक्त सहित चिन्हित स्थान

### 9 महत्वपूर्ण स्टेशनों पर अक्षिता एक सेफ बबल का सफल क्रियान्वयन

**बिलासपुर ,** 6 नवंबर( देशबन्धु)। देश की धड़कन भारतीय रेलवे प्रतिदिन लाखों यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाती है । यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा तथा संरक्षा के साथ ट्रेन परिचालन रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है । करोड़ों यात्रियों में देश की आधी आबादी महिलाएं भी सम्मिलित हैं । रेलवे निरंतर सुविधाओं को आधुनिक तथा उन्नत बनाने के दिशा में अग्रसर है । यात्री केन्द्रित सुविधा का विकास तथा उनसे फीडबैक के आधार पर सुविधाओं को सरल एवं सहज बनाने का प्रयास लगातार जारी है । इसके अंतर्गत रेलवे ने महिला यात्रियों के लिए स्टेशनों एवं विशेषतया प्लेटफार्मों पर विशेष सुविधा का प्रावधान किया है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने एक अभिनव पहल करते हुए प्लेटफार्म पर प्रतीक्षारत महिला यात्रियों के लिए अक्षिता नाम से एक उपयुक्त स्थान को चिन्हांकित किया है जिसमें ट्रेन की प्रतीक्षा के दौरान महिला यात्रियों के लिए बैठने की सुविधा के साथ अन्य उपयुक्त सुविधा दी है।




महिला सशक्तिकरण की दिशा एक कदम और आगे बढ़ते हुए अकेली महिला यात्रियों को रेलवे प्लेटफार्म पर प्रतीक्षा के दौरान एक ऐसी जगह उपलब्ध कराना था जहां कि वो अपने आप को सुरक्षित महसूस करे । इसी उद्देश्य के दृष्टिगत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अपने 09 महत्वपूर्ण स्टेशनों बिलासपुर, रायपुर, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, अनुपपुर, गोंदिया, रायगढ़, दुर्ग एवं भिलाई स्टेशनों के सामान्यतया प्लेटफार्म नंबर 01 पर एक ऐसे जगह को चिन्हांकित किया जो कि प्लेटफार्म के लगभग मध्य स्थित हो, रेलवे सुरक्षा बल के पोस्ट, स्टेशन मास्टर आदि रेल कार्यालय के निकट हो । यहां अनिवार्यतया सीसीटीवी कैमरे लगें हो, पानी आदि की सुविधा निकट हो । इन स्टेशनों पर उपर्युक्त संदर्भित सुविधाओं को देखते हुए ऐसे स्थानों को चिन्हाकित कर उन्हें बैरिकेट कर एक सेफ बबल का निर्माण किया गया । इन स्थानों पर रेलवे सुरक्षा बल की महिला कर्मी लगातार निगरानी करती हैं । इसमें पुरुष यात्रियों का प्रवेश वर्जित रहता है जिसके कारण अकेली प्रतीक्षारत महिलाएं सहज भाव से बिना किसी हिचक के आराम के साथ प्लेटफार्म पर अपना प्रतीक्षा समय व्यतीत करती है । चिन्हांकित स्थान होने के कारण प्रत्येक रेलकर्मी की नजर इस सेफ बबल पर रहती है जिससे यह स्थान महिलाओं के लिए सुरक्षात्मक दृष्टि से उपयुक्त है । सीसीटीवी कैमरे की नजर में इस स्थान के रहने से रेलवे सुरक्षा बल नियंत्रण कार्यालय लगातार इस पर अपनी नजर रखता है । यह स्थान काँच की दीवार से बैरिकेट होने के कारण सभी तरफ से द्रष्टव्य है । केवल महिलाओं की उपस्थिति उनमें पारस्परिक विश्वास पैदा करता है । अकेली महिलाओं के लिए यह स्थान अन्य महिलाओं के बीच तत्काल पहुँच उपलब्ध कराती है । अक्षिता सेफ बबल की सबसे महत्वपूर्ण बातें यह है कि यह सेफ बबल मौजूदा सुविधाओं का उपयोग करके ही बनाया गया केन्द्र बिन्दु है जिसमें कोई अतिरिक्त लागत नही लगी है तथा इसके अनुरक्षण में किसी भी अतिरिक्त लागत की आवश्यकता नहीं है। अक्षिता स्टेशन पर प्रतीक्षारत महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करता है तथा रेल यात्रा के प्रति उनके विश्वास को और मजबूत करता है । कुल मिलाकर यह महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की अभिनव, अनूठी एवं सार्थक पहल है ।

**NECC**

| 07.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 530 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 95 | 195 |

डिलीवरी 545 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188